

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 78 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 27 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## म्यांमार में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का समर्थन करता है भारत: विदेश मंत्रालय

भारत ने शुक्रवार को म्यांमार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा समावेशी चुनावों के प्रति अपना समर्थन दोहराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत म्यांमार में शांति, स्थिरता और सामान्य स्थिति की वापसी के पक्ष में है। नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत म्यांमार में लोकतांत्रिक संक्रमण का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, "म्यांमार में चुनाव होने जा रहे हैं। हम ऐसे स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनावों का समर्थन करते हैं, जिनमें सभी की भागीदारी हो। भारत म्यांमार में शांति, स्थिरता और सामान्य स्थिति की बहाली के पक्ष में खड़ा है।"

जब उनसे यह पूछा गया कि क्या भारत म्यांमार में होने वाले चुनावों के लिए पर्यवेक्षक भेजेगा, तो जायसवाल ने कहा कि इस संबंध में फिलहाल उनके पास कोई जानकारी नहीं है और वह बाद में इस पर अपडेट देंगे।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 बिलियन डॉलर बढ़कर 693.31 बिलियन डॉलर हुआ



**नई दिल्ली** 26 दिसंबर 2025। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते में 4.368 बिलियन डॉलर बढ़कर 693.318 बिलियन डॉलर हो गया है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से शुक्रवार को दी गई। इससे पहले के हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688.94 बिलियन डॉलर था और इसमें 1.689 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि 19 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते में फॉरेन करेंसी एसेट्स की वैल्यू 1.641 बिलियन डॉलर बढ़कर 559.428 बिलियन डॉलर हो गई है।

इस दौरान सोने के भंडार में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। केंद्रीय बैंक के पास सोने के भंडार की वैल्यू 2.623 बिलियन डॉलर बढ़कर 110.365 बिलियन डॉलर हो गई है। एसडीआर की वैल्यू 8 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.744 बिलियन डॉलर हो गई है। इसके अलावा, आईएमएफ के पास रिजर्व पॉजिशन की हिस्सेदारी 95 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.782 बिलियन डॉलर हो गई है।

किसी भी देश की लिए उसका विदेशी मुद्रा भंडार काफी महत्वपूर्ण होता है और इससे उस देश की आर्थिक स्थिति का पता लगता है। इससे अलावा यह मुद्रा की विनिमय दर को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाता है। उदाहरण के लिए अगर किसी स्थिति में डॉलर के मुकाबले रुपए पर अधिक दबाव देखने को मिलता है और उसकी वैल्यू कम होती है तो केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर डॉलर के मुकाबले रुपए को गिरने से रोक सकता है और विनिमय दर को स्थिर रखता है।

बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार यह भी दिखाता है कि देश में डॉलर की आवक बड़ी मात्रा में बनी हुई है और यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। साथ ही इसके बढ़ने से देश के लिए विदेशों में व्यापार करना भी आसान हो जाता है।

# वीर बाल दिवस श्रद्धा और साहस का प्रतीक: प्रधानमंत्री मोदी




समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस श्रद्धा का वह दिन है, जो बहादुर साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने के लिए समर्पित है।

### वीर बाल दिवस साहस, दृढ़ विश्वास और धर्मपरायणता का प्रतीक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो बहादुर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। हम माता गुजरी जी के अटूट विश्वास और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की अमर शिक्षाओं को स्मरण करते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि वीर बाल दिवस साहस, दृढ़ विश्वास और धर्मपरायणता का प्रतीक है। साहिबजादों का जीवन और उनके आदर्श पीढ़ियों तक लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

### पीयूष गोयल ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के अमर बलिदान को किया शत-शत नमन

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के अमर बलिदान को शत-शत नमन करते हुए कहा कि कम आयु में धर्म, सत्य और साहस की जो मिसाल उन्होंने पेश की, वह युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

### रेखा गुप्ता ने किया वीर साहिबजादों की अमर शहादत को नमन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि वीर बाल दिवस देश, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों वीर साहिबजादों की अमर शहादत को नमन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस केवल इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी में संस्कार, साहस और राष्ट्रबोध के निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प है।

### साहिबजादों का बलिदान युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा बना रहेगा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान देने वाले साहिबजादों का अदम्य साहस, त्याग और देशप्रेम हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े रहने की शक्ति देता है। उनका बलिदान युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा बना रहेगा।

# अयोध्या: 31 दिसंबर को मनाई जाएगी श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

समाज जागरण

रामनगरी अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ आगामी 31 दिसंबर 2025 को श्रद्धा, भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जाएगी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को संपन्न हुई थी, लेकिन वर्षगांठ का निर्धारण हिंदू पंचांग के अनुसार किया जा रहा है।

इसी परंपरा के तहत पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई गई थी। दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की



शुरूआत 27 दिसंबर 2025 से होगी। मुख्य समारोह 31 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जबकि पूजन-अनुष्ठान और अन्य धार्मिक कार्यक्रम 2 जनवरी 2026 तक चलते रहेंगे। इस भव्य आयोजन में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। पूजन-अनुष्ठान जगद्गुरु मध्वाचार्य जी की देखरेख में संपन्न कराए जाएंगे।

कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 29 दिसंबर से सांस्कृतिक आयोजनों की शुरूआत होगी, जिसमें विविध धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुव्यवस्थित आवागमन को ध्यान में रखते हुए अंगद टीला तक पहुंचने के लिए सुग्रीव पथ से आने-जाने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में 31 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण भी करेंगे। वे प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े गोपाल जी ने आयोजित कार्यकताओं की बैठक में इन कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रामनगरी में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत और सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। इसके बाद 25 नवंबर की तिथि इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गई। सीएम योगी ने पीएम मोदी को राम की प्रतिमा भेंट की। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद रहे।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 367 अंक लुढ़का, निफ्टी 26,050 के नीचे



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में बीएसई सेंसेक्स 367.25 अंक या 0.43% की गिरावट के साथ 85,041.45 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 99.80 अंक या 0.38% फिसलकर 26,042.30 के स्तर पर आ गया।

### बाजार पर दबाव बनाने में आईटी शेयरों की प्रमुख भूमिका

बाजार पर दबाव बनाने में आईटी शेयरों की प्रमुख भूमिका रही। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1% की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और कंजम्पशन सेक्टर भी लाल निशान में रहे। दूसरी ओर एफएमसीजी, मेटल और कमोडिटीज सेक्टर हरे निशान में बंद हुए।

### मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी कमजोरी देखने को मिली

लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 136.90 अंक या 0.23% की गिरावट के साथ 60,314.45 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 13.50 अंक फिसलकर 17,695.10 पर बंद हुआ।

### टाइटन, एनटीपीसी, एचयूएल, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स रहे

सेंसेक्स पैक में टाइटन, एनटीपीसी, एचयूएल, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स रहे। वहीं बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टीसीएस, इटरनल, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एमएंडएम और एचडीएफसी बैंक लूजर्स में शामिल रहे।

वृहद बाजार में भी कमजोरी का माहौल रहा, जहां गिरने वाले शेयरों की संख्या बढ़ने वाले शेयरों से अधिक रही।

### विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर दबाव

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, घरेलू इक्विटी बाजार में गिरावट की वजह साल के अंत में कम ट्रेडिंग वॉल्यूम और हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली रही। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर दबाव बना रहा। अमेरिका-भारत के बीच संभावित ट्रेड डील को लेकर बढ़ता इंतजार भी निवेशकों में अनिश्चितता पैदा कर रहा है।

### शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में कारोबार करते नजर आए

शुक्रवार को बाजार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में कारोबार करते नजर आए थे। (इनपुटः आईएएनएस)

## लखनऊ में विधायकों की बैठक पर बवाल, ब्रजभूषण शरण सिंह ने किया समर्थन

समाज जागरण

लखनऊ, 26 दिसंबर 2025: लखनऊ में हाल ही में आयोजित एक बैठक में लगभग 40-45 विधायक शामिल हुए। मूलतः बैठक का उद्देश्य केवल चर्चा और अनुशासन का पाठ पढ़ाना था, लेकिन इसके बाद इस पर राजनीतिक बवाल मच गया।

पूर्व सांसद और भाजपा नेता ब्रजभूषण शरण सिंह ने इस बैठक के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि बैठक में कुछ भी गलत नहीं हुआ और इसे केवल अनुशासन सुनिश्चित करने




के लिए आयोजित किया गया था।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बैठक के बाद मची हलचल पार्टी में अनुशासन और नेतृत्व के प्रति संदेश देने की प्रक्रिया को लेकर विवाद का रूप ले रही है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में हिंदी बनेगी मैरिट की चाबी

समाज जागरण

मिर्जापुरः यूपी बोर्ड परीक्षा नजदीक है और छात्र जोर-शोर से अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं. अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्र हिंदी विषय को कमजोर मानकर छोड़ देते हैं, जिसका सीधा असर उनकी मैरिट और अंकपत्र पर पड़ता है. हिंदी में कम नंबर आने से कुल प्रतिशत घट जाता है. अगर छात्र थोड़ी रणनीति और सही दिशा में तैयारी करें, तो हिंदी में भी भरपूर अंक हासिल किए जा सकते हैं.



हिंदी है आसान और रोचक विषय जेएस जुबली कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. रमाशंकर शुक्ल ने बताया कि हिंदी एक बेहद रोचक और सरल विषय है. पहले की तुलना में हिंदी का पाठ्यक्रम अब काफी सीमित और व्यवस्थित हो गया है. इसमें गद्य, कहानी, काव्य, संस्कृति दिग्दर्शिका और व्याकरण के भाग शामिल हैं. अगर छात्र क्रमबद्ध तरीके से पढ़ाई करें, तो हिंदी में अच्छे अंक पाना बिल्कुल मुश्किल नहीं है.

### पाठ्यक्रम को समझकर करें तैयारी

डॉ. शुक्ल ने बताया कि हिंदी में अपठित गद्यांश, व्याकरण, शब्द रूप, धातु रूप, संधि, प्रत्यय, उपसर्ग, समास, रस, छंद और अलंकार से प्रश्न पूछे जाते हैं. बच्चों को पहले पूरे सिलेबस की स्पष्ट समझ बनानी चाहिए. अब प्रश्नों का पैटर्न भी बदल चुका है, इसलिए पुराने तरीके से नहीं, बल्कि नए पैटर्न के अनुसार तैयारी करना जरूरी है.

## भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जताया विरोध

समाज जागरण

वाराणसी, 26 दिसंबर 2025: उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा ब्राह्मण विधायकों की हालिया बैठक को लेकर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ब्राह्मण विधायकों का अपमान किया, वह स्वीकार्य नहीं है। उनके अनुसार, अन्य जातियों की बैठक पर किसी प्रकार की कार्रवाई की बात नहीं की गई, लेकिन ब्राह्मण समाज के विधायकों को विशेष रूप से टारगेट कर कार्रवाई की धमकी दी जा रही है।

अजय राय ने स्पष्ट किया कि इस मामले में विधायकों को मजबूत रुख अपनाना चाहिए, और कांग्रेस पार्टी अन्याय के खिलाफ उनके समर्थन में खड़ी रहेगी।



उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई न केवल पार्टी अनुशासन के दृष्टिकोण से सवाल उठाती है, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों पर भी असर डालती है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ब्राह्मण समाज की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है, और इस तरह के विवाद चुनावी माहौल पर असर डाल सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप से दोनों ही पार्टियों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ सकता है।

# दीप्ति-शेफाली-रेणुका के आगे श्रीलंका का सरेंडर, जीत की हैट्रिक लगाकर भारत का सीरीज पर कब्जा

समाज जागरण

नई दिल्ली. जीत की हैट्रिक लगाकर भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज पर कब्जा जमा लिया. 5 मैचों की इस टी20 इंटरनेशनल सीरीज में टीम इंडिया के पास 3-0 की अजेय बढ़त हो गई है. तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में तीसरा टी20 मुकाबला हुआ, जिसे भारत ने 8 विकेट से जीता. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान टीम को रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने 112/7 रन पर ही रोक दिया. आसान से लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा की तूफानी अर्धशतकीय पारी से भारत ने 13.2 ओवर में ही 115 रन बनाकर जीत हासिल कर ली.

### शेफाली ने खेली तूफानी पारी

शेफाली वर्मा ने पिछले मैच की तरह इस मैच में भी तूफानी पारी खेली. शेफाली ने सिर्फ 42 गेंदों में 188 के घातक स्ट्राइक रेट से नाबाद 79 रन ठोके, जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. विजयी चौका उनके ही बल्ले से आया. स्मृति मंधाना और जेमिमा सस्ते में आउट हो गईं, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शेफाली का साथ निभाते हुए टीम को जीत की दहलीज पार कराई. हरमन ने नॉटआउट 21 रन बनाए. शेफाली ने अपनी फिफ्टी सिर्फ 24 गेंदों में पूरी की, जो महिला क्रिकेट में भारत के लिए पांचवीं सबसे तेज है. भारत के लिए महिला क्रिकेट में इस फॉर्मेट में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष




के नाम है. उन्होंने सिर्फ 18 गेंदों में 50 रन ठोक दिए थे.

### रेणुका-दीप्ति ने गेंद से किया कमाल

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंकाई टीम पर कहर बनकर टूटीं रेणुका सिंह ठाकुर और दीप्ति शर्मा. तेज गेंदबाज रेणुका सिंह के चार विकेट और स्पिन गेंदबाजी करने वालीं ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के तीन विकेट झटकने से श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 112 रन ही बना सकी. श्रीलंका के लिए इमेशा दुलानी 27 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं. उनके अलावा हसिनी परेरा ने 25 रन, कविशा दिलहारी ने 20 रन और कौशिनी नुत्यांगना ने नाबाद 19 रन बनाए. भारत के लिए रेणुका ने चार ओवर में एक मेडन से 21 रन देकर चार, जबकि दीप्ति ने अपने स्पिन के जाल से 18 रन देकर तीन विकेट झटके.

# तिरुवनंतपुरम में सत्ता परिवर्तन 45 साल का वाम राज खत्म भाजपा के हाथ नगर निगम

**संजय सक्सेना,लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार**

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में नगर निगम चुनाव के नतीजों ने राज्य की राजनीति में बड़ा संदेश दे दिया है। 45 वर्षों से जिस नगर निगम पर वाम दलों का दबदबा रहा, वहां पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और कोडुंगनूर वार्ड से पार्षद वीवी राजेश का मेयर चुना जाना केवल एक



पद की जीत नहीं, बल्कि उस राजनीतिक बदलाव का संकेत है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक केरल की राजनीति में होती रहेगी। नगर निगम के मेयर चुनाव में वीवी राजेश को 51 वोट मिले, जबकि एलडीएफ उम्मीदवार को 29 और कांग्रेस नीत यूडीएफ के प्रत्याशी को 17 वोटों से संतोष करना पड़ा। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा ने 50 सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया। यह आंकड़ा इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे पहले भाजपा कभी इस निगम में सबसे बड़ी पार्टी नहीं बन पाई थी। कांग्रेस नीत यूडीएफ ने भी पिछली बार की तुलना में सीटें बढ़ाईं, लेकिन सत्ता की कुर्सी उससे दूर ही रही। वहीं, वाम दलों के लिए यह नतीजा सबसे बड़ा झटका साबित हुआ, क्योंकि चार दशकों से अधिक समय तक नगर निगम उनकी राजनीतिक ताकत का प्रतीक रहा है।

मेयर चुने जाने के बाद वीवी राजेश ने इसे ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम में आया यह बदलाव पूरे केरल की राजनीति की दिशा बदलने की क्षमता रखता है। राजेश ने भरोसा दिलाया कि उनका कामकाज ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल की भावना पर आधारित होगा और निगम के सभी 101 वार्डों में समान रूप से विकास योजनाएं लागू की जाएंगी। उनका कहना है कि शहर को देश के विकसित और आधुनिक शहरों की सूची में शामिल करना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। भाजपा ने मेयर पद के साथ उपमेयर पद के लिए भी अपना चेहरा तय किया है। पार्टी ने आशा नाथ को उपमेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा से पहले प्रदेश और जिला स्तर पर लंबी चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सेवानिवृत्त डीजीपी आर श्रीलेखा के नाम पर भी मेयर पद के लिए विचार हुआ था, लेकिन संगठन के एक वर्ग के विरोध के चलते सहमति नहीं बन पाई। अंततः संगठनात्मक अनुभव और पार्षदों के समर्थन को देखते हुए वीवी राजेश को आगे किया गया।

इस जीत को भाजपा नेतृत्व जनता की नाराजगी और बदलाव की चाह से जोड़कर देख रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पिछले कई वर्षों में नगर निगम बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम रहा। नालों की सफाई, पेयजल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन और सड़कों की हालत जैसे मुद्दे लगातार जनता के बीच चर्चा में रहे। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने इन्हीं मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और आरोप लगाया कि निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया था। इसका असर वोटिंग पैटर्न पर साफ दिखा। केंद्रीय मंत्री और तिरुवनंतपुरम से सांसद सुरेश गोपी ने इस जीत को शहर के लोगों के लिए ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार विकास कार्य होंगे। सुरेश गोपी ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ तिरुवनंतपुरम को मिलेगा और नए मेयर को राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर पूरा सहयोग दिया जाएगा। शुरूआती योजनाओं में सड़कों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था में सुधार और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के प्रोजेक्ट शामिल बताए गए हैं।

केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने भी इस नतीजे को बड़ा बदलाव करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीएम ने कांग्रेस की अंदरूनी मदद से वर्षों तक नगर निगम को अपने नियंत्रण में रखा और विकास के नाम पर बहुत कम काम हुआ। उनका कहना है कि 45 साल में भी पानी, कचरा और जल निकासी जैसी बुनियादी समस्याएं हल नहीं हो पाईं। अब जब जनता ने भाजपा को मौका दिया है, तो काम आज से ही शुरू होगा और लक्ष्य तिरुवनंतपुरम को देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल करना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राजधानी में भाजपा की यह जीत आने वाले स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है। केरल की राजनीति लंबे समय से वाम दलों और कांग्रेस गठबंधन के बीच सिमटी रही है। ऐसे में तिरुवनंतपुरम जैसे अहम शहर में भाजपा की जीत नए राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा करती है। यह भी माना जा रहा है कि इस नतीजे का असर सिर्फ राजधानी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे राज्य में भाजपा के संगठन को मजबूती मिलेगी।

नगर निगम के भीतर अब नई जिम्मेदारियां और चुनौतियां भी होंगी। शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है और उसके साथ ही बुनियादी ढांचे पर दबाव भी बढ़ा है। नए मेयर के सामने साफ-सफाई, ट्रैफिक जाम, जलभराव और कचरा निस्तारण जैसी समस्याओं से निपटना बड़ी चुनौती होगी। वीवी राजेश ने संकेत दिए हैं कि इन मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा और पारदर्शिता पर जोर रहेगा। कुल मिलाकर, तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की सत्ता में एंट्री और वीवी राजेश का मेयर बनना केरल की राजनीति में एक बड़ा मोड़ है। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि उस बदलाव की शुरूआत मानी जा रही है, जिसकी आहट अब राज्य की राजनीति में साफ सुनाई देने लगी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस ऐतिहासिक मौके को विकास और सुशासन में कैसे बदलती है।

# अनुशासन का जाति-प्रमाण पत्र

पार्टी कहती है—हम सब
बराबर हैं,
बस कुछ बराबरी ज्यादा न
दिखाएँ।
बैठक हुई, चर्चा हुई,
पर सवाल उठे तो जाति याद
आ गई।
अनुशासन का डंडा निकला,
पर वह भी चुन-चुन कर चला।
जो चुप रहे, वे राष्ट्रवादी,
जो बोले, वे अनुशासनहीन।
कहते हैं—भेदभाव नहीं है,
बस निशाना वही है जो दिखता
है।
राजनीति में अब सिद्धांत नहीं,
जाति-प्रमाण पत्र देखकर संस्कार
सिखाए जाते हैं।

## प्रकाश पर्व विशेष-
# गुरु गोबिंद सिंह का शौर्यपूर्ण जीवन और उनका प्रेरक संदेश

**- महेन्द्र तिवारी**

गुरु गोबिंद सिंह जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय चेतना के इतिहास में अंकित वह प्रकाश बिंदु है, जहाँ आस्था, साहस और सामाजिक न्याय एक साथ खड़े दिखाई देते हैं। गुरु गोबिंद सिंह जयंती सिख समुदाय के लिए श्रद्धा का दिवस है, पर उसका संदेश पूरे समाज के लिए उतना ही व्यापक और कालातीत है। यह पर्व हमें उस विरासत की याद दिलाता है, जिसने अन्याय के विरुद्ध खड़े होने को धर्म, और मानव गरिमा की रक्षा को सर्वोच्च कर्तव्य घोषित किया।

गुरु गोबिंद सिंह का जन्म सत्रहवीं शताब्दी के उस दौर में हुआ, जब भारतीय समाज धार्मिक उत्पीड़न, सामाजिक असमानता और सत्ता के दमन से जूझ रहा था। पटना साहिब में जन्मे इस बालक ने बहुत कम आयु में जीवन की सबसे कठोर सच्चाइयों का सामना किया। उनके पिता गुरु तेग बहादुर ने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए दिल्ली में प्राणोत्सर्ग किया। यह केवल एक व्यक्ति की शहादत नहीं थी, बल्कि विवेक और अंतरात्मा की स्वतंत्रता के पक्ष में दिया गया ऐतिहासिक वक्तव्य था। उसी विरासत को आगे बढ़ाने का दायित्व बालक गोबिंद राय के कंधों पर आ गया, जिसने आगे चलकर इतिहास की दिशा ही बदल दी।

गुरु गोबिंद सिंह का व्यक्तित्व किसी एक परिभाषा में नहीं बंधता। वे संत थे, परंतु संन्यासी नहीं; योद्धा थे, परंतु आक्रामक नहीं; कवि थे, परंतु कल्पनालोक में विचरण करने वाले नहीं। उनके लिए भक्ति और वीरता एक-दूसरे के विरोधी नहीं थे, बल्कि एक ही सत्य के दो रूप थे। उनकी वाणी में जहां ईश्वर की स्तुति है, वहीं अन्याय के विरुद्ध तलवार उठाने का नैतिक साहस भी। यही संत-सिपाही की अवधारणा सिख परंपरा की आत्मा बनी।




खालसा पंथ की स्थापना केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं थी, बल्कि वह सामाजिक क्रांति थी, जिसने जाति, ऊँच-नीच और भय की जड़ों पर सीधा प्रहार किया। 1699 की बैसाखी पर गुरु गोबिंद सिंह ने जब अपने अनुयायियों से शीश माँगा, तब वह एक असाधारण परीक्षा थी–आस्था, साहस और समर्पण की। पंज प्यारों का चयन किसी जाति, क्षेत्र या हैसियत के आधार पर नहीं हुआ। यह स्पष्ट संदेश था कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म और चरित्र से होती है, जन्म से नहीं। 'सिंह' और 'कौर' जैसे उपनामों ने सामाजिक बराबरी को केवल उपदेश नहीं, बल्कि जीवन-पद्धति बना दिया।

गुरु गोबिंद सिंह का जीवन संघर्षों से भरा रहा। मुगल सत्ता और पहाड़ी राजाओं से हुए युद्ध केवल राजनीतिक टकराव नहीं थे, बल्कि आत्मसम्मान और अस्तित्व की रक्षा के प्रयास थे। उनके चारों पुत्रों का बलिदान भारतीय इतिहास की सबसे मार्मिक और प्रेरक घटनाओं में गिना जाता है। छोटे साहिबजादों का सरहिंद में जीवित दीवार में चिनवाया जाना केवल क्रूरता का उदाहरण नहीं, बल्कि यह दिखाता है कि सत्ता जब भयभीत होती है, तो वह किस हद तक गिर सकती है। इन बलिदानों के बावजूद गुरु गोबिंद सिंह का विश्वास डगमगाया नहीं। उन्होंने शोक को भी शक्ति में बदला।

उनकी सबसे दूरदर्शी और ऐतिहासिक घोषणा थी–गुरु ग्रंथ साहिब को सिखों का अंतिम और शाश्वत गुरु घोषित करना। यह निर्णय किसी व्यक्ति-पूजा को समाप्त कर विचार और मूल्य-पूजा की स्थापना था। इससे सिख परंपरा में लोकतांत्रिक और नैतिक आधार और मजबूत हुआ। यह संदेश स्पष्ट था कि गुरु अब किसी शरीर में नहीं, बल्कि शब्द, विवेक और सत्य में वास करता है।

आज, जब हम गुरु गोबिंद सिंह जयंती मनाते हैं, तो प्रश्न केवल अतीत को स्मरण करने का नहीं, बल्कि वर्तमान को परखने का भी है। क्या हम उनके संदेश को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित कर रहे हैं, या उसे सामाजिक व्यवहार में उतार पा रहे हैं? समानता, निडरता, सेवा और न्याय–ये मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, शायद उससे भी अधिक। जब समाज में फिर से भेदभाव, हिंसा और असहिष्णुता सिर उठा रही है, तब गुरु गोबिंद सिंह का विचार हमें साहसिक नैतिकता की याद दिलाता है।

जयंती के अवसर पर गुरुद्वारों में होने वाला लंगर केवल भोजन नहीं, बल्कि समानता का जीवंत प्रतीक है। एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करना उस समाज की कल्पना है, जहाँ कोई छोटा-बड़ा नहीं। नगर कीर्तन, शबद कीर्तन और सेवा कार्य केवल धार्मिक गतिविधियाँ नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना के उत्सव हैं। यह परंपराएँ बताती हैं कि धर्म यदि समाज को जोड़ता नहीं, तो वह अधूरा है।

गुरु गोबिंद सिंह की विरासत केवल सिख समुदाय तक सीमित नहीं रही। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत की सामाजिक चेतना तक, खालसा परंपरा ने साहस और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यही कारण है कि उनका स्मरण राष्ट्रीय स्मृति का हिस्सा है। वे केवल एक धर्मगुरु नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के प्रहरी थे।

अंततः गुरु गोबिंद सिंह जयंती हमें यह सोचने का अवसर देती है कि क्या हम अन्याय के सामने मौन हैं या सत्य के साथ खड़े होने का साहस रखते हैं। क्या हमारी आस्था हमें अधिक मानवीय बनाती है, या केवल पहचान तक सीमित रह जाती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि धर्म का वास्तविक स्वरूप भय नहीं, बल्कि निर्भीक करुणा है। यही गुरु गोबिंद सिंह की अमर विरासत है–जो हर युग में प्रकाश देती रहेगी।

# कर्नाटक का एंटी-हेट बिल नफरत रोकने की मंशा या अभिव्यक्ति पर सियासी शिकंजा?

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

कर्नाटक विधानसभा से 18 दिसंबर 2025 को पारित हुआ ह्यकर्नाटक हेट स्पीच एंड हेट क्राइम्स (प्रिवेंशन) बिल, 2025ह्ल सिर्फ एक नया कानून नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी, राज्य की शक्ति और सामाजिक सद्भाव के बीच चल रही खींचतान का ताजा अध्याय बन गया है। कांग्रेस सरकार इसे समाज में बढ़ती नफरत और हिंसा के खिलाफ जरूरी औजार बता रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी और कई सिविल लिबर्टीज समूह इसे ह्यकाला कानूनह्ल करार देकर लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा मान रहे हैं। यह पहली बार है जब किसी राज्य ने हेट स्पीच को परिभाषित करते हुए अलग से व्यापक कानून बनाया है, इसलिए इसकी गूंज कर्नाटक से बाहर पूरे देश में सुनाई दे रही है। सरकार का तर्क है कि मौजूदा कानूनी ढांचा नाकाफी साबित हुआ है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299 या आईटी एक्ट जैसे प्रावधान सार्वजनिक व्यवस्था पर केंद्रित हैं, न कि नफरत से प्रेरित भाषण और अपराध की जड़ों पर। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी इसी ओर इशारा करते हैं। 2020 में धारा 153अ के तहत दर्ज मामलों में दोषसिद्धि दर महज 20.2 प्रतिशत रही, जबकि गिरफ्तारियां कहीं ज्यादा हुईं। कांग्रेस का कहना है कि कम सजा दर का मतलब है कि नफरत फैलाने वाले अक्सर बच निकलते हैं और समाज में जहर घोलने का सिलसिला जारी रहता है। इसी कमी को दूर करने के लिए 1 से 7 साल और दोबारा अपराध पर 10 साल तक की सजा, गैर-जमानती प्रावधान और पीड़ित मुआवजे जैसी धाराएं जोड़ी गई हैं।

लेकिन विपक्ष की आपत्ति यहीं से शुरू होती है। भाजपा नेताओं का कहना है कि बिल में हेट स्पीच की परिभाषा इतनी व्यापक और अस्पष्ट है कि सामान्य आलोचना, राजनीतिक भाषण, व्यंग्य या सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भी इसके दायरे में आ सकती है। नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने विधानसभा में कहा कि यह विधेयक पुलिस को ह्यहिटलरह्ल बना देगा और सत्ता के हाथ में ऐसा हथियार देगा, जिससे असहमति को आसानी से कुचला जा सके। सी. टी. रवि ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि बोलने की स्वतंत्रता संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है और इसे किसी भी सूरत में कमजोर नहीं किया जा सकता। आलोचकों की सबसे बड़ी चिंता इसके दुरुपयोग की संभावना को लेकर है। गैर-जमानती अपराध होने के कारण पुलिस बिना वारंट गिरफ्तारी कर सकती है। चुनावी माहौल में यह आशंका जताई जा रही है कि सत्ताधारी दल विपक्षी नेताओं के भाषण या सोशल मीडिया पोस्ट को ह्यनफरत फैलाने वालाह्ल बताकर एफआईआर दर्ज कर सकता है। अतीत में ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां ह्यभारत माता की जयह्ल जैसे नारों पर भी मामले दर्ज हुए और बाद में अदालतों ने उन्हें रद्द किया। नए कानून के तहत ऐसी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ सकता है। सोशल मीडिया और पत्रकारिता भी इस बहस के केंद्र में हैं। बिल राज्य सरकार को इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ब्लॉक या हटाने का अधिकार देता है, वह भी बिना किसी अदालती आदेश के। आलोचकों का कहना है कि इससे खोजी पत्रकारिता, सामाजिक मुद्दों पर रिपोर्टिंग और सत्ता की आलोचना पर सेंसरशिप का खतरा पैदा होगा। आईटी एक्ट की धारा 66ए को 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की अस्पष्टता के कारण रद्द किया था, लेकिन नए बिल में वही शक्तियां एक अलग रास्ते से लौटती दिख रही हैं।

समर्थकों की दलीलें भी कमजोर नहीं हैं। अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर ईसाई संगठनों ने चर्चों और धार्मिक स्थलों पर हमलों के संदर्भ में इस कानून का स्वागत किया है। उनका कहना है कि हेट स्पीच अक्सर वास्तविक हिंसा का रास्ता खोलती है और अगर शुरूआती स्तर पर सख़्त कार्रवाई हो, तो बड़े टकराव रोके जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट भी पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में सक्रिय रहा है। 2022 में शीर्ष अदालत ने पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर हेट स्पीच के मामलों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे और चेतावनी दी थी कि ढिलाई को अवमानना माना जाएगा। हालांकि बाद में अदालत ने यह भी माना कि हर मामले की निगरानी संभव नहीं है और असली चुनौती कानून के क्रियान्वयन में है कर्नाटक का यह बिल विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट और 2022 के निजी सदस्य विधेयक की सिफारिशों की झलक भी दिखाता है, जहां 'सेक्सुअल ओरिएंटेशन' और 'जेंडर' जैसी श्रेणियों को शामिल कर संरक्षित समूहों का दायरा बढ़ाने की बात कही गई थी। साथ ही ह्यसामूहिक दायित्वह्ल की अवधारणा लाकर संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों को भी जवाबदेह बनाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान अपने आप में नया और विवादास्पद है, क्योंकि इससे संगठनात्मक गतिविधियों पर भी आपराधिक ज़िम्मेदारी तय हो सकती है। असल सवाल यही है कि क्या यह कानून नफरत रोकने में कारगर साबित होगा या फिर अभिव्यक्ति की आजादी पर सियासी शिकंजा बनेगा। भारतीय अनुभव बताता है कि कानून से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका निष्पक्ष और संतुलित इस्तेमाल है। अगर प्रवर्तन एजेंसियां राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर काम करें और अदालतें सख़्ती से निगरानी रखें, तो यह कानून सामाजिक सद्भाव का औजार बन सकता है। लेकिन अगर इसे चुनिंदा तरीके से लागू किया गया, तो वही आशंका सच हो सकती है, जिसे आलोचक आज ह्यकाले कानूनह्ल के रूप में देख रहे हैं। कर्नाटक ने एक नई मिसाल पेश की है; अब देश की निगाहें इस पर टिकी हैं कि यह मिसाल लोकतंत्र को मजबूत करेगी या बहसों को और तीखा।

## चिड़िया,माँ और कविता।

*चिड़िया कविता नहीं लिख पाती*
*यह साधारण सी पंक्तियां*
*पर इसके भीतर*
*बहुत-सा सूना समय बैठा*
*वह उड़ान जानती ,*
*पर अर्थ नहीं लिख सकती*
*उसके पंखों में भाषा नहीं,*
*सिर्फ.दिशा होती है।*
*माँ थी*
*तो सुबह*
*आँगन में शब्द बिखर जाते*
*चावल और गेहूँ की तरह।*
*चिड़ियाँ*
*उन शब्दों को चुगती*
*और समझ जाती*
*कि यह बिखरे हुए*
*शब्द हैं, कविताएं नहीं,*
*माँ ने*
*मिट्टी से*
*एक छोटा-सा पोखर बनाया*
*पानी के लिए नहीं,*
*ठहराव के लिए।*
*जहाँ प्यास*
*थोड़ी देर रुक सके।*
*चिड़ियाँ*
*दाना चुगकर*
*वहीं पानी पीती थीं,*
*और शायद*
*माँ के मौन में*
*अपना कुछ छोड़ जाती*
*अब माँ नहीं*
*शब्दों का दाना*
*किसी और भाषा में*
*बह गया है।*
*पोखर सूख चुका*
*क्योंकि किसी ने*
*उससे बात करना छोड़ दिया ।*
*चिड़िया पूछ नहीं सकती*
*कहाँ गया वह आँगन*
*जो आसमान से जुड़ा ,*
*कहाँ गए खेत*
*जो साँस लेते थे,*
*नाले, नदियाँ, झरने*
जो केवल पानी नहीं ,

# दिल्ली-एनसीआर की हरियाली और सुरक्षा की ढाल अरावली पर्वतमाला को बचाने की निर्णायक लड़ाई

दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों की पर्यावरणीय सुरक्षा के लिए अरावली पर्वतमाला हमेशा से ही एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। यह न केवल वायु और जल संरक्षण में योगदान देती है, बल्कि वर्षा जल के ग्राउंड वाटर में प्रवाह को बनाए रखने और मिट्टी कटाव को रोकने का भी कार्य करती है। वर्षों से विभिन्न राजनीतिक दलों, बिल्डरों और अधिकारियों की कोशिशें इस प्राकृतिक ढाल को कमजोर करने की रही हैं। हरियाणा और राजस्थान की जमीन पर अरावली की भूमि को रियल एस्टेट और खनन के लिए खोलने की कई योजनाएं बनती रही हैं, लेकिन पर्यावरणविदों, सुप्रीम कोर्ट और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने अपने सख्त फैसलों से इसे बचाया है। अगर ये फैसले नहीं होते, तो आज दिल्ली और आसपास के शहरों में अरावली पर हाईड्राइज बिल्डिंगें खड़ी होतीं और पर्यावरणीय संकट और गंभीर रूप ले चुका होता। हरियाणा में फरीदाबाद और गुड़गांव के आसपास अरावली का बड़ा हिस्सा आता है। पिछले वर्षों में राज्य सरकारों ने कई बार इस भूमि को वन क्षेत्र की परिभाषा से बाहर करने की कोशिश की, ताकि बिल्डरों को फायदा पहुँच सके। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने दिसंबर 2017 में फरीदाबाद क्षेत्र की 17,000 एकड़ भूमि को वन भूमि के दायरे से बाहर करने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि अरावली का दायरा केवल हरियाणा और राजस्थान तक सीमित नहीं होगा, बल्कि पूरे एनसीआर क्षेत्र में इसे मान्यता दी जाएगी। इस निर्णय से अरावली पर्वतमाला को छेड़छाड़ और विनाश से बचाया गया।

डीआरडीओ के लिए जमीन बेचने का मामला भी अरावली की संवेदनशीलता को दशार्ता है। फरीदाबाद नगर निगम ने रक्षा मंत्रालय को 407 एकड़ जमीन बेच दी, जो पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम की धारा 4 और 5 के तहत आती थी। इस अधिनियम के अनुसार, किसी भी गैर-वन गतिविधि पर रोक लगती है। नगर निगम ने शर्त रखी थी कि डीआरडीओ पर्यावरण मंजूरी स्वयं लेगा। सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी और पर्यावरण मंत्रालय ने निर्माण की अनुमति नहीं दी, जिससे संरक्षित पहाड़ी में निर्माण को रोका गया। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने भी इस अविवेकपूर्ण फैसले के लिए रक्षा मंत्रालय की फटकार की दरअसल, डीआरडीओ ने फरवरी 2004 में 700 एकड़ जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसे अगस्त 2005 में बढ़ाकर 1,100 एकड़ कर दिया गया। बाद में डीआरडीओ ने वन भूमि को गैर-वन उपयोग के लिए डायवर्ट करने का प्रयास किया, लेकिन नवंबर 2005 में क्षेत्रीय वन संरक्षक ने बताया कि यह भूमि वन क्षेत्र में आती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार, इसे गैर-वन उपयोग के लिए केंद्र से मंजूरी लेना आवश्यक था। मई 2007 में डीआरडीओ ने अपनी जरूरत घटाकर 407 एकड़ कर दी और नगर निगम ने जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दी। अप्रैल 2008 में डीआरडीओ ने जमीन पर कब्जा किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने अनुमति नहीं दी।

हुड्डा सरकार द्वारा मांगर क्षेत्र में यूरोपियन टेक्नॉलोजी पार्क के लिए 500 एकड़ भूमि को मंजूरी देने का मामला भी अरावली संरक्षण का उदाहरण है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस परियोजना पर रोक लगा दी थी। 2012 में मांगर डेवलपमेंट प्लान-2031 के मसौदे में 23 गांवों की 10,426 हेक्टेयर भूमि शामिल थी, लेकिन एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने वन क्षेत्र को बचाने के लिए इसकी मंजूरी देने से मना किया। इस तरह कांग्रेस सरकार की कई कोशिशें नाकाम रही और बाद में आने वाली बीजेपी सरकार की नीतियों पर भी सुप्रीम कोर्ट और पर्यावरणविदों ने निगरानी रखी। हरियाणा विधानसभा ने 27 फरवरी 2019 को पंजाब भूमि संरक्षण (हरियाणा संशोधन) विधेयक पास किया, जिससे अरावली क्षेत्र की लगभग 60,000 एकड़ वन भूमि रियल एस्टेट और खनन के लिए खोली जा सकती थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई और पर्यावरणविदों की चिंता को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जंगलों को खत्म नहीं किया जा सकता और ढछढअ के तहत आने वाली भूमि को ह्यवनह्ल माना जाना चाहिए।हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा जारी की, जिसमें केवल 100 मीटर या उससे अधिक ऊँचाई वाले हिस्सों को पहाड़ माना जाएगा। इस फैसले से छोटे ढलानों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटेड्ढछोटे ढलान भी पानी रिचार्ज, हवा की शुद्धता और मिट्टी कटाव को रोकने में महत्वपूर्ण हैं। यदि इन्हें संरक्षण से बाहर किया गया, तो न केवल दिल्लीड्डएनसीआर की हवा प्रदूषित होगी, बल्कि पानी की कमी और धूलभरी हवाओं में भी वृद्धि होगी। राजस्थान और हरियाणा में जनता और पर्यावरण संगठनों ने विरोध प्रदर्शन और आंदोलन शुरू कर दिया है। एनएसयूआई जैसे छात्र संगठन और नागरिक समाज की संस्थाएं ह्लअरावली बचाओ पैदल मार्चह्ल जैसी गतिविधियों का आयोजन कर रही हैं। लोगों का कहना है कि अरावली केवल एक पहाड़ नहीं है, बल्कि यह जीवन, जल, हवा और जैव विविधता का घर है। इसे खोखला करने का प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट पैदा करेगा।

अरावली की सुरक्षा पर अब देश की राजनीति, न्यायपालिका और आम जनता की नजरें टिक चुकी हैं। सरकार का कहना है कि कोई नया खनन पट्टा जारी नहीं होगा और सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में भूमि का प्रबंधन किया जाएगा। पर्यावरणविदों और जनता का कहना है कि परिभाषा में बदलाव से संरक्षण कमजोर हो सकता है। इस बीच कोर्ट ने कई प्रस्तावों को रद्द किया है, जो वन भूमि को गैर-वन घोषित करने का प्रयास करते थे।अरावली पर्वतमाला का संरक्षण अब एक निर्णायक जंग बन चुका है। यह केवल भूमि और वन्य जीवन का मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के जीवन से जुड़ा हुआ है। अगर अरावली की रक्षा नहीं हुई, तो वायु प्रदूषण, जल संकट और जैव विविधता संकट का सामना दिल्लीड्डएनसीआर और आसपास के राज्यों को करना पड़ेगा।इसलिए अरावली का मामला न केवल पर्यावरण सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि यह न्याय, नीति और सार्वजनिक हित की परीक्षा भी है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती, सुशासन दिवस व तुलसी दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

लोनी, 26 दिसंबरः सभासद (वार्ड-33) रामनिवास त्रिपाठी के डीएलएफ कॉलोनी स्थित निवास स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी एवं डॉ0 मदन मोहन मालवीय जयंती, सुशासन दिवस व तुलसी दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं बुद्धिजीवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

राजेंद्र सोनी एवं रेखा कश्यप के करकमलो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान पार्षद रामनिवास त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय हित को सदैव सर्वोपरि रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के एक ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्हें हिंदी कवि, पत्रकार के साथ-साथ एक प्रखर व्यक्ताओं की अग्रिम श्रेणी में माना जाता था। वह भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे उन्होंने लंबे समय तक राष्ट्रीय धर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से और क्रोध अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन भी किया। जिनका जीवन हम सभी को यह संदेश देता है कि राजनीति सेवा का माध्यम है ना कि सत्ता का साधन। सभासद त्रिपाठी जी ने सुशासन दिवस के महत्व पर बोलते हुए कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक प्रशासन ही सुशासन की आधारशिला हैं।

# शुद्ध खाद्य पदार्थ एवं सुरक्षित दवाइयां सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय बैठक संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 दिसंबर 2025: जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपदवासियों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी ने हाल की प्रवर्तन कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान



चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सघन सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नमूने में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कठोर कार्रवाई, जुमार्ना और अन्य दंडात्मक प्रावधान तुरंत लागू किए जाएं।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी रेस्टोरेंट, ढाबे, स्कूल-कॉलेज और छात्रावासों की कैंटीनों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फूड फोर्टिफिकेशन, रीयूज्ड कुकिंग ऑयल के सुरक्षित निस्तारण और शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों के उपयोग संबंधी एडवाइजरी तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

औषधि निरीक्षक ने जिला में मानकों के अनुरूप दवाइयों की उपलब्धता और उनके निरीक्षण की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर्स, दवा निर्माण इकाइयों और कॉस्मेटिक उत्पादों की औचक जांच करने के निर्देश दिए, ताकि नकली, अमानक या एक्सपायर्ड दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाया गया है, उनके खिलाफ आरसी जारी कर वसूली प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करें, ताकि जनपदवासियों को मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य, पेय पदार्थ और सुरक्षित दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका, एडसीपी हेडक्वार्टर कल्पना गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, पूर्ति निरीक्षक रजनी, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद अब्दुल्ला, विजय बहादुर, मुकेश कुमार, विशाल गुप्ता, मालती सिंह, अमर बहादुर सिंह, रितु सक्सैना, आर0एन0 वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम बांजरपुर में किसान पाठशाला आयोजित, कृषकों को दी गई नवीनतम कृषि तकनीक की जानकारी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 26 दिसंबर 2025: किसानों तक कृषि की नवीनतम एवं तकनीकी जानकारी पहुँचाने के उद्देश से जिला कृषि विभाग द्वारा ग्राम बांजरपुर, विकास खंड जेवर में आज किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।




उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने बताया कि जनपद की 54 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) उत्तर प्रदेश कृषि भवन, लखनऊ डॉ. वाई पी सिंह नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण, उर्वरक प्रयोग, सिंचाई प्रबंधन और खेत के अनुसार नवीनतम प्रजातियों के चयन के महत्व के बारे में बताया। साथ ही फसल चक्र में परिवर्तन कर तिलहन, दलहन, फल एवं सब्जियों को शामिल कर सहफसली एवं मिश्रित खेती अपनाने का सुझाव दिया।

उप कृषि निदेशक ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ एवं विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य करने की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सुनील प्रजापति, विषय वस्तु विशेषज्ञ अंबा प्रकाश शर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी दिव्यम यादव, इफको प्रतिनिधि रमन तोमर, तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा शर्मा ने किसानों को कृषि एवं पशुपालन से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारियाँ प्रदान की।

किसान पाठशाला में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता करते हुए कार्यक्रम का लाभ उठाया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार में आर.डब्ल्यू.ए./ए.ओ.ए. पदाधिकारियों से सहयोग की अपील

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 दिसंबर 2025: डिप्टी रजिस्ट्रार, चिट्स फर्म एवं सोसायटी वैभव कुमार ने जनपद में पंजीकृत समस्त आर०डब्ल्यू०ए०/ ए०ओ०ए० पदाधिकारियों से अपील की है कि वे पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग करें।

वैभव कुमार ने बताया कि यह योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय योजना है, जिसके अंतर्गत स्वतंत्र आवास, बहुमंजिली (हाई राइज) इमारतों और गेटेड सोसायटियों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जाने पर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन दिया जाता है।

उन्होंने सभी आर०डब्ल्यू०ए०/ ए०ओ०ए० पदाधिकारियों से आग्रह किया कि योजना के विस्तृत प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकृत वेंडर कैनोपी, पम्पलेट आदि के माध्यम से निःशुल्क प्रचार-प्रसार करेंगे, जिसमें आर०डब्ल्यू०ए०/ए०ओ०ए० का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि प्रचार-प्रसार में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न की जाती है या कोई शुल्क वसूला जाता है, तो इसे शासकीय कार्य में बाधा माना जाएगा और सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## वीर बाल दिवस पर बालिकाओं एवं स्टाफ ने ली बाल विवाह रोकथाम की शपथ, पीएम का संबोधन सुना गया

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 26 दिसम्बर 2025: वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर आज जनपद गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर, सेक्टर-51 नोएडा, राजकीय बालिका गृह सेक्टर-62 नोएडा, समस्त राजकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाएं, आंगनबाड़ी केंद्र तथा निजी एवं राजकीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी संबोधन सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया।

प्रधानमंत्री ने वीर साहिबजादों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए बच्चों और युवाओं को देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं, शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने बाल विवाह रोकथाम हेतु सामूहिक प्रतिज्ञा ली। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं बाल विवाह नहीं करेंगे, न होने देंगे और समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बालिकाओं ने अनुशासन, उत्साह और गंभीरता के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा उन्हें उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व और सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। यह पहल बालिकाओं में आत्मविश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने में सहायक साबित हुई।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में बालिकाओं की भूमिका सशक्त बनाने और बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

उपस्थित अधिकारियों में बाल संरक्षण अधिकारी विभा त्रिपाठी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष डॉ. केसी विरमानी, चाइल्डलाइन कोऑर्डिनेटर, बालक-बालिकाएं, स्कूल प्रधानाचार्य और अध्यापकगण शामिल थे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों की मदद करने वाले नन्हे श्रवण सिंह की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगी भारतीय सेना



फिरोजपुर, 26 दिसंबर 2025: देश सेवा की मिसाल पेश करने वाले फिरोजपुर जिले के तारावाली गांव निवासी नन्हे बच्चे श्रवण सिंह के हौसले और जज्बे को भारतीय सेना ने सलाम किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैनिकों को पानी, बर्फ, चाय, दूध और लस्सी उपलब्ध कराने वाले श्रवण सिंह की पूरी पढ़ाई का खर्च अब भारतीय सेना उठाएगी।

## मेरठ विकास प्राधिकरण की चुप्पी में ग्राम सिसौली में खड़ा हुआ अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स

मेरठ, 26 दिसंबर 2025 (धर्मेन्द्र कुमार, समाज जागरण संवाददाता): मेरठ जनपद के गढ़ रोड पर सिसौली बाईपास फ्लाईओवर के निकट खसरा नंबर 308 स्थित ग्राम सिसौली में बिना किसी मानचित्र स्वीकृति के पूरा व्यावसायिक कॉम्पलेक्स खड़ा कर दिया गया है।



स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उक्त भूमि का बैनामा रजिस्ट्री कृषि भूमि में कराया गया है, और भूमि के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार को राजस्व का भुगतान भी किया गया है। लेकिन कॉम्पलेक्स के निर्माण से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

स्थानीय लोगों और कार्यकताओं का कहना है कि मेरठ विकास प्राधिकरण की मौन चुप्पी और अवैध निर्माण कार्यों की नियमित बढ़ती घटनाओं से यह सवाल उठता है कि क्या भूमाफिया और प्राधिकरण अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ऐसे बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण संभव है।

यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की अवहेलना की ओर इशारा करता है और इसे गंभीर एवं विचारणीय माना जा रहा है।

## किसान संघर्ष समिति का चौदह माह से धरना प्रदर्शन जारी, औद्योगिक गलियारे के विरोध में किसानों की चेतावनी

समाज जागरण

मेरठ, 26 दिसंबर 2025 ( संवाददाता): ग्राम छतरी, खड़खड़ी, गोविंदपुरी और खरखोदा के किसानों ने औद्योगिक गलियारे के विरोध में गत चौदह माह से निरन्तर धरना प्रदर्शन जारी रखा है। किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने अपनी उपजाऊ जमीन के अधिग्रहण के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

किसान सौरज त्यागी, मामचंद नागर, अश्विनी सिंह और अन्य ने बताया कि यदि औद्योगिक गलियारे के लिए उनकी जमीन ले ली जाती है, तो उन्हें कहीं और बसना पड़ेगा, जो उनके लिए मरनांतक समान पीड़ा होगी। उन्होंने कहा कि जमीन का उचित बाजार मूल्य मिलने पर ही वे अन्यत्र बसने को तैयार होंगे।



किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उपजाऊ जमीन को औद्योगिक गलियारे या किसी अन्य योजना के नाम पर अधिग्रहित करती रही, तो आने वाले समय में देश अन्न संकट और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करने के लिए विवश होगा।

किसानों का कहना है कि उनकी मांगों को नजरअंदाज करना भविष्य में न केवल उनकी पीढ़ियों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।

## रिटार्य वायु सेना कर्मी की गोली मारकर हत्या, बाइक सवार दो बदमाशो ने दिया घटना को अंजाम

समाज जागरण

लोनी, 26 दिसंबरः कोतवाली क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी के निकट दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने रिटायर्ड वायुसेना कर्मी के सिर में गोलियां दाग कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र वासियों के बीच भारी आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक योगेश (58) मूल रूप से बागपत जनपद के बड़ागांव का निवासी था. जो करीब तीन माह पूर्व ही भारतीय वायुसेना से वारंट आफिसर पद से सेवानिवृत्त हुआ था और वर्तमान में लोनी की अशोक बिहार चौकी क्षेत्र में रह रहा था।

**बदमाशों ने रणनीति के तहत दिया घटना को अंजाम**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दोनो हमलावरो ने हत्या की इस घटना को एक रणनीति के तहत अंजाम दिया है. दोनों बदमाश दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर पहले से ही योगेश के आने की इंतजार में घात लगाकर खड़े थे। और इसी दौरान वहा पहुंचा योगेश जैसे ही एक दुकान की ओर बढ़ा उसकी नजर बदमाशों पर पड़ी, स्थिति भांपते हुए उसने वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया. मगर बदमाशों ने कुछ दूरी तक पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया और बड़े ही नजदीक से उसके सिर में दो गोलियां दागकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। गोली लगने से लहूलुहान योगेश वहीं गिर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।



दूसरी ओर दिनदहाड़े हुई इस हत्या की घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते वहां सभी दुकाने बंद हो गई।

और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। उनका कहना था कि जब एक रिटायर्ड वायुसेना कर्मी को खुलेआम गोलियों से भून दिया गया, तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या होगा। नागरिकों ने पुलिस से हत्यारो की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए मांग की हैं।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस के साथ-साथ फोरेंसिक टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्य करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**मृतक के परिचितो पर शक, पुलिस खंगाल रही CCTV कैमरे, हत्यारे जल्द होंगे गिरफ्तार**

एसीपी लोनी ने अनुसार प्रथम दृष्टा हत्यारे मृतक के करीबी जान-पहचान वाले हो सकते हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।घटनास्थल और आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही हत्यारे पुलिस की ग्राफ्ट में होंगे और घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

समाज जागरण

लोनी, 26 दिसंबरः सुनीता बिहार कॉलोनी से 22 अप्रैल को लापता हुई नीशु नामक युवती के मामले में आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दिया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की सुनीता विहार कॉलोनी से निशु नामक युवती विगत 22 अप्रैल 2025 को अचानक घर से लापता हो गई थी, परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाने पर दी। पुलिस जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि अंकित और उसके साथी अभिषेक ने कथित रूप से नीशु के फर्जी वोटर कार्ड, आधार कार्ड और



ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए। पुलिस की माने तो उसकी वास्तविक जन्मतिथि 02 अगस्त 2005 को छिपाकर दस्तावेजों में 08 सितंबर 2003 दर्ज कराई गई, और इसी आधार पर दोनों ने सब-रजिस्ट्रार कार्यालय मवाना में कोर्ट मैरिज कर ली।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में मदद करने वाला एक व्यक्ति लोनी बॉर्डर थाने में अस्थायी कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम करता है. उनका कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। गौरतलब हो कि उक्त प्रकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के पश्चात 24 जून 2025 को मुकदमा अपराध संख्या 0395/25 के तहत पंजीकृत हो सका, जबकि घटना को 2 महीने बीत चुके थे। घटना के मामले में परिजनों की तत्परता के चलते आखिर पुलिस हरकत में आई और लगभग आठ माह बाद आरोपी अंकित पुत्र जयवीर सिंह निवासी मानपुर (मेरठ) को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया। जबकि अन्य आरोपितों की भूमिका को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## सभापुर के कार वॉशिंग सेंटर पर युवक पर फायरिंग, हमलावर फरार

***अपनी कार धुलवाने के लिए पहुंचा था घटना का शिकार युवक**
***एक नामजद सहित आज दर्जन पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप**

समाज जागरण

लोनी, 26 दिसंबरः ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के सभापुर क्षेत्र में स्थित शिवा वॉशिंग सेंटर पर कार धुलवाने पहुँचे युवक पर रंजिश के चलते हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान पीड़ित मुकेश बंसल पुत्र सुरेश बंसल, निवासी अगरोला थाना ट्रोनिका सिटी, गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने थाना अंकुर बिहार में तहरीर देकर एक नामजद तथा अन्य दो आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित मुकेश के अनुसार, 25 दिसंबर की दोपहर वह दिल्ली से लौटते समय करीब 3:30 बजे सभापुर स्थित शिवा वॉशिंग सेंटर पर कार धुलवाने रुका था। उसी दौरान अचानक वहा पहुँचे आधा दर्जन युवकों ने उस पर गोलियाँ बरसा दीं। पीड़ित ने अपनी शिकायत में गोली चलाने वालों में दीपक, मदन के छोटे भाई राजे उर्फ मुन्ना पुत्र भीम, निवासी अगरोला को नामजद किया है, जबकि एक अन्य आरोपी को चेहरा देखने पर पहचानने की बात कही है। तीसरे हमलावर के बारे में वह जानकारी नहीं जुटा सका। उसके अनुसार, तीन अन्य लोग गाड़ी में बैठे हुए थे।

मुकेश ने आरोप लगाया कि उक्त आरोपियों ने पहले भी उसके दो चाचाओं की हत्या कर चुके हैं और अब उसकी तथा उसके परिजनों की हत्या की साजिश रच रहे हैं। उसके दोनों हाथों और पैर में गोली लगी। बताया गया कि आरोपियों ने उसके सिर पर पिस्तौल सटाकर गोली चलाने की कोशिश भी की, लेकिन पिस्तौल नहीं चल पाई। इसके बाद पिस्तौल की बट से वार करने पर वह किसी तरह हमलावरों के कब्जे से छूटकर वॉशिंग रूम के कमरे में घुस गया और अपनी जान बचाई। शिकायती पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर, पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश देने में जुटी है।

## लोनी में हुआ ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन
### (जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के तत्वाधान में हुआ आयोजन संपन्न)

समाज जागरण

लोनी, 26 दिसंबरः कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमोदित जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के तत्वावधान में ब्यूटी केयर असिस्टेंट ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सरस्वती विहार कॉलोनी में स्थित उप केंद्र पर, संस्थान के निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस मूल्यांकन में परीक्षक के रूप में कु0सरोज सैनी तथा अर्चना ने भाग लेते हुए बैच संख्या- 44/2025-26 के 20 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।



कार्यक्रम के दौरान विजिटर के रूप में उपस्थित रहीं स्थानीय समाजसेवीका मीना शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण से महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं, वह स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकती हैं। श्रीमती शर्मा ने भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर वे सहयोग के लिए सदैव साथ खड़ी मिलेंगे। शर्मा ने यह भी कहा कि ब्यूटी केयर असिस्टेंट का कौशल आय सृजन का मजबूत माध्यम है, जिसके माध्यम से प्रशिक्षार्थी प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपये तक कमा सकती हैं।

मूल्यांकन आयोजन के दौरान कार्यक्रम अधिकारी गुरुदीन, शारदा देवी, सुमित धामा व प्रशिक्षणार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## थाना सेक्टर-58 पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी व अवैध शस्त्र बरामद

नोएडा, 26 दिसंबर 2025: थाना सेक्टर-58 पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक चोरी की स्कूटी तथा एक अवैध शस्त्र बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोका और पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन संचालन के फैसले पर व्यापार मंडल में खुशी, स्टेशन पर बांटी मिठाइयां

**समाज जागरण**

चंदौसी। कोरोना काल में बंद की गई आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन के पुनः संचालन को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बरेली-बांदीकुई के बीच ट्रेन संचालन के फैसले का अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने स्वागत करते हुए इसे यात्रियों और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत बताया है।



इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में चंदौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक व रेलवे कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और निर्णय के लिए रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन बंद होने से चंदौसी क्षेत्र के यात्रियों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। चंदौसी से आगरा, फिरोजाबाद एवं बांदीकुई स्थित बालाजी मंदिर जाने के लिए यही एकमात्र सीधी ट्रेन थी। ट्रेन बंद होने के बाद यात्रियों को पहले रोडवेज से अलीगढ़ जाना पड़ता था, फिर वहां से आगरा के लिए बस या ट्रेन पकड़नी पड़ती थी, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही थी। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने कई बार रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपे और लगातार मांग उठाई। संगठन ने यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है।

व्यापार मंडल के प्रभात कृष्णा ने कहा कि यह निर्णय संगठन के निरंतर संघर्ष का परिणाम है। ट्रेन के पुनः संचालन से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और धार्मिक यात्राएं भी सुगम होंगी।

इस दौरान प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल, रितिक वार्ष्णेय, अभिषेक, मोंटू, तुषार क्रिस्टल, डॉ. टी. एस. पाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। व्यापार मंडल ने भरोसा दिलाया कि वह आगे भी जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा।

# गुरु गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को स्मरण कर मनाया गया वीर बाल दिवस

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को गुरु गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज में वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई एवं उपप्रधानाचार्य डॉ. सीमा मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर गुरु गोबिन्द सिंह जी तथा उनके साहिबजादों के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया।



इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया, जिससे वे साहिबजादों के बलिदान और उनके ऐतिहासिक महत्व से परिचित हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने दोनों साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर आधारित एक भावपूर्ण लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।

प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और बलिदान भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। मुगल अत्याचारों और प्रलोभनों के सामने भी उन्होंने अपने धर्म और सत्य से समझौता नहीं किया और दीवार में जीवित चुनकर अमर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर ही सच्ची राष्ट्रभक्ति को जीवित रखा जा सकता है।

# 'क्वीन ऑफ लखीमपुर शो 2025' का भव्य आयोजन, महिलाओं को मिला आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का मंच

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।** महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहर में क्वीन ऑफ लखीमपुर शो 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।





उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी मधुलिका त्रिपाठी, मयूरी नगर, डॉ. वी.बी. धुरिया, एसडीएम रेनू मिश्रा, निधि तिवारी, रश्मि महेंद्र, कीर्ति गुप्ता, रानी गुप्ता, पूनम गुप्ता, अंजू साहनी एवं नेहा शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित क्वीन ऑफ लखीमपुर मॉडलिंग शो 2025 में प्रतिभागी मॉडल्स ने आत्मविश्वास से भरी रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म एवं टीवी जगत से जुड़े अभिनेता सिद्धार्थ ढांडा की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा और आकर्षण को और बढ़ा दिया।

इसी क्रम में क्वीन ऑफ लखीमपुर मोडलिंग संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट प्रांची श्रीवास्तव ने महिलाओं को प्रोफेशनल मेकअप से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। सेमिनार में भाग लेने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजन में शामिल सभी महिला प्रतिभागियों को उनकी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के लिए प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह मंच महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्रदान करता है।

समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजक श्वेता बजरंग शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से ऐसे आयोजन समाज तक पहुँच पाते हैं और महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

उत्साह और सकारात्मक संदेशों के साथ क्वीन ऑफ लखीमपुर शो 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

# दोस्त ने ही दोस्त की हत्या पुलिस ने हत्या का खुलासा कर भेजा जेल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद उधार के पैसे वापस मांगने के चलते और पत्नी पर अश्लील टिप्पणी के विवाद में दोस्त ने ही की दोस्त की हत्या।

21.12.2025 को हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राज मार्ग के निमाणाधीन जलालाबाद बाईपास ग्राम सुनारोवाली की सीमा में हाईवे के किनारे सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व० मगन सिंह निवासी देहरादून की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गयी थी इस संबंध में नजीबाबाद पुलिस ने संदीप पुत्र स्व० इन्द्ररेज निवासी 56 नाला पानी रोड थाना डालनवाला जनपद देहरादून उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह देहरादून सचिवालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। सुरेन्द्र पुत्र मगन सिंह, उसका पुराना मित्र था, जिससे उसने 70-80 हजार रुपये उधार ले रखे थे। पैसे वापस मांगने के दबाव तथा उसकी पत्नी के संबंध में की गई अश्लील टिप्पणियों से वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान था। सुरेन्द्र आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था तथा हत्या के एक मामले में जमानत पर था, जिस कारण वह उसका विरोध नहीं कर पाता था दिनांक 21.12.2025 को नजीबाबाद जाने के बहाने उसने, सुरेन्द्र की हत्या की योजना बनाई। योजनानुसार वह देहरादून से हरिद्वार होते हुए मण्डावली पहुँचा, जहाँ वह सुरेन्द्र ***से मिला तब वह दोनों मोटरसाइकिल से निमार्णाधीन हाईवे पर सुनसान स्थान पर रुके और दोनो ने शराब पी। नशे की हालत का लाभ उठाकर उसने ईट से सुरेन्द्र के सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद वह अपनी खून के छीटे लगी जैकेट को साफ करने की कोशिश कर रहा था कि तभी दो पुलिस वालो ने टार्च की रोशनी लगाकर टोका तो वह घबराकर अपनी जैकेट वहीं छोड़कर भाग गया।***

जब वह अपनी छूटी हुई जैकेट तलाशने हेतु अंधेरे में घटनास्थल के आसपास आया, तभी उसको

# बिजनौर सीएचसी स्योहारा के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्रों पर 30 टीकाकरण सत्रों पर टीका उत्सव का किया गया आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर डॉ0 स्नेही। जिला अधिकारी बिजनौर की बैठक में दिए गए आदेशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र स्योहारा ओर स्योहारा, मिल्क बेनीराम, गेंदजुड और अन्य जगह मे शुक्रवार को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के टीका उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय टीकाकरण सत्र का महत्वपूर्ण निरीक्षण अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही की ओर से उनकी टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण में कुपोषित बच्चों एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी पर बल दिया गया ।डॉक्टर स्नेही ने बताया कि अब पंचायती राज विभाग द्वारा भी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम ओर घर घर भ्रमण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जा रहा है ।इस दौरान उन्होंने टीकाकरण डाटा की समय बद्ध और सटीक फीडिंग का निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों को दिया ,साथ ही समय पर पोर्टल पर डाटा अपलोड में सावधानी बरतने को कहा। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर स्नेही ने टीबी रोगियों की पहचान और नोटिफिकेशन पर विशेष जोर दिया। कोई भी टीबी मरीज इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए । प्राइवेट चिकित्सकों को भी यह नोटिफिकेशन करना अनिवार्य है और टीबी रोगियों को खोजना है। इस दौरान उन्होंने समस्त टीकाकरण सत्रों पर चल रही टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं स्टाफ की उपस्थिति ,वैक्सीन प्रबंधन एवं लाभार्थियों की सूची के सत्यापन को सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर ,ड्यू लिस्ट एवं टीकाकृत बच्चों की सूची का अवलोकन भी किया।

# भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित सिद्ध पीठ बगिया वाली देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में अभिषेक शर्मा एवं पूनम शर्मा उपस्थित रहे। नरवर से पधारे आचार्य गौरव शर्मा एवं जय शिव मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अर्चन कर कथा का शुभारंभ कराया। कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण कृष्ण ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जीव और ब्रह्म के अंतर को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि जो बार-बार जन्म ले और मृत्यु को प्राप्त हो, वह जीव है और जो एक बार प्रकट होकर कभी न छूटे, वही ब्रह्म है। इसलिए मनुष्य को परमात्मा से पुत्र, मित्र अथवा किसी भी भाव से संबंध स्थापित कर जीवन को धन्य बनाना चाहिए।





कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, पूतना वध तथा गिरिराज पूजा की कथाओं का श्रद्धा और भक्ति के साथ वर्णन किया गया। इसके पश्चात गिरिराज भगवान की भव्य झांकी का पूजन कर छप्पन भोग अर्पित किया गया। भजनों की मधुर प्रस्तुति पर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नजर आए।

कथा समापन के बाद विधिवत आरती की गई और प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, पूनम शर्मा, अथर्व शर्मा, परु शर्मा, मनीष शर्मा, भावना शर्मा, कमल गुप्ता, अंशु वार्ष्णेय, लक्ष्मी शर्मा, विनोद शर्मा, राजेश शर्मा, किरण शर्मा, लक्ष्य शर्मा, ध्रुव शर्मा, ममता, संगीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**समाज जागरण**

सम्भल। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद सम्भल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रांतर्गत चौपाल एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराया गया। महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण, सुरक्षा और सहायता के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी सरल भाषा में दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर वे बिना संकोच मदद ले सकें।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, पैनिक बटन का मोबाइल डेमो, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों एवं प्रत्येक थाने को उपलब्ध मिशन शक्ति सीयूजी नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया। पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है।

# कोहरे का कहर: पैसेंजर साढ़े पांच घंटे तो एक्सप्रेस ढाई घंटे लेट, यात्री बेहाल

**समाज जागरण लखीमपुर, संवाददाता कुलदीप सिंह।**

लखनऊ-पीलीभीत रेल प्रखंड पर कोहरे और सर्द हवाओं का असर लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला। कोहरे के कारण इस रूट पर संचालित ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को कड़ाके की ठंड में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेन के इंतजार में घंटों ठिठुरना पड़ा, जबकि स्टेशन पर ठहरने और सर्दी से बचाव के समुचित इंतजाम नहीं दिखे।




रेल प्रखंड पर संचालित एकमात्र एक्सप्रेस ट्रेन करीब ढाई घंटे लेट रही, वहीं पैसेंजर ट्रेनें लगातार दो दिनों से साढ़े पांच घंटे तक की देरी से पहुंच रही हैं। शुक्रवार को गोरखपुर से इज्जतनगर जाने वाली गोमती एक्सप्रेस सुबह 8.45 बजे के स्थान पर लगभग तीन घंटे देरी से 10.26 बजे लखीमपुर पहुंची। सुबह-सुबह यात्रा के लिए घर से निकले यात्रियों को स्टेशन पर घंटों सर्दी में इंतजार करना पड़ा।

इसी तरह लखनऊ से पीलीभीत जाने वाली पैसेंजर ट्रेन (55086) अपने निर्धारित समय 10.37 बजे की जगह शाम करीब 4 बजे लखीमपुर पहुंची। शुक्रवार को दिन भर धूप नहीं निकलने से ठंडी हवाओं के बीच यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। लखनऊझमैलानी, मैलानीझसीतापुर और सीतापुरझमैलानी रूट की ट्रेनें भी देरी से चलीं। गुरुवार रात इज्जतनगर से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन डेढ़ घंटे और पीलीभीत से लखनऊ जाने वाली ट्रेन करीब चार घंटे लेट रही।

**बसें भी रहीं प्रभावित**

कोहरे का असर सड़क परिवहन पर भी पड़ा। लखीमपुर और गोला डिपो से संचालित लंबी दूरी की बसें शुक्रवार को लगभग सात घंटे की देरी से पहुंचीं। दिल्ली, आगरा, मथुरा, रूपैडिहा, मिजार्पुर, कानपुर, बनारस और बरेली जाने वाली बसों में यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी।

**नकहा जंगल में भी होगा ठहराव**

उधर गोरखपुर में लगने वाले मकर संक्रांति मेले को देखते हुए रेलवे ने गोरखपुरझइज्जतनगर रेलगाड़ी संख्या 15010 का एक मिनट का ठहराव नकहा जंगल स्टेशन पर दिया है। यह ठहराव 13 जनवरी से 16 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में चालक का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब स्योहाराझसहसपुर रोड पर चिराग पैलेस के सामने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में चालक का शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि मुरादाबाद रोड पर खड़े ट्रक के अंदर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है।



सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान जागेश कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह, निवासी ग्राम धीगरपुर, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर, उम्र लगभग 37 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि जागेश पिछले 10-12 वर्षों से ट्रक चालक के रूप में कार्य कर रहा था और वर्तमान में एसएफसी कंपनी, हरिद्वार में चालक के पद पर तैनात था।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक ने रात्रि के समय ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया था और खाना खाते समय पीछे की ओर गिर गया, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मौके से भोजन आदि भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी स्योहारा के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्रों पर 30 टीकाकरण सत्रों पर टीका उत्सव का किया गया आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनता बिजनौर डॉ0 स्नेही। जिला अधिकारी बिजनौर की बैठक में दिए गए आदेशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र स्योहारा ओर स्योहारा, मिल्क बेनीराम , गेंदजुड और अन्य जगह में आज शुक्रवार को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के टीका उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय टीकाकरण सत्र का महत्वपूर्ण निरीक्षण अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही की ओर से उनकी टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण में कुपोषित बच्चों एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी पर बल दिया गया ।डॉक्टर स्नेही ने बताया कि अब पंचायती राज विभाग द्वारा भी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम ओर घर घर भ्रमण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जा रहा है ।इस दौरान उन्होंने टीकाकरण डाटा की समय बद्ध और सटीक फीडिंग का निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों को दिया ,साथ ही समय पर पोर्टल पर डाटा अपलोड में सावधानी बरतने को कहा। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर स्नेही ने टीबी रोगियों की पहचान और नोटिफिकेशन पर विशेष जोर दिया। कोई भी टीबी मरीज इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए । प्राइवेट चिकित्सकों को भी यह नोटिफिकेशन करना अनिवार्य है और टीबी रोगियों को खोजना है। इस दौरान उन्होंने समस्त टीकाकरण सत्रों पर चल रही टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं स्टाफ की उपस्थिति ,वैक्सीन प्रबंधन एवं लाभार्थियों की सूची के सत्यापन को सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर ,ड्यू लिस्ट एवं टीकाकृत बच्चों की सूची का अवलोकन भी किया ।साथ ही सभी क्षेत्र में सभी सत्र का नियमित निरीक्षण करने के आदेश समस्त हेल्थ सुपरवाइजर , एमपीडब्ल्यू और एल एच बी को दिए । उन्होंने समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को रिपोर्ट समय पर जमा करने को भी आदेशित किया ।इसके साथ ही उन्होंने सभी एएनएम आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीकाकरण की ड्यू लिस्ट को पालन करने को कहा ।साथ ही बुधवार और शनिवार को अवकाश न लेने के लिए भी आदेशित किया गया ।इस दौरान ब्लॉक में 30 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। सभी के साथ साथ सत्रों का सुपरविजन हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, फार्मासिस्ट दीपक कुमार , ए आर ओ आलोक कुमार, एल एच वी, और समस्त कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**समाज जागरण**

सम्भल। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शहजादी सराय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा लॉग बुक सहित सभी व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर संबंधित




अधिकारियों को कक्षों एवं भवन की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को छत पर लगे पानी के टैंक में हो रहे रिसाव को तत्काल ठीक कराने तथा छत की समुचित साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील सभागार, सम्भल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एएसडी सूची, डिजिटलाइजेशन एवं अन्य प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ. मणिभूषण तिवारी, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, भाजपा युवा मोर्चा से सौरभ गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अवधेश राघव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विटामिन-ए अनुपूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारम्भ, बच्चों को दी गई नि:शुल्क खुराक

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी।**

जनपद में विटामिन-ए अनुपूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारम्भ जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ. अमित गुप्ता एवं एसीएमओ डॉ. आर.एम. गुप्ता की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि विटामिन-ए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, आंखों की रोशनी सुरक्षित रखने तथा कुपोषण से बचाव में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद के 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी पात्र बच्चों को विटामिन-ए की निःशुल्क खुराक दी जाएगी।

सीएमओ ने बताया कि यह अभियान 26 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 24 जनवरी 2026 तक चलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा निर्धारित सत्र स्थलों पर व्यापक स्तर पर खुराक वितरण किया जा रहा है।

# स्त्री सेवा समिति ने सेवा सप्ताह में बांटे गर्म वस्त्र

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी, संवाददाता कुलदीप सिंह।**

स्त्री सेवा समिति द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जरूरतमंदों की सहायता के लिए सराहनीय कार्य किया गया। समिति की महिलाओं ने जिला महिला अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती महिलाओं को शाल व कंबल तथा नवजात शिशुओं को गर्म वस्त्र वितरित किए।



इसके पश्चात समिति की सदस्य गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के अवसर पर जिला जेल पहुंचीं, जहां निरुद्ध महिला कैदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस दौरान जेल प्रशासन, विशेषकर जेलर द्वारा स्त्री सेवा समिति को भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। समिति की अध्यक्ष तरविंदर कौर ने महिला कैदियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्त्री सेवा समिति समय-समय पर उनकी सहायता के लिए आगे आती रहेगी और सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ सदस्य गुरजीत कौर, जगजीत कौर, नीना कौर, रश्मि कौर, मंजीत कौर, निधि कौर, सचिव गुरप्रीत कौर, मीडिया प्रभारी राजी कौर, सतबीर कौर, खुश, मिली सहित समिति की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# बाइक चालक युवक की दुर्धटना में मौके पर मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों कोहराम मचा है।

सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम कुंजेता निवासी नरेंद्र कुमार का 21 वर्षीय पुत्र निर्मल कुमार बृहस्पतिवार की सुबह बाइक से धामपुर की ओर जा रहा था जब वह सुबह 7 बजे करीब नेशनल हाईवे 74 मार्ग स्थित दो पल रेस्टोरेंट के निकट पहुंचा कभी सामने से आ रहा अज्ञात वाहन ने कोहरा होने के कारण और नियंत्रित ठोकर टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इतना उसकी सहायता के लिए कोई वहां जा पाता तब तक उसने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। राहगीरोनी घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलने पर 112 पुलिस सहायता टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे कर लिया। मृतक के पास से उसका आधार कार्ड मिला जिसके आधार पर उसके परिजनों को मोबाइल फोन द्वारा सूचना दी सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# अटल पार्क (ओपन जिम) का किया लोकार्पण

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगरपालिका परिषद वार्ड 16 के महादेवपुरम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बोबी व नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अटल पार्क ओपन जिम का लोकार्पण नारियल फोड़कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया गुरुवार को लोकार्पण के उपरांत आयोजित सभा में नेता द्वय द्वारा अटल जी के कार्यो को व विचारों पर प्रकाश डाला गया और महादेव पुरम वासियों से स्वस्थ रहने के लिए जिम लगाये गये उपकरण का प्रयोग नियमित रूप से करने का अनुरोध किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र पाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश व संचालन अरविन्द अहलावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के ईओ विकास कुमार, सभासद अमित ठाकुर, घनश्याम दास गुप्ता, अभिषेक राणा, नीरज शर्मा,आदिल, बेबी, संजय विश्नोई , चौधरी बिजेंद्र सिंह सहित महादेव पुरम के निवासी उपस्थित रहे।



# सुबह फिर छाया घना कोहरा, दोपहर में निकली हल्की धूप

**ठंड से भी रहा बुरा हाल, लोगों ने अलाव पर हाथ तापे, नहीं मिली राहत**

**गर्म कपडों में नजर आए लोग, ठंड के कारण जनजीवन भी हो रहा प्रभावित**



समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) कोहरे का प्रकोप लगातार बना हुआ है, शुक्रवार की सुबह भी घना कोहरा छाने व कडाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग ठंड से बुरी तरह मुहाल रहे। लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत का प्रयास किया, ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपडों में ढके नजर आए। जानकारी के अनुसार जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ है, एक दिन की राहत के बाद कोहरे व ठंड ने लोगों को मुहाल करके रखा हुआ है। शुक्रवार की सुबह भी कोहरे व ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित नजर आया। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपडों में पूरी तरह ढके दिखाई दिए। कोहरे के कारण कुछ दूरी भी साफ नजर न आने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि दिन चढने के साथ हल्की धूप भी निकली लेकिन ठंड से ज्यादा राहत नहीं मिल पाई। दोपहर के समय एक बार फिर आसमान में कोहरा छा गया और धूप गायब हो गयी। ठंड के कारण स्कूलों में भी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी कम हो गयी है। कई जगह लोगों को अलाव जलाकर हाथ तापने पडे। ठंड का आलम यह है कि लोगों के हाथ-पैर सुन्न हो रहे है। वहीं दुकानों पर रुम हीटरों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। देहात क्षेत्रों में भी ठंड के कारण किसान देर से ही अपने खेतों पर जा रहे हैं।

# पाइप लाइन के लीकेज होने से पानी को तरसे काकानगरवासी

**मौके पर पहुंचे पालिका कर्मचारियों ने शुरू किया मरम्मत का काम**

**सडक के बीच गड्ढा खोदे जाने के कारण यातायात व्यवस्था भी रही प्रभावित**



समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के झिंझाना रोड पर पानी की पाइप लाइन के लीकेज होने के कारण मौहल्ला काकानगर की पानी की सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर नगर पालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा पाइप लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया। इस दौरान मार्ग पर जाम के हालात भी बने रहे। जानकारी के अनुसार शहर के झिंझाना रोड स्थित आरके इटर कालेज के निकट नगर पालिका की पानी की पाइप लाइन अचानक लीकेज हो जाने से मौहल्ला काका नगर के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पडा। मौहल्लेवासियों की सूचना पर नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा सडक के बीच में गड्ढा खोदकर ट्यूबवैल को बंद कराकर पाइप लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया गया। बताया जाता है कि उक्त पाइप लाइन काकानगर में पानी की टंकी में सप्लाई करती है। पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण टंकी में पानी नहीं पहुंच पाया जिस कारण मौहल्ले में भी पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। पानी के लिए मौहल्ले के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। वहीं सडक के बीच गड्ढा खोदे जाने के कारण आने जाने वाले लोगों को भी दिक्कतें उठानी पडी। मौके पर जाम के हालात बने रहे। देर शाम तक नगर पालिका कर्मचारी पानी की पाइप लाइन को ठीक करने के काम में जुटे रहे।

# सिम्भालका के निकट संदिग्ध परिस्थिति में आग में जली कार मिली

**मौके पर नहीं मिला कोई व्यक्ति, जांच पडताल में जुटी कोतवाली पुलिस**

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) मेरठ-करनाल हाइवे पर बीती देर रात एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। शुक्रवार की सुबह सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। अब पुलिस कार सवारों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के मेरठ-




करनाल रोड स्थित गांव सिम्भालका के निकट एक कार जली हुई हालत में खडी है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची जहां कार पूरी तरह से आग से खाक हुई मिली। मौके पर कोई व्यक्ति भी नहीं मिला ताकि घटना का पता चल सके। संभावना जताई जा रही है कि देर रात कार में आग लगने के कारण कार सवार लोग वहां से चले गए। पुलिस अब कार की जांच पडताल करते हुए उसके सवारों के बारे जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है।

# गुरु गोविन्द सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन

**शिक्षण संस्थाओं में वीर बाल दिवस पर हुए देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम .**

समाज जागरण

शामली। शहर के शिक्षण संस्थाओं में गुरुवार को गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर चारों साहिबजादों को नमन किया। बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर वैदिक इंटर कालेज में गुरुवार को बालवीर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाल सिंह राणा ने कहा कि मनुष्य की पग-पग पर धर्म और सिद्धांतों पर अडिग रहने की परीक्षा होती रहती है। जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों पर अडिग रहता है, वही वास्तव में सच्चा माता-पिता, गुरु,इ श और देशभक्त हो सकता है। कार्यक्रम में कुनाल, अक्षय, अंश गौतम, तनिष भारद्वाज, सम्भव, संगम और कार्तिक ने देशभक्ति से परिपूर्ण गीत प्रस्तुत किए। क्रिस्टी और अनन्त ने भाषण की प्रस्तुति दी। डा. प्रीतम सिंह प्रीतम ने चारों बालवीरों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सुषमा शर्मा, अनीता, कविता, सरिता चौधरी, पारूल, डोली, रेखा आदि उपस्थित हुए। दूसरी ओर शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में भी गुरु गोविन्द सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान दिवस को बालवीर दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षक सागर कुमार ने कहा कि आदिकाल से लेकर आज तक भारत भूमि पर अनेक महापुरूषों ने जन्म लेकर अपने उपदेश रूपी अमृत से पृथ्वी को सींचने का कार्य किया। अपने धर्म व अपनी मातृभूमि के लिए मर मिटने वालों की श्रृखंला में गुरू गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह का बलिदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहने वाला है। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने छात्रों से अपने पुरखों की वीरता और बलिदान से प्रेरणा लेकर एक सशक्त राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान देने का आवाह्न किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द, अरविन्द कुमार, सोमदत्त आर्य, अशोक सोम, मधुबन, मनोज कुमार, नीटू कुमार, प्रदीप कुमार, भानू कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में भी वीर बालदिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने गुरू गोविन्द सिंह के चारो साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह के बलिदान के बारे में बताते हुए कहा कि इतनी कम आयु में देश और धर्म के लिए बलिदान हो जाने के उदाहरण संसार में अत्यन्त दुर्लभ है।

इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें आस्था ने प्रथम, परीक्षा शर्मा ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में सारिका गर्ग व उमा रहे। इस अवसर पर कालेज के शिक्षक व स्टाफ भी मौजूद रहा।

# रेलवे के गाटर में फंसा गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक

समाज जागरण

शामली। शुक्रवार की दोपहर शहर के बुढाना रोड पर गन्नों से भरा एक ओवरलोड ट्रक रेलवे के गाटर में फंस गया जिस कारण वहां से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। बाद में ट्रक को किसी तरह निकालकर उसे वापस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर के बुढाना रोड पर शुक्रवार की दोपहर किसी सेंटर से गन्ना भरकर आ रहा एक ओवरलोड ट्रक रेलवे के गाटर में फंस गया। काफी प्रयास के बावजूद ट्रक गाटरों से नहीं मिल पाया जिस कारण अन्य वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पडा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा कडी मशक्कत के बाद किसी तरह ट्रक को गाटरों से निकाला गया। पुलिस ने चालक को ट्रक में गन्ने की मात्रा कम करने की बात कहते हुए वापस सेंटर के लिए चलता कर दिया।

# अजुध्या चौंक से गांधी चौंक तक बीसी तारकोल से बनाई जाए सडक

**बडा बाजार के व्यापारियों ने डीएम से किया अनुरोध, कहाः नगर पालिका को राजस्व की होगी बचत**

समाज जागरण

शामली। शहर के बडा बाजार के व्यापारियों ने अजुध्या चौंक से लेकर गांधी चौंक तक की सडक को बीसी तारकोल से बनवाए जाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इससे जहां नगर पालिका को राजस्व की बचत होगी वहीं व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पडेगा। जानकारी के अनुसार गुरुवार को शहर के बडा बाजार के सैंकडों व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित एक ज्ञापन देते हुए बताया कि अजुध्या चौंक से गांधी चौंक स्थित गुलदाने वाले की दुकान तक सीसी सडक तीन टैंडरों में पास की गयी है, उक्त सडक पहले से ही बीसी तारकोल की है, यदि इस सडक पर एक लेयर तारकोल की और डलवा दी जाए तो इससे नगर पालिका को राजस्व की बचत होगी वहीं व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पडेगा। व्यापारियों ने डीएम से अनुरोध किया कि सडक की जांच कराकर मार्च 2026 में बीसी तारकोल से ही बनवाया जाए। इस अवसर पर नरेश जैन, पंकज जैन, अजय कुमार बंसल, संजय गर्ग, अहसान अली, विनय कुमार, राजेश जैन, संजीव बंसल, रवि जैन, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, रोबिन सिंघल, अमित जैन, अनिल जैन, अरूण कुमार गर्ग, पंकज वालिया, प्रभाकर, रविन्द्र कुमार, संजीव शुक्ला, अशोक कुमार, दीपक, अपूर्व सिंघल, अनिल जैन, अमित गुप्ता, ब्रजभूषण गर्ग, ब्रजमोहन गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

# 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान शुरू

**एक माह में विभिन्न सत्रों में 171934 बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक, सीएमओ ने किया शुभारंभ**

समाज जागरण

शामली। शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को 09 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने के अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएमओ डा. अनिल कुमार ने एक बच्चे को खुराक पिलाकर अभिभावकों से बच्चों का टीकाकरण कराने की अपील की। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक माह तक आयोजित होने वाले विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डा. अनिल कुमार ने बच्चे को विटामिन ए खुराक पिलाकर टीकाकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलाएं। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न सत्रों में 171934 बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है। इस खुराक से बच्चे स्वस्थ व पोषित रहते हैं। इस अवसर पर एसीएमओ डा. अथर जमील, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. करण चौधरी, चिकित्साधीक्षक डा. दीपक कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# नौ दिवसीय तीर्थ यात्रा बस को दिखाई हरी झंडी

समाज जागरण

शामली। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा पुरानी गौशाला से नौ दिवसीय तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में सवार श्रद्धालु दिल्ली निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से एक विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन के माध्यम से नासिक, शिरडी, औरंगाबाद, घृणेश्वर ज्योर्तिलिंग, एलोरा का कैलाश मंदिर, त्रयम्बेकश्वर ज्योतिर्लिंग सहित महाराष्ट्र के अन्य स्थानों पर जाएंगे। इस अवसर पर अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवचरण कुमार संगल, विपिन, संजीव संगल, श्री राजेंद्र कुमार, राम कुमार गर्ग, रोहित, मीरा शर्मा, प्रवेश शर्मा, नरेश कुमार, मनोज, कृष्णपाल शर्मा, श्रीमती कौशल्या, अरुण कुमार, शिवम शर्मा, राजश्री, हर्षित, विपिन गोयल, राजाराम चौरसिया, गोवर्धन लाल, मधु गोयल, लक्ष्मीचन्द आदि मौजूद रहे।

# अटल स्मृति सम्मेलनः राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले नेता को श्रद्धांजलि

**दुनिया में आज भी नहीं अटल जैसा कोई नेताः सुरेश राणा**

समाज जागरण

थानाभवन। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर थाना भवन नगर पंचायत में जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने उनके जीवन और कार्यों को स्मरण किया। सुरेश राणा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति में रहते हुए कभी भी राष्ट्र के सम्मान से समझौता नहीं किया। अमेरिका के दबाव को ठुकराकर परमाणु परीक्षण कराने का साहसिक निर्णय लेकर उन्होंने भारत को विश्व मंच पर परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया। वे हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते थे और पक्ष-विपक्ष, दोनों के ही लिए समान रूप से सम्मानित नेता थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए कि राजनीति सेवा का माध्यम है और देश सर्वोच्च है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अटल जी के कार्यकाल की उपलब्धियों और जीवन के संस्मरणों को साझा करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष आनंद पुंडीर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, प्रमुख पति दीपक कोरी, भूपेंद्र चौधरी, जलालाबाद मंडल अध्यक्ष चक्रेश राणा, जिला पंचायत सदस्य पति मैनपाल सैनी, मोनू राणा, पप्पू प्रधान, सोमबीर प्रधान तथा गन्ना समिति थानाभवन के चेयरमैन राजेश राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग की बैठक संपन्न ।

**आबिद अल्वी शामली जिला सदस्य बने , पर्यावरण को बचाना जरूरी पूर्व चेयरमैन राशिद अली**

समाज जागरण कैराना।




(सलीम फारुखी) नगर के मौहल्ला आल खुर्द स्थित सरकारी ट्यूबवेल के निकट आबिद अल्वी के निवास स्थान पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग की एक बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष राशिद अली तथा भावि चेयरमैन चैयरमेन प्रत्याशी मोहम्मद सालिम एडवोकेट ने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग की जानकारी देते हुए कहा है कि आबिद अल्वी को जनपद शामली का सदस्य बनाया गया है जिसकी हम लोग सरहाना करते हैं आबिद अल्वी के साथ हम लोग सहयोग के लिए हर समय खड़े रहेंगे जहां तक समाज की सेवा का सवाल है हम लोग संपूर्णतः भाग लेने के लिए सक्षम रहेंगे। मोहम्मद सालिम एडवोकेट ने भी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि जिन्होंने हमारे नगर कर्मठ जुझारू आबिद अल्वी को एक अहम जिम्मेदारी सौंपी हैं हम उन पदाधिकारी का धन्यवाद व्यक्त करते हैं। वही दूसरी ओर आबिद अल्वी को सामाजिक कार्यकताओं तथा गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। इस अवसर पर वरीस अहमद, इनाम अल्वी ,कोसर अली, रोहताश ,नवीन कुमार, हाजी राशा लियाकत, अली, गुलजार अल्वी, हामिद अली ,जावेद अल्वी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश की हिंसा पर मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने जताई चिंता, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण कैराना।




पड़ोसी देश बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसक घटनाओं को लेकर मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने गहरी चिंता व्यक्त की है। शुक्रवार को मंच के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज को एक ज्ञापन सौंपते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा की घटनाएं अत्यंत गंभीर और चिंताजनक हैं। ऐसी घटनाओं का असर क्षेत्रीय शांति और सामाजिक सौहार्द पर नहीं पड़ना चाहिए। मंच के पदाधिकारियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर रोक लगाई जाए तथा समाज में भाईचारे का माहौल बनाए रखा जाए।उन्होंने कहा कि भारत विविधता में एकता का देश है और यहां सभी वर्गों को आपसी सद्भाव, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। मंच ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे संयम बनाए रखें और किसी भी भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस दौरान मजदूर बेरोजगार

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, पावटी कलां के ग्रामीणों का तहसील पर प्रदर्शन

समाज जागरण

कैराना।(सलीम फारुखी)



ग्राम पंचायत पावटी कलां के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती पत्र सौंपकर मतदाता सूची की जांच कर त्रुटियां दुरुस्त कराने की मांग की।प्रदर्शन का नेतृत्व वर्तमान प्रधानपति जावेद अली ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत स्तर पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसमें पावटी कलां गांव की सूची में कई प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई हैं। आरोप है कि बीएलओ ने मौके पर सत्यापन किए बिना ही पाटीबाजी व लापरवाही बरतते हुए अनेक ग्रामीणों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कुछ मतदाताओं के नाम सूची में दो-दो बार दर्ज हैं, जबकि कई पात्र मतदाताओं के नाम पूरी तरह गायब हैं। इसके अलावा ऐसे व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कर दिए गए हैं, जो गांव के निवासी ही नहीं हैं। वहीं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कई युवकों द्वारा नए वोट बनवाने के लिए आवेदन किए गए थे, लेकिन उनके नाम भी मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए।आरोप है कि जब इस संबंध में बीएलओ से संपर्क किया गया तो उसने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि मतदाता सूची फाइनल हो चुकी है और अब किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं है। ग्रामीणों ने इसे नियमों के विपरीत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।शिकायती पत्र में मतदाता सूची का पुनः अवलोकन कर सभी त्रुटियों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की गई है। इस मौके पर कय्यूम, रियासत, सादिक, हारुण, ताहिर, इरशाद, लिया कत, दिलशाद, वकील, कामिल, जुबैर, साबिर, मुस्तफा, मुनव्वर, साजिद, मुबारिक, अमजद, अकरम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं, इस संबंध में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर मतदाता सूची की त्रुटियों का निस्तारण कराया जाएगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट दो घायल, चार का चालान

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। चिकित्सकों ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में इकराम पक्ष और इलियास पक्ष में किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। गुरुवार की शाम को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से तस्लीम व दूसरे पक्ष से इकराम घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए

एक पक्ष से इंजमाम उल हक, जैनुल हक व दूसरे पक्ष से उस्मान व सलमान हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चारों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गांव गंगेरू में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान किया गया है।

# मण्डावर में आयोजित रक्तदान शिविर में 20 यूनिट खूनदान

समाज जागरण कैराना।

शुक्रवार को खादर क्षेत्र के गांव मण्डावर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कण्डेला मंडलाध्यक्ष फारूक चौधरी के आवास पर सर्वोदय जनकल्याण



समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से जरूरतमंदों के लिए खूनदान किया। वहीं, शिविर आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं के लिए डोनर कार्ड जारी किए गए। साथ ही उनके रक्त की निःशुल्क जांच हुई। इस अवसर पर फारूक चौधरी, तासीम अली, इसरार, नदीम, दानिश चौधरी, कौसर प्रधान, फौजी, गय्यूर आदि ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया।

# पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों का मलबा उठाया, कार्रवाई की मांग

**-- नीलामी राशि नहीं की जमा — ठेकेदार पर गंभीर आरोप**

समाज जागरण कांधला।

ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद ठेकेदार द्वारा नीलामी की राशि जमा न करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी शामली और थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि विकास खंड क्षेत्र के भभीसा, गंगेरू, आल्दी, इस्सोपुर टील व रसूलपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पुराने व निष्प्रयोजन भवनों के ध्वस्तीकरण व मलबा निस्तारण हेतु 19 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पर नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई थी। नीलामी में ग्राम संपला निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र राजा सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाते हुए 5 लाख 48 हजार 100 रुपये में ठेका अपने नाम कराया था।आरोप है कि ठेकेदार ने नीलामी के बाद आज तक उक्त धनराशि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी खाते में जमा नहीं कराई। विभाग की ओर से कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन ठेकेदार द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इसके अलावा विभाग द्वारा लिखित पत्र भेजकर भी बार-बार अवगत कराया गया, बावजूद इसके कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। चिकित्सा प्रभारी का आरोप है कि ठेकेदार ने सभी पांचों स्वास्थ्य उपकेंद्रों से ध्वस्त भवनों का मलबा उठा लिया है, लेकिन नीलामी की निर्धारित धनराशि अब तक जमा नहीं कराई गई है। चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी तथा थाना कांधला में शिकायती पत्र देकर ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे और पेडिया तोड़ने का आरोप , मुकदमा दर्ज

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे और मदरसे के गेट पर लगी पैड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आजम अली पुत्र हाजी हसन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत दो दिसंबर की रात्रि दो बजे पड़ोस के ही अब्बास, यासीन, लीलू व साहिल ने एक राय होकर पीड़ित के मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर मदरसे के गेट पर लगी पेडियो को तोड़ दिया था। आरोप है कि विरोध करने पर मदरसे की पांच छात्राओं को भी मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि दो दिन पूर्व चारों लोगों ने मदरसे के गेट पर बनी पेडियो को जड़ से नष्ट करने का प्रयास किया। पीड़ितों ने विरोध किया तो चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान चित्र पर किया माल्यार्पण



**समाज जागरण**

अमीनगर सराय। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने अटल स्मृति समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत मन्दिरों में साफ-सफाई कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पण्डित अटल बिहारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अमीनगर सराय में भाजपाइयों ने भाजपा नेता अमित बंसल के प्रतिष्ठान बंसल इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर शोरूम पर अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा किये गये। जन कल्याणकारी कार्यों को याद करते हुए पूर मंडल अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि सभी कार्य कताओं को साथ लेकर चलने वाले पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई का जन्मोत्सव हम सभी कार्यकर्ता उत्सव की तरह मनाते हैं। अटल जी सभी कार्यकताओं का सम्मान करते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बंसल ने कहा कि सरल स्वभाव के धनी अटल जी का सम्मान विपक्ष के सभी नेता करते थें। इस दौरान संजीव विश्वकर्मा, अजय पालीवाल, संजय गर्ग, अमित बंसल, श्याम सुंदर गर्ग, सचिन कुमार, रुद्र बंसल, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कोणार्क विद्यापीठ में हुआ रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन



**समाज जागरण बागपत।**

कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज मैदान पर भारी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण का केंद्र रही रस्साकसी की स्पर्धा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी ताकत और टीम वर्क का जबरदस्त प्रदर्शन किया। रस्साकसी के मुकाबलों में विद्यालय के विभिन्न हाउसों (सदन) के बीच कांटे की टक्कर हुई। जैसे ही रेफरी की सीटी बजी, दोनों तरफ के खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से रस्सी को अपनी ओर खींचना शुरू कर दिया। बच्चों का जोश और जीत का जज्बा देखकर दर्शकों और शिक्षकों ने तालियों के साथ उनका हौसला बढ़ाया। सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में काफी देर तक रस्सा बीच में अटका रहा, लेकिन अंत में तिलक हाउस ने बाजी मारी। रस्साकसी में बालिका वर्ग में पटेल हाउस ने बाजी मारी। प्राइमरी एवं जूनियर वर्ग में फ्रॉग रेस, म्यूजिकल चेयर लेमन रेस रिंग जंपिंग बैलेंसिंग रेस फन रेस बुक बैलेंस रेस की प्रतियोगिताएं कराई गई। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि रस्साकसी केवल शारीरिक बल का खेल नहीं है, बल्कि यह आपसी भरोसे और टीम भावना का प्रतीक है। आज बच्चों ने जिस तरह मैदान पर अपना दम दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। विद्यालय के उप प्रबंधक अंकित धामा ने कहा कि ये खेल केवल शारीरिक विकास के लिए नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास जगाने के लिए भी जरूरी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि खेल केवल जीत और हार के बारे में नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और कभी न हार मानने वाले जज्बे की सीख हैं। विजेता टीमों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामचंद्र शर्मा, शक्ति राजदान, नलिनी शर्मा, वन्नी शर्मा, सविता शर्मा एवं शालु जैन, रमा तेवतिया, मेघा धामा, नरेश कुमार, मनीष धामा, गुलशन चौहान, वरुण वर्मा, दुष्यंत त्यागी, मंजू गुप्ता, पायल चौहान, रितु तेवतिया, नीतीश पाराशर, राहुल कुमार, सुमित तेवतिया, शशि त्रिपाठी, विपिन धामा, शालिनी शर्मा, शिवानी धामा, शिवानी शर्मा, मोनिका कौशिक, शुभम जैन, नरेश कुमार, अभिषेक शर्मा, शुभम जैन आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस



**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। यह दिन इतिहास के पन्नों में एक खास मुकाम रखता है। इसका एक अपना अलग इतिहास है, जिसने बच्चे बच्चे के दिल में अपने देश और धर्म के लिए बलिदान देने का जज्बा जगा दिया। यह दिन गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे शहजादों के बलिदान देने के कारण वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी के बेटे जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने छोटी उम्र में ही धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। ये दोनों छावा की तरह दहाड़ते थे मुगल शासको ने जोरावर सिंह और फतेह सिंह को पकड़कर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला था, लेकिन उनका सिर मुगल शासको के आगे झुका नहीं। इसलिए मुगल शासको ने उन्हें दीवार में जिंदा चिनवा डाला। इन नन्हे शहजादों ने कुर्बान होना मंजूर किया पर धर्म परिवर्तन नहीं। इस परिवार के बलिदान के कारण लाखों लोगों को धर्म परिवर्तन का दंश नहीं झेलना पड़ा। वीर बाल दिवस को मनाने की शुरूआत 2022 हुई थी। प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के मौके पर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। वीर बाल दिवस पर स्कूल के छात्रों आदि जैन, अनंत जैन, दीपक व कृष्णा ने एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें जोरावर सिंह व फतेह सिंह की भूमिका में आदि जैन और अनंत जैन ने सबका मन मोह लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बच्चों को बताया की कैसे छोटे-छोटे बच्चों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। मगर अत्याचारियों के आगे नहीं झुके हमें भी उनसे देश प्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए।

# मदरसा मोहसिनुल उलूम रटौल में जनपद स्तरीय कुरआन करीम मुसाबका सम्पन्न



**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा रटौल स्थित मदरसा मोहसिनुल उलूम में जनपद बागपत के समस्त मदरसों के होनहार बच्चों का कुरआन करीम मुसाबका ( प्रतियोगिता) अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में दारुल उलूम देवबंद से जुड़े जनपद बागपत के सभी मदरसों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुसाबके की सदारत मुफ़्ती दिलशाद कासमी ने की, जबकि निर्णायक मंडल में मुफ़्ती खुर्शीद कासमी, कारी लुकमान और कारी शौकत शामिल रहे। जजों ने बच्चों की तिलावत, मखारिज और तज्वीद के आधार पर निष्पक्ष रूप से परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में अली मोहम्मद ने प्रथम स्थान, अयान ने द्वितीय स्थान व मोहम्मद यासीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कारी इरशाद, हाफि ज अब्दुल रहीम, कारी मुबारक, कारी आरिफ, मौलाना अब्दुल सलाम, मौलाना शफीक, मौलाना महमूद, मौलाना कासिम ,मौलाना कलीम,सैयद शोएब,सहित अनेक उलमा-ए-किराम मौजूद रहे। कार्यक्रम में मदरसा कमेटी के अध्यक्ष डॉ जाकिर हसन, कुंवर इंशाद अली, दिलदार चौधरी,प्रोफेसर बिलाल अहमद सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम नई नस्ल को कुरआन से जोड़ने और उनके नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गरीबों को कंबल वितरण किया



**समाज जागरण बागपत।**

लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सि,वन द्वारा आर्य समाज मंदिर अग्रवाल मंडी टटीरी में अंतर्राष्ट्रीय निदेशक नामित पीएमजेएफ लायन विनय मित्तल का निदेशक नामित होने पर माल्यार्पण कर, पटका ओढ़ाकर पगड़ी पहना कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य संयोजक एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की विगत सप्ताह लायन विनय मित्तल का नामांकन पत्र अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय को जमा हो गया है। आप 2026-28 के लिए भारत से निर्विरोध निदेशक निर्वाचित हो जाएंगे स्वागत से अभिभूति लायन विनय मित्तल ने क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं क्लब के साथ पूरे जीवन तन मन धन से खड़ा रहूंगा अपने क्लब के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा सभी को लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के सदस्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों के सहयोग से निर्धन व्यक्तियों को 350 कंबल वितरण किया गया। जिन्हें पाकर पात्र व्यक्तियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और अपने क्लब के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन संजय गोयल ने की सचिव पंकज गुप्ता ने क्लब का परिचय दिया। कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष ईश्वर अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अंकित जिंदल, कार्यक्रम संयोजक धीरज अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर डॉक्टर कमला अग्रवाल, डॉक्टर रामलाल, सचिन सिंघल, राजकुमार गोयल, प्रदीप नैन, लायन अमित मित्तल, आशुतोष मित्तल, एडवोकेट अशोक अग्रवाल, एडवोकेट प्रमोद मानव, विभोर जिंदल, डॉ विनोद कुमार, पूर्व चेयरपर्सन नगर पंचायत अनिल गांधी, अशोक कुमार, प्रवीण गुप्ता, मनोज गोयल, संजय गर्ग, अतुल जिंदल सहित

## कूड़े के अंबार से जाम हुआ गांव का मुख्य संपर्क मार्ग, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

खंड विकास क्षेत्र के गांव चढ़ाव में ग्राम प्रधान और विकासखंड अधिकारियों की लापरवाही से मुख्य संपर्क मार्ग कूड़े के भारी ढेर से पूरी तरह बाधित हो गया है।सड़क पर पड़े ढ़ेर की सफाई न होने के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आना-जाना होता है, जिनमें स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक शामिल हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निस्तारण की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि कूड़े के ढेर के कारण अब इस रास्ते से निकलना लगभग असंभव हो गया है। मजबूरी में लोगों को लंबा और खराब वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी हो रही है।कूड़े के ढेर से लगातार दुर्गंध फैल रही है और आसपास का माहौल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। गंदगी के कारण मच्छर, मक्खी और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।इस मौके पर विक्रम, रिशिपाल, सोनू, गौतम, सौरभ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

विकास खंड क्षेत्र के गांव डांगरोल में डॉ. दिनेश कुमार के आवास पर अजेय योद्धा, साहस व वीरता के प्रतीक परम श्रद्धेय महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित लोगों ने महाराजा सूरजमल की उदारता, पराक्रम और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। इस अवसर पर महाराजा



सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवनकाल में लगभग 80 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उन्होंने सदैव धर्म की रक्षा की तथा भरतपुर रियासत का विस्तार करते हुए उसे मेरठ तक पहुंचाया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर अनिल चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जैसे महान शासक के कारण ही जाट समाज का नाम देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जाता है।इस मौके पर वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रधान, जय कुमार, विनोद पंवार, सोमपाल पंवार, विनोद प्रधान, सुनील पंवार, मुकेश, देविंदर डायरेक्टर, बबलू, महाशय जी जगदीश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक सवार घायल



**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के दिल्ली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप बाइक से जा रहे एक युवक को विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को कस्बे की जाट कॉलोनी स्थित मंदिर पुजारी का पुत्र अक्षय शर्मा, पुत्र सुरेंद्र शर्मा अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बे के दिल्ली रोड स्थित कांधला कॉलेज कांधला के निकट किसी कार्य के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही पेट्रोल पंप के निकट एक रेस्टोरेंट के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। मंदिर पुजारी का पुत्र बाइक से गिरकर घायल हो गया।सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकि त्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल का कहना है कि विगत 3 माह के भीतर उसका तीन बार एक्सीडेंट हो चुका है कोई व्यक्ति रंजिशन उसके साथ घटना को अंजाम दे रहा है। अन्य बाइक सवार हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

## सरकारी अस्पताल का शैक्षिक भ्रमणः छात्रों ने जाना इलाज व दवा प्रबंधन का तरीका



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के सरकारी अस्पताल में नगर स्थित द गॉड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के तहत पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान छात्रों ने अस्पताल परिसर का अवलोकन करते हुए यह जाना कि मरीजों का पंजीकरण कैसे होता है, डॉक्टर किस प्रकार जांच कर उपचार करते हैं तथा दवाओं का भंडारण और वितरण किस व्यवस्था के अंतर्गत किया जाता है।चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर सिंह ने छात्रों को बताया कि अस्पताल में दवाओं की गुणवत्ता, रखरखाव और समय-समय पर आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया बेहद व्यवस्थित ढंग से की जाती है, ताकि मरीजों को समय पर सही उपचार मिल सके। उन्होंने दवा वितरण प्रणाली और फामेर्सी के कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. रवि वर्मा, डॉ. अजहर तथा फार्मासिस्ट दीपक सहित अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया और प्राथमिक उपचार, रोगों की पहचान, स्वच्छता तथा मरीजों से व्यवहार जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्रों को यह भी बताया गया कि भविष्य में यदि वे स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर डॉक्टर, फार्मासिस्ट या अन्य पदों पर सेवा करना चाहें तो इसके लिए किस प्रकार की पढ़ाई और तैयारी आवश्यक होती है। इस दौरान दर्जनों छात्र व छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

# एलम धरने पर पहुंचे नरेश टिकैत, बोले,आबादी से नहीं गुजरने देंगे लाइन



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एचटी विद्युत लाइन बिछाने को लेकर चल रहा विवाद लगातार गंभीर होता जा रहा है। उत्तरी विकास नगर की आबादी के बीच से लाइन निकाले जाने के विरोध में शुरू हुआ धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत धरने पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों को संबोधित करते हुए विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। कस्बा एलम में बीते लगभग 16 दिनों से विद्युत विभाग द्वारा कस्बा एलम के उत्तरी विकास नगर क्षेत्र से होकर एचटी लाइन खींचने की तैयारी की जा रही है, जिसका स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मोहल्ले में पहुंची और जबरन कार्य शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष पहुंचे और धरने को संबोधित करते हुए भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि आबादी वाले क्षेत्र से एचटी लाइन गुजरना सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक समस्या का स्थायी और सुरक्षित समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक किसी भी हाल में लाइन बिछाने नहीं दी जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग पर मनमानी करने और जनता की सुरक्षा की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।धरने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे तथा विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन कार्य कराने का प्रयास किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।धरने में अंकित पवार, पूर्व चेयरमैन दीपा पवार, सुरेंद्र सिंह, प्रभात मलिक, पप्पू प्रधान, ओम सिंह, मास्टर बलजोर, वीरेंद्र सिंह वर्मा, देव पवार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा 02 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा जनपद में नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी, सोनभद्र के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे के नेतृत्व में दिनांक 26.12.2025 को थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त क्रम में शक्तिनगर पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए देखभाल क्षेत्र, लंबित विवेचनाओं की समीक्षा, वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं अपराध नियंत्रण में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एम0जी0आर0 बस्ती रेलवे लाइन के पास समय करीब 08:50 बजे एक व्यक्ति को 01 अदद प्लास्टिक के झोले में रखे 02 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित कुमार उर्फ लड्डू पुत्र लक्ष्मण पासवान, निवासी निमियाडाड बस्ती, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र (स्थायी पता झ ग्राम फजलगंज, सासाराम, थाना नगर सासाराम, जिला रोहतास, बिहार), उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-218/ 2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष चालान किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा अपने कृत्य को स्वीकार करते हुए बताया गया कि आर्थिक तंगी एवं गलत संगत में पड़ने के कारण वह गांजा बेचकर अपने व अपने परिवार का खर्च चलाता था। आज भी वह गांजा बेचने के उद्देश्य से जा रहा था कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस टीम द्वारा उसे पकड़ लिया गया।

## बैंक सुरक्षा को लेकर पुलिस-बैंक समन्वय गोष्ठी आयोजित, गश्त बढ़ाने व सीसीटीवी की नियमित जांच के निर्देश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क के कांफ्रेंस हॉल में जनपद सोनभद्र के समस्त बैंकों के अधिकारियों के साथ बैंक सुरक्षा के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा बैंक अधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए गए।
बैंक अधिकारियों द्वारा सुझाव दिया गया कि दिन एवं रात्रि में बैंकों की सुरक्षा को और मजबूत करने हेतु पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा लगातार भ्रमण सुनिश्चित किया जाए। उक्त सुझाव पर संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बैंकों के आसपास नियमित एवं छोटे-छोटे अंतराल पर गश्त बढ़ाएं तथा गश्त की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित करें। साथ ही बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी बैंक शाखाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों की प्रतिदिन जांच कराना सुनिश्चित करें। बैंक में कार्य के दौरान यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस एवं बैंक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना रहा।

## आयुष मंत्रालयः साक्ष्य-आधारित विकास, वैश्विक नेतृत्व और जन - केंद्रित स्वास्थ्य सेवा का एक परिवर्तनकारी वर्ष

आयुष मंत्रालय वर्ष 2025 के समापन के साथ, इस वर्ष को भारत की साक्ष्य-आधारित, जन-केंद्रित और वैश्विक स्तर पर एकीकृत पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचाने का साक्षी है। ऐतिहासिक नीतिगत पहलों और विश्व स्तरीय अवसंरचना विस्तार से लेकर ऐतिहासिक वैश्विक सहयोग और जन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों तक, इस वर्ष आयुष प्रणालियों ने वंचित से मुख्यधारा की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर होकर प्रगति की है। विकसित भारत@2047 की परिकल्पना के अनुरूप, मंत्रालय ने अनुसंधान, विनियमन, डिजिटल एकीकरण और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को सुदृढ़ करते हुए पारंपरिक चिकित्सा में भारत के नेतृत्व को मजबूत किया, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि समग्र स्वास्थ्य सेवा के लाभ देश भर में और उससे परे भी लाखों लोगों तक पहुंचें। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में सीएआरआई की अत्याधुनिक आयुर्वेद अनुसंधान सुविधा की आधारशिला रखी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के रोहिणी में नए केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) भवन की वर्चुअल रूप से आधारशिला रखी। 2.92 एकड़ में फैले इस अत्याधुनिक परिसर में 187 करोड़ रुपये की लागत से 100 बिस्तरों वाला अनुसंधान अस्पताल, विशेष क्लीनिक, उन्नत प्रयोगशालाएं और प्रशिक्षण सुविधाएं होंगी। दशकों तक किराए के परिसर से संचालित होने के बाद अब इस संस्थान का यह एक महत्वपूर्ण विस्तार है। प्रधानमंत्री ने पारंपरिक चिकित्सा में भारत के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व, आयुष वीजा के बढ़ते चलन और राष्ट्र के वैश्विक स्वास्थ्य एवं कल्याण राजधानी बनने की क्षमता का उल्लेख किया। केंद्रीय आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव, सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और सीसीआरएएस अधिकारियों ने अनुसंधान, रोगी देखभाल और सुलभता पर परियोजना के दीर्घ कालिक प्रभाव को रेखांकित किया। पंचकर्म, क्षार सूत्र और जलौकावचरण जैसे उपचारों के साथ-साथ आधुनिक निदान सुविधाओं से लैस आधुनिक बुनियादी ढांचे सहित नया सीए आरआई परिसर आयुर्वेद अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है।

# दशम पातशाह परिवार का बलिदान राष्ट्रहित के लिए प्रेरणास्रोत : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण**







सिरसा/कालांवाली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार का बलिदान राष्ट्रहित में सर्वोच्च कुबार्नी देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह का बलिदान भारत की आत्मा और अस्मिता की रक्षा करने वाली अमर विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और साहस का संदेश देती रहेगी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को सीडीएलयू सिरसा के मल्टीपर्पज हॉल में साहिबजादा जोरावर सिंह जी व साहिबजादा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु साहिबान की शिक्षाएं और सिद्धांत आज भी समाज को सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार गुरु परंपरा और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती, जहां मासूम बच्चों ने धर्म की रक्षा के लिए दीवारों में जीवित चिनवाना स्वीकार किया हो। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों की शहादत यह सिखाती है कि वीरता उम्र की मोहताज नहीं होती। माता गुजरी जी का त्याग और साहस भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय के अनुसार साहिबजादों के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी उनके बलिदान से परिचित हो सके। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने चार भाषाओं में आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में साहिबजादों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एवं सैंड आर्ट के माध्यम से उनकी शौर्य गाथा को दर्शाया गया। समारोह श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

# गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो को देश कभी भूला नहीं सकता: ठा.विक्रम सिंह

## गुरु गोविन्द सिंह के बच्चों व अमर शहीद उधम सिंह को किया याद

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी। हनुमान ढाणी क्षेत्र स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में आज बालवीर शहीदी दिवस एवं अमर शहीद उधम सिंह का जन्मोत्सव प्रेरणा स्वरूप बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों व गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की निदेशक सावित्री यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता उदयवीर, ठाकुर विशाल कुमार, शिक्षाविद विजेंद्र यादव, जल शक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता मास्टर राजेश भारद्वाज (महेंद्रगढ़), सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर दयानंद, सतीश कुमार, मास्टर कपिल वर्मा, अमन कुमार हालवास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे। इसके अलावा सरला अग्रवाल, उर्मिला सैनी, प्रीति देवी, पूनम सैनी, अनिता सैनी, कविता रंगा, शकुंतला देवी, रामा सैनी, बबीता बरगूजर, उषा रानी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ठाकुर विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज जिन ऊंचाइयों पर खड़ा है, उसके पीछे देशभक्तों का त्याग और बलिदान है। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन से हमें राष्ट्र धर्म की रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अमर शहीद उधम सिंह के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता।

निदेशक सावित्री यादव व शिक्षाविद विजेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ देशभक्ति की भावना विकसित होती है। मास्टर राजेश भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले 28 वर्षों से निरंतर देशभक्तों के जन्मोत्सव एवं त्याग-बलिदान दिवस मनाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और सेवा का भाव जागृत करना है। युवाओं को हर प्रकार के नशे से दूर रखना है, जिसका यह सबसे अच्छा सूत्र है। इससे युवा वर्ग देशभक्तों के जीवन से बहुत कुछ सीखेंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्रा आरोही ने देशभक्ति गीतों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हनुमान जी का प्रत्येक कार्य सेवा और भक्ति का अनुपम उदाहरण है: श्री महंत

## हनुमान जी ने अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं किया : डॉ. अशोकगिरी महाराज

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी। हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में श्रीश्री 1008 परमहंस बाबा जहरगिरि महाराज की पावन स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय हनुमते कथा के पांचवें एवं अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और सेवा का भावपूर्ण वातावरण बना रहा। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम व जय हनुमान के उद्घोष से आश्रम परिसर गूंज उठा।

पांचवें दिन की कथा में कथा व्यास मानस मर्मज्ञ हरिओम भारद्वाज (महाकाल नगरी उज्जैन) ने अपने मुखारविंद से हनुमान जी के अनेक स्वरूपों, उनकी अद्भुत शक्तियों तथा निष्काम सेवा भाव का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी केवल बल और पराक्रम के प्रतीक ही नहीं, बल्कि वे भक्ति, सेवा, विनम्रता और समर्पण के आदर्श हैं। हनुमान जी का जीवन यह संदेश देता है कि जब व्यक्ति अपने अहंकार का त्याग कर प्रभु की सेवा में स्वयं को समर्पित कर देता है, तब असंभव भी संभव हो जाता है।

कथा व्यास ने सुंदरकांड और रामायण के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि हनुमान जी ने समुद्र लांघकर माता सीता की खोज की, लंका दहन किया और प्रभु श्रीराम के कार्यों को पूर्ण करने में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी का प्रत्येक कार्य सेवा और भक्ति का अनुपम उदाहरण है, जिससे आज के युग में भी प्रेरणा ली जा सकती है।

इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी में ऐसी अद्भुत शक्ति थी जिसकी कल्पना कोई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं किया, बल्कि उसे सदैव प्रभु श्रीराम की सेवा में लगाया। यही कारण है कि वे आज भी कलियुग में सबसे अधिक पूजनीय हैं।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा: धर्मवीर सिंह

## कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल और खिलाड़ियों को सशक्त करने का किया गया प्रयास

**समाज जागरण, अश्वनी वालिया**




कुरुक्षेत्रः 26 दिसंबर। सांसद नवीन जिन्दल के विजन और उनकी खेल भावना ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर कुल तीन लाख तीस हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। यह संख्या अपने आप में बताती है कि इस आयोजन ने कितने बड़े स्तर पर युवाओं को खेलों से जोड़ा। इनमें से एक लाख खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें लगभग पचपन प्रतिशत प्रतिभागी लड़कियां और पैंतालीस प्रतिशत लड़के रहे। इस प्रकार सांसद खेल महोत्सव 2025 ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की नारी शक्ति को एक सशक्त और सम्मानजनक मंच प्रदान किया।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हुए सांसद खेल महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत 14 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, रस्सीकूद, रस्साकशी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, तीरंदाजी, खो-खो, हॉकी, निशानेबाजी और बॉडी बिल्डिंग आदि शामिल रहीं। इन खेलों की प्रतियोगिताएं क्षेत्र के कुल 35 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गईं, जिससे गांव-गांव और शहर-शहर तक खेल का उत्साह देखने को मिला। इस खेल महोत्सव के दौरान 200 से अधिक कोच एवं सपोर्ट स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। खेल मैदानों पर उमड़ी भीड़ और खिलाड़ियों के जोश ने दर्शाया कि खेल संस्कृति अब जन-आंदोलन का रूप ले रही है।

उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के इस सांसद खेल महोत्सव की एक और बड़ी विशेषता इसका त्रिस्तरीय आयोजन मॉडल रहा। पहले चरण में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सभी 33 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसके बाद दूसरे चरण में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबले हुए। अंततः तीसरे और अंतिम चरण में लोकसभा स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन तीनों चरणों में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लगभग एक लाख खिलाड़ियों की व्यापक सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि खेल अब केवल कुछ चुनिंदा इलाकों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि हर वर्ग और क्षेत्र तक पहुंच चुके हैं।

धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह महोत्सव 21 सितंबर 2025 से आरंभ होकर 25 दिसंबर 2025 तक लगभग तीन महीने तक चला। इतने लंबे समय तक निरंतर चले इस आयोजन ने युवाओं को न केवल खेलों से जोड़े रखा, बल्कि उन्हें नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहने का भी संदेश दिया। इस महोत्सव में लगभग विजेता खिलाड़ियों को कुल 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की यह पहल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मजबूत आधार बनी।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव अपने विशाल स्वरूप और भव्यता के कारण कुरुक्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 हरियाणा राज्य में प्रथम और देशभर में तीसरे स्थान पर रहा, जोकि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के इस खेल महोत्सव का एक विशेष आकर्षण पोलो खेल को लेकर आयोजित एग्जिबिशन मैच रहा, जिसका उद्देश्य इस खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस मैच में स्वयं सांसद नवीन जिन्दल ने भी भाग लिया। एक जनप्रतिनिधि को मैदान में खेलते देख युवाओं का उत्साह दोगुना हो गया। नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और वे खेलों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना से खेलने के महत्व को भली-भांति समझते हैं। यही कारण है कि पूरे खेल महोत्सव के दौरान वे प्रत्येक गतिविधि से व्यक्तिगत रूप से जुड़े रहे और हर स्तर पर इसकी बारीकी से निगरानी करते रहे।

धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि खेलों से अनुशासन आता है और अनुशासन से राष्ट्र मजबूत बनता है। वे यह भी मानते हैं कि खेल, नशे जैसी दुष्प्रवृत्तियों से युवाओं को दूर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। सांसद खेल महोत्सव इसी सोच का साकार रूप है, जिसने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को खेल, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच के पथ पर आगे बढ़ाया है।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की सक्रिय भूमिका और खेलों के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए युवा सांसद खेल महोत्सव के आगामी आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है। सांसद नवीन जिन्दल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आगामी सांसद खेल महोत्सव भी न केवल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र बल्कि पूरे देश के लिए खेल विकास का एक प्रेरक मॉडल बनकर उभरेगा।

# 25 वर्षों बाद अजीत रोड निवासियों को मिली बड़ी सौगात, 70 लाख की लागत से बनने वाले कम्युनिटी सेंटर का मेयर ने किया शुभारंभ

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**



बठिंडा, 26 दसंबर : अजीत रोड क्षेत्र के निवासियों के लिए आज का दिन उस समय बेहद खास और ऐतिहासिक साबित हुआ, जब उनकी वर्षों से लंबित चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। आज नगर निगम बठिंडा के मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने अजीत रोड की गली नंबर 9-बी में बनने वाले कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस कम्युनिटी सेंटर के निर्माण पर लगभग 70 लाख रुपये की लागत आएगी।

इस अवसर पर श्री डिंपी बाघला की अगुवाई में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के जेई श्री राजेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि अजीत रोड के निवासी पिछले करीब 25 वर्षों से कम्युनिटी सेंटर बनाए जाने की मांग कर रहे थे, लेकिन अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि हाल ही में क्षेत्र निवासियों ने उनसे मुलाकात करके अपनी समस्या रखी, जिसे गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई और आज निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई है।मेयर ने बताया कि यह कम्युनिटी सेंटर लगभग 6 से 7 महीनों के भीतर बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके निर्माण के बाद क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा।मेयर श्री मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बठिंडा को एक आदर्श शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में शहर में कई बड़े और जनहित से जुड़े विकास कार्य और परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

वहीं, क्षेत्र निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह पिछले 25 वर्षों से कम्युनिटी सेंटर की मांग करते आ रहे थे, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि युवा मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने उनकी वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार किया और आज उसका निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है।इलाका निवासियों ने इसके लिए मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता और मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान की सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कम्युनिटी सेंटर क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

# टिकट चैकिंग स्टाफ ने यात्री का छुटा ट्रॉली बैग लौटाकर अपना कर्तव्य निभाया

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो,26 दिसम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शुक्रवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 25 दिसंबर, 2025 को गाड़ी संख्या 12716 (अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड सचखंड एक्सप्रैस) में बी-05 में यात्रा कर रहे एक रेलयात्री अपना ट्रॉली बैग अंबाला स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान जल्दबाजी में ट्रेन में ही भूल गए। श्री सुखराम मीणा टीटीआई/ अमृतसर ने अपनी समझदारी का परिचय देते हुए वाणिज्य कंट्रोल की सहायता से उस सीट पर यात्रा किए हुए रेलयात्री से संपर्क किया। रेलयात्री ने बताया कि उनका ट्रॉली बैग ट्रेन में ही अंबाला छावनी स्टेशन पर उतरने के दौरान जल्दबाजी में छूट गया, जिसमें कीमती व महत्वपूर्ण समान है। श्री सुखराम मीणा टीटीआई ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सत्यापित कराकर उक्त रेलयात्री के परिजन को ट्रॉली बैग सुपुर्द कर दिया। उक्त कार्य ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, तत्परता एवं उत्कृष्ट आचरण का परिचायक है, जो भारतीय रेल की छवि को सुदृढ़ करता है।

रेलयात्री ने टिकट चैकिंग स्टाफ की सराहना करते हुए भारतीय रेल का आभार व्यक्त की। इस घटना के बाद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने टीटीआई श्री सुखराम मीणा को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र देने की घोषणा की ताकि अन्य टिकट चैकिंग स्टाफ भी प्रेरित होकर सराहनीय कार्य करें।

# कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने तख्त श्री दमदमा साहिब में हुए नतमस्तक

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

बठिंडा, 26 दिसंबरः कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने तलवंडी साबो स्थित तख्त श्री दमदमा साहिब में नतमस्तक हुए। इस पवित्र स्थान पर नतमस्तक होकर उन्होंने गुरु साहिबान के चरणों में हाजरी भरी और



आध्यात्मिक शांति प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक (बठिंडा शहरी) श्री जगरूप सिंह गिल विशेष रूप से उनके साथ मौजूद थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ईटीओ ने सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की और देश और पंजाब की प्रगति, भाईचारा, शांति और समृद्धि की कामना की। इस बीच, कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आने वाले नए साल के संदर्भ में गुरु घर में अरदास करते हुए कामना की कि नया साल पंजाब के लोगों के लिए प्रगति, समृद्धि और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आए। उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाएं हमें सच्चाई, सेवा और विनम्रता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

# अमेरिकी सांसदों का न्यू इंडिया के साथ समर्थन, पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का बांग्लादेश को स्पष्ट संदेश: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**



लुधियाना 26 दिसंबर : राष्ट्रीय भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां ने कहा कि यह क्षण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के दृढ़ मार्गदर्शन में न्यू इंडिया की वास्तविक आत्मा और नैतिक शक्ति को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में हर भारतीय सत्य गरिमा और राष्ट्रीय स्वाभिमान से प्रेरित होकर एक शक्तिशाली शक्ति के रूप में एकजुट है।ग्रेवाल ने विशेष रूप से एक्स पर अपने सोशल मीडिया खातों पर लिखा कि वह पंजाब मूल के अमेरिकी सांसदों और दुनिया भर के भारतीयों का हृदय से आभार और sincere धन्यवाद व्यक्त करते हैं जिन्होंने बांग्लादेश में हिंदू नागरिक दीपु चंद्र दास की नृशंस भीड़ हत्या की खुलेआम और साहसपूर्वक निंदा की। उन्होंने कहा कि वैश्विक लोकतांत्रिक मंचों से उठी ये अंतरात्मा की आवाजें यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित करती हैं कि मानवता न्याय और नैतिक जिम्मेदारी आज भी जीवित हैं।

ग्रेवाल ने कहा कि पूरा विश्व बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रही अमानवीय बर्बरता को देख रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की बहाली कड़ी कार्रवाई और जवाबदेही की मांग करते हुए अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों के स्पष्ट और मजबूत बयान यह सशक्त नैतिक संदेश देते हैं कि उत्पीड़न को छुपाया नहीं जा सकता और अब चुप्पी स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में उत्पीड़न करने वालों को एक निर्विवाद सत्य याद रखना चाहिए। यह न्यू इंडिया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत न तो किसी पर अत्याचार करता है और न ही स्वयं पर अत्याचार सहन करता है। आज हर भारतीय दृढ़ एकजुट और जागरूक है।ग्रेवाल ने कहा कि इस प्रकार की बर्बर घटनाओं से हर भारतीय का हृदय गहराई से आहत हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पीड़ा भुलाई नहीं जाएगी और इतिहास साक्षी है कि एक बार खोया हुआ समय कभी वापस नहीं आता। दोषियों को यह समझना चाहिए कि अन्याय के बाद पश्चाताप अवश्य आता है और यह सत्य सदैव स्मरण रखा जाना चाहिए।ग्रेवाल ने कहा कि यह शत प्रतिशत निर्विवाद सत्य है कि आज विश्व भारत की शक्ति और संकल्प को भली भांति समझता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत कभी कठोर कदम उठाता है तो उसके परिणाम वैश्विक स्तर पर भली भांति ज्ञात हैं। फिर भी भारत अपने पड़ोसियों के लिए अंधकार विनाश या अस्थिरता नहीं चाहता। भारत जिम्मेदारी संयम शांति और मानवता में विश्वास करता है।उन्होंने आगे कहा कि आज बांग्लादेश एक गंभीर ऊर्जा संकट के कगार पर खड़ा है और आधिकारिक आंकड़े स्वयं स्वीकार करते हैं कि बांग्लादेश की ऊर्जा जीवनरेखा काफी हद तक भारत पर निर्भर है। भारत से बिजली आयात में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग सत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बांग्लादेश की कुल बिजली का लगभग सत्रह प्रतिशत अब भारत से आता है जो पहले नौ दशमलव पांच प्रतिशत था। दैनिक आयात लगभग दो हजार दो सौ से दो हजार तीन सौ मेगावाट है। इसमें से लगभग एक हजार चार सौ छियानवे मेगावाट अदाणी पावर के गोड्डा संयंत्र से आपूर्ति होती है जबकि एनटीपीसी और पीटीसी इंडिया भी योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक या कूटनीतिक व्यवधान से बड़े क्षेत्र अंधकार में डूब सकते हैं।ग्रेवाल ने कहा कि भारत शांति स्थिरता और सहअस्तित्व में विश्वास करता है लेकिन न्याय गरिमा और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने पूर्ण स्पष्टता और नैतिक दृढ़ता के साथ कहा कि दुनिया में कहीं भी भारतीयों और हिंदुओं पर होने वाला कोई भी अत्याचार कभी सहन नहीं किया जाएगा।ग्रेवाल ने एक बार फिर अमेरिकी सांसदों का सत्य मानवता और उत्पीड़ितों की आवाज के साथ खड़े होने तथा न्याय और मानव गरिमा की वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए हृदय से धन्यवाद किया।

# एमएसएमई से संवाद में उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, पंजाब में 400 करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा ने एमएसएमई सेक्टर पर केंद्रित प्रेस वार्ता में कहा कि पंजाब सरकार राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अनुकूल, पारदर्शी और निवेशक-हितैषी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पंजाब की औद्योगिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और रोजगार सृजन व संतुलित विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने बताया कि सरकार मजबूत नीतिगत समर्थन, सरल नियामक प्रक्रियाओं और ह्यइन्वेस्ट पंजाबह्न के माध्यम से परियोजनाओं की त्वरित मंजूरी सुनिश्चित कर रही है। संवाद के दौरान विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सरकार से मिले सहयोग की सराहना की और पंजाब में निवेश व विस्तार योजनाओं की घोषणा की।

कंपनियों ने ऑटो कंपोनेंट्स, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में कुल 400 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव रखे। प्रमुख प्रस्तावों में जय पार्वती फोर्ज द्वारा 300 करोड़, कोवा फास्टनर्स द्वारा 50 करोड़ तथा रोशनी रिन्यूएबल्स द्वारा पहले चरण में 100 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इन निवेशों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

# शहडोल संभाग की धरा पर अंकित हैं प्रभु राम के पदचिन्ह

## वनवास काल के प्रमाणिक पड़ाव बताए जे.पी. साहू ने, ह्यराम वन गमन पथह्न को धाम घोषित करने की मांग

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा अनूपपुर चित्रकूट के बाद भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का एक बड़ा और महत्वपूर्ण काल मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग में व्यतीत किया था। यह केवल जनश्रुति नहीं, बल्कि आज भी मौजूद प्रमाणों और शास्त्रीय उल्लेखों से पुष्ट तथ्य है। यह बात जे.पी. साहू, विश्व सनातन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष, ने शोध आधारित संबोधन में कही उन्होंने दस्तावेजों और ऐतिहासिक स्थलों का हवाला देते हुए बताया कि चित्रकूट से प्रस्थान के बाद प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण सतना, पन्ना (पहाड़ी खेरा), कटनी (भरभरा) और जबलपुर (रामघाट) होते हुए शहडोल संभाग की सीमा में प्रवेश करते हैं। साहू ने संभाग के तीनों जिलों–उमरिया, शहडोल और अनूपपुर–में स्थित उन स्थलों का उल्लेख किया, जो राम वन गमन पथ के सशक्त प्रमाण हैं



उमरिया जिले में महानदी और सोन नदी के संगम पर स्थित दरबार सोनभद्र (बिजोरीज गांव) को उन्होंने वह स्थल बताया, जहाँ प्रभु राम ने अपने पिता राजा दशरथ का श्राद्ध किया था, जिसे दशरथ घाट कहा जाता है। साथ ही बांधवगढ़ (ताला) स्थित प्राचीन राम मंदिर को भी राम के आगमन का प्रमाण बताया शहडोल जिले के जयसिंहनगर से 15 किमी दूर गंधिया ग्राम में प्रभु राम द्वारा 11 रात्रि विश्राम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भी वहां माता सीता की रसोई के पत्थरों पर बने निशान मौजूद हैं अनूपपुर जिले के जर्रा टोला (खुडरी) के समीप कनवाई क्षेत्र में बर्नी नदी के तट पर प्रभु राम द्वारा स्थापित शिवलिंग आज भी पूजनीय है, जो उनके प्रवास का जीवंत प्रमाण है

जे.पी. साहू ने प्रशासनिक उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब नेताओं के नामों के बड़े-बड़े बोर्ड लग सकते हैं, तो प्रभु राम के वनवास स्थलों पर पहचान चिन्ह क्यों नहीं। उन्होंने गंधिया, कनवाई और ताला जैसे स्थानों पर राम वन गमन पथ के स्थायी व भव्य बोर्ड लगाने और इन्हें विधिवत ह्यधामह्न घोषित करने की मांग की

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमरकंटक और बांधवगढ़ जैसे स्थल पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि सनातन आस्था के तीर्थ हैं अंत में उन्होंने सनातनी समाज से अपील की कि दूर-दराज के पर्यटन स्थलों पर जाने से पहले अपने संभाग की इस पावन धरा को जानें और नमन करें, जहाँ स्वयं प्रभु राम के चरण पड़े थे

# अनूपपुर में ऐतिहासिक क्षण: अटल जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण

## मंत्री दिलीप जायसवाल की बड़ी घोषणा—यह स्थल अब बनेगा 'अटल चौक'

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल अनूपपुर ग्रामीण द्वारा ऐसा ऐतिहासिक आयोजन किया गया, जो लंबे समय तक क्षेत्र की स्मृति में दर्ज रहेगा। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष फुक्कू सोनी ने कुशलता के साथ किया। अनावरण के पश्चात प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर अटल जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन में मंच से बड़ी और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जिस स्थान पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है, उसे अटल चौक के नाम से विकसित किया जाएगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि अटल जी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि लोकतंत्र, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। उनके नाम पर चौक की स्थापना क्षेत्र की स्थायी पहचान बनेगी और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगी।

विशेष अतिथि के रूप में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, सिद्धांत और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का उदाहरण है, जिसे भाजपा कार्यकर्ता आत्मसात कर रहे हैं।

कार्यक्रम में भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच पर जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, आधारण वैश्य, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र भट्ट, जितेन्द्र सोनी, मंडल अनूपपुर अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, फुनगा मुकेश पटेल, जिला कार्यालय मंत्री चन्द्रिका द्विवेदी, सह-कोषाध्यक्ष रामनारायण उरमलया मौजूद रहे।

संगठन के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि खरे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. राज पाण्डेय, ज्योति शर्मा, सुभाष मिश्रा, सुनित सिंह, हरे कृष्ण, मल्लू गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, राजकमल गुप्ता, प्रभाकर उरमलिया तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे वाजपेई जीः तिवारी अनावरण समारोह के प्रमुख वक्ता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ मुकेश तिवारी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी को भारतीय



राजनीति का अजातशत्रु, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता और संवेदनशील कवि बताते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और अटल विचारधारा से ओतप्रोत रहा। समारोह में भाजपा के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ,आधाराम, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल ,रामनारायण उरमालिया, रश्मि खरे, महेंद्र सिंह गहरवार गणेश पयासी आदि अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने अटल जी के आदर्शों पर चलने, संगठन को मजबूत करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। अटल चौक की घोषणा के साथ यह आयोजन अनूपपुर के राजनीतिक और सामाजिक इतिहास में एक नई पहचान छोड़ गया। अनावरण समारोह में गजाधर पटेल, कल्लू प्रशाद सोनी, मूलचंद अग्रवाल ,भाजपा जिला महामंत्री सिद्धार्थ सिंह , जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर , जिला कोषाध्यक्ष विवेक ,जिला मंत्री भूपेंद्र महरा , नगर परिषद उपाध्यक्ष डा राज तिवारी , शिवरतन वर्मा, फग्गू नायक, ग्राम पंचायत केल्हौरी के सरपंच रामपाल सिंह लहरू जी, जनपद सदस्य श्रीमती पार्वती महरा, समाजसेवी जीतेन्द्र सिंह , रावेंद्र शुक्ला , जीतू सिंह परिहार , पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ,गणेश पयासी, प्रभाकर सिंह, उमेश सोनी, मिस्टर सोनी, मंडल महामंत्री बद्रीश प्रताप सिंह, ब्रजकांत तिवारी, कमल विश्वकर्मा, धीरेन्द्र द्विवेदी, दशरथ नायक, मंडल मंत्री संतोष बैगा, प्रीति साहू, अखिलेश सिंह, कार्यकर्ता नीलेश चौरसिया, संदीप पुरी, पवन चीनी, मनीष तिवारी, आशा टावरी, तारा तिवारी, स्नेहलता सोनी, यदुराज पनिका, अजय दहिया, अरविन्द साहनी, विवेक पांडे, अरविन्द मिश्रा, मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, रवि दुबे, राज गुप्ता, विनयकांत सोनी, सुरेश यादव, राकेश मिश्रा, अनिल कोल, संदीप गुप्ता, गौरव लखेरा, ओमकार सारथी, रज्जन गुप्ता, रंजीत सिंह, अतुल बुंदेला, नीरज चिह्टोल, मार्टिन, राजेश लखेरा, नारायण ताम्रकार, नवीन महादिक, दिनेश सिंह राजपूत राजा, सुरेश रजक, बबलू सिंह, नान दाऊ चौरसिया, चिल्लू पड़ा, अशोक खरे जी, दिनेश फ्रांसिस, प्रकाश कुशवाहा, घनश्याम तनवर जी,विकास शर्मा, प्रकाश पड़वार, पवन कोल, सतेंद्र पाठक, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूपपुर ग्रामीण चचाई मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी , कार्यक्रम का आभार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि खरे ने किया।

# जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जल संचयन की अनूठी पहल

## नवांकुर संस्था पसान ने सामूहिक श्रमदान से किया 45 बोरियों का बोरी बंधान

**समाज जागरण**

**जमुना कोतमा** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत सेक्टरझ्र04 के चुकान मुक्ति धाम (बाकी नदी) क्षेत्र में जल संचयन अभियान के तहत एक सराहनीय पहल देखने को मिली। दिनांक 24 दिसंबर 2025 को नवांकुर संस्था पसान, विभिन्न प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा सामूहिक श्रमदान करते हुए 45 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जल संचयन, संरक्षण और उसके महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि तेजी से गिरता भू-जल स्तर आज गंभीर चिंता का विषय है और इसे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बोरी बंधान से बहते हुए एवं वर्षा जल को रोका जा सकेगा, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी और भविष्य में कृषि कार्यों, पशु-पक्षियों तथा आमजन के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

इस अभियान में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान (नवांकुर संस्था) के अध्यक्ष विजय जयसवाल, प्रस्फुटन समिति पसान, भालूमाड़ा, भलवाही, चुकान, बरतराई, आमाडांड, मलगा के सदस्य, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने श्रमदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जन अभियान परिषद ने बताया कि जल संचयन अभियान का उद्देश्य केवल संरचनात्मक कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को दैनिक जीवन में जल बचाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया

# वन क्षेत्र से रेत की चोरी मामले में विभाग की संलिप्तता

## बेली के रेत माफिया के सामने नत मस्तक प्रशासन

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- बेली के राज बहरा नदी से रेत चोरी का मामला पुराना है, लेकिन अब तक रेत माफिया राजस्व क्षेत्र से रेत भरकर उसकी टी पी कटाकर परिवहन करता रहा है, परन्तु उसकी एक सीमा है और कब तक नदी रेत उगलेगी, जब राज बहरा के राजस्व क्षेत्र में रेत माफिया ने झाड़ू लगा दी, तब स्वाभाविक है की वह जहाँ भी रेत मिलेगी वह वहाँ से रेत निकालने की कवायद करेंगे। यही वजह है की उसके निशाने पर वन विभाग क्षेत्र में आने वाले नदी, नाला और जंगल में ही रेत निकाली जायेगी। इसी कड़ी में आज बेली ग्राम में रेत माफिया के तीन टेक्टर रेत भरने के लिए सुबह सात बजे वन क्षेत्र से रेत निकालने पहुँच गया और दो टेक्टर रेत भरकर निकलने वाले थे ,की वन विभाग की टीम जिसमें उप वन पाल बेली और फारेस्ट गार्ड शामिल थे घटना स्थल पर पहुँच कर वैधानिक कार्यवाही



कर रहे थे की वन माफियाओं के सरगनाओं ने पहुँच कर वन विभाग को अपने मुट्ठी मे कैद करते हुए जब्ती, पंचनामा की कार्यवाही को रोकने में महारथ हासिल कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी पाली भी पहुँच कर रेत खाली कराते हुए गाडियों को छुडवा दिये। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में जमकर सौदे बाजी की गयी और अंततः रेत माफिया अपने मंसूबों में फलीभूत हो गया। इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है की जहाँ से अवैध रेत भरी गयी थी वह राजस्व क्षेत्र में आता है इसलिए कार्यवाही को रोक दिया गया।बताया तो यह भी जाता है की वन विभाग ने सरपंच पति से सरपंच के हस्ताक्षर कराकर यह लिखवा कर रख लिया है की यह रेत ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य के लिए मंगायी गयी थी। इस तरह बेली ग्राम में रेत का गोरख धंधा अधिकारियों की संलिप्तता से खुलेआम जारी है। इस मामले ने बेली में रेत माफिया के बुंलद हौसलों को एक बार फिर उजागर करके रख दिया है। अपेक्षा है वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस मामले की सूक्ष्मतम जांच कर अवैध रेत व्यवसाय पर रोक लगाने की आवश्यक पहल करेंगे।

# बुढ़ार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण अखिलेश सिंह,बुढ़ार।**

बुढार शहर स्थित ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री एम.एस. नियाजी एवं प्राचार्य श्री प्रफुल देव के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर आर.सी. स्कूल चचाई के प्राचार्य डॉ. प्रणय वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।





प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, एन.सी.सी. एवं क्रीड़ा विभाग सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा को परखा और सराहना की। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

# नगर परिषद के चौक-चौराहे नई ऊर्जा और चमक से हुए रोशन, नागरिक सहभागिता से सहेजने की अपील

**समाज जागरण**

बरगवां (अमलाई)। नगर परिषद क्षेत्र के चौक-चौराहे अब नई ऊर्जा, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और सुसज्जित स्वरूप के साथ नगर की पहचान को और अधिक निखार रहे हैं। हाल ही में नगर परिषद द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था के कार्यों से प्रमुख चौराहे रात्रि में जगमगाते नजर आ रहे हैं, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ी है बल्कि आमजन की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।




नगर परिषद द्वारा किए गए इन कार्यों से शाम ढलते ही पूरे नगर में एक सकारात्मक माहौल बन रहा है। बेहतर रोशनी से राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित आवागमन में सुविधा मिल रही है, वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हुई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि चौराहों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था से बाजार क्षेत्रों में रौनक बढ़ी है और रात के समय गतिविधियाँ पहले से अधिक सुरक्षित महसूस हो रही हैं।

नगर परिषद ने इस अवसर पर समस्त नगरवासियों से विनम्र निवेदन किया है कि इन चौक-चौराहों को सुसज्जित और सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करें। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुँचाएँ, लाइटों, सजावटी संरचनाओं एवं विद्युत उपकरणों की सुरक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की खराबी या समस्या की सूचना समय पर नगर परिषद को दें।

नगर परिषद का मानना है कि नगर की सुंदरता और सुरक्षा केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से ही संभव है। यदि सभी नगरवासी मिलकर इन सार्वजनिक स्थलों की देखरेख करें, तो बरगवां (अमलाई) एक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित नगर के रूप में और तेजी से विकसित होगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विकास कार्य नगर में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं तथा शहर को एक नई पहचान देते हैं।

# निदोर्षों को मिली बेल, थाना में चला पैसों का खेल।

**समाज जागरण**

खैरहा थाना हमेशा विवादों में रहा है और वर्तमान थाना प्रभारी उमाशंकर चतुर्वेदी की पुनः पोस्टिंग कुछ माह पूर्व होने से, थाना विवादों के घेरे में है। बहुचर्चित टार राड की बिक्री कबाडी के यहां के बाद ऐसा लगा कि पुलिस ने बहुत बड़े गैंग का पदार्फाश किया है। परंतु जिस तरीके से थाना उगाही का केंद्र बन गया और, अगर उगाही में कालरी के कर्मचारी, अधिकारी हो, तब तो थाना अधिकारी और अधीनस्थ कर्मचारियों के तो बल्ले बल्ले हो जाते हैं।

ताजा घटना इसी का जीता जाता है उदाहरण है। 25 सितंबर को मोहम्मद रियाज के द्वारा सेफ्टी सामग्री वर्कशॉप में पांच पनने के इंडेंट के माध्यम से सेफ्टी सामग्री प्राप्त की और उसमें विधिवत हस्ताक्षर उपस्थित अधिकारी और फोरमैन ने किया। कालरी के कार्यों में पूर्व से ही प्रचलन है, की इंडेंट को ड्राइवर के हाथों में दे दिया जाता है जिससे, वह स्टोर में जमा कर दे ।और अपनी दो प्रति प्राप्त कर ले। रियाज ड्राइवर के द्वारा गाड़ी क्रमांक एमपी 65 जीए 1755 से अपने साथियों के साथ सेफ्टी आइटम लेकर वर्कशॉप के गेट से महिला सुरक्षा कर्मी अंजू चक्रधारी को झांसा देकर, निकल गया, और यह कहते हुए निकला की गाड़ी खाली है। सुरक्षा गार्ड ने रजिस्टर में गाड़ी का आवक और जावक समय लिखा और साथ में यह लिख दिया की गाड़ी खाली गई है। 27 सितंबर को पुनः रियाज और उसकी टीम आई और पूर्व में दिए गए इंडेंट पर फोरमैन तिवारी से सामग्री ली और उसकी एक कॉपी गेट कीपर को दी। गेटकीपर धुरु सिंह ने बकायदे रजिस्टर में सामग्री के नाम लिखें और आने-जाने का समय लिखा। उपरोक्त वाहन से सामग्री 2 दिन की यानी 25 और 27 सितंबर की खैरहा माइंस में नहीं पहुंची तो वहां के स्टोर कीपर ने इस संबंध में एक लिखित शिकायत थाना खैरहा को कॉलरी इंजीनियर अमनदीप के निर्देश पर दी।

बाद में एक कबाड़ी के यहां से पुलिस ने डीवीडीआर, सीसीटीवी का जप्त किया, और उसके आधार पर खैरहा माईंस वाहन क्रमांक एमपी 18 65 जीऐ1755 को जप्त किया और 25 सितंबर का इंडेंट, गाड़ी से बरामद हुआ जिसमें अधिकारी ,फोरमैन सभी के हस्ताक्षर थे। इसके बाद असली खेल प्रारंभ होता है। जिन-जिन के हस्ताक्षर थे और जिन-जिन का नाम आरोपी रियाज के द्वारा लिया गया, पुलिस ने उनसे पैसा ऐंठना चालू किया, और इस काम में प्रधान आरक्षक पवन शुक्ला को लगाया गया। कई लोग डर के मारे यहां वहां से पैसा लेकर देने लगे। पुलिस उनसे बार-बार याद दिला रही थी की बोनस में आपको एक लाख से ज्यादा रुपया मिला है ।हर व्यक्ति से 1 लाख से ज्यादा की डिमांड की गई, बाद में 40, 50 हजार से लेकर 1 लाख तक की राशि वसूली गई ।और एक खैरहा के अधिकारी से 5 लाख का डिमांड किया गया और जब उसने उसकी पूर्ति नहीं की तो उसे भी मुजरिम बना लिया गया।

इसी तरह वर्कशॉप के अधिकारी वा स्टाफ जिसने पैसा नहीं दिया उन सब को इसमें आरोपित कर कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल की गई। पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल करने में पूरे 2 महीने 26 दिन का समय लिया और इस दरमियान पूरे कॉलरी के अधिकारी और कर्मचारी डरे हुए रहे कि कहीं उसे भी थाने में बुलाकर वसूली न की जाए।

25 सितंबर को ड्यूटी पर अंजू चक्रधारी थी और उसने मोहम्मद रियाज के झांसे में आकर गाड़ी चेक नहीं की, और रजिस्टर में वाहन खाली लिख दिया, उस पर सुरक्षा विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने उसे बचाते हुए उसकी कंप्लेंट बनाकर थाने में रियाज के खिलाफ शिकायत 29 सितंबर को अमलाई थाने में कराई गई।

आरोपित है कि जिस सुरक्षाकर्मी ने गाड़ी को बिना चेक किए जाने दिया जिसमें समान गया था ,उसे अपराधी नहीं माना गया क्लीन चिट दी गई, बल्कि झुरू सिंह , जिसकी ड्यूटी 27 को थी और जिसने सुरक्षा चौकी पर रखे रजिस्टर में सब कुछ अंकित करके गेट पास लिया है उसे मुजरिम बना दिया गया ।क्योंकि उसने पैसा नहीं दिया। कहा जाता है कि एसईसीएल का सुरक्षा अधिकारी ने खैरहा प्रभारी के साथ मिलकर लाखों की वसूली अंजू चक्रधारी को बचाने के लिए की, और उसे बरी कर दिया बल्कि उसे एक चिट्ठी भी नहीं दी। सुरक्षा अधिकारी ने यह पूरा खेल खेला जिसके वो पुराने खिलाड़ी हैं।

बात यहां तक नहीं थी परंतु 15 दिसंबर को जब विजिलेंस की टीम वर्कशॉप में आई और चोरी के संबंध में जांच करने लगी तो रजिस्टर, जो की सुरक्षा विभाग के कब्जे में होता है, और सुरक्षा विभाग से ही कर्मचारियों की प्रतिदिन नियुक्ति की जाती है, जिसकी जानकारी वर्कशॉप को कभी नहीं होती।

# पुलिस द्वारा होटल संचालक के खिलाफ की गई कार्रवाई

**समाज जागरण**

अनूपपुर दिनांक 26/12/2025 को सूचना प्राप्त हुई थी कि सोनी लाज चचाई में कुछ जोड़े आए हुए हैं, जिनकी जानकारी थाना में नहीं दी गई है, और पूर्व में भी उक्त लाज में रुकने ठहरने के संबंध में कोई जानकारी संचालक द्वारा नहीं दी गई जिसकी तस्दीक मौके से की गई तो दो जोड़े दो रूम में पाए गए पूछताछ करने पर दोनों बालिक होना बताएं मौके से उपरोक्त व्यक्तियों से दस्तावेज लिया गया तथा संचालक तिलक राज सोनी से रजिस्टर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया जो प्रस्तुत किया रजिस्टर का संधारण होना नहीं पाया गया और उक्त व्यक्तियों के ठहरने के संबंध में भी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि पूर्व में भी प्र.क्र./आरडीएम/कानून व्यवस्था/2025/अनूपपुर/10/05/2025 के माध्यम से कलेक्टर महोदय एवं जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा आदेश जारी किया था कि जो भी लाज एवं धर्मशाला संचालक है बाहरी व्यक्ति आते हैं उनकी जानकारी तत्काल सीमावर्ती थाना क्षेत्र में देने का आदेश प्राप्त हुआ था, जिसका सोनी लाल संचालक तिलक राज सोनी पिता स्वर्गीय गंगा प्रसाद सोनी उम्र 59 साल निवासी चचाई के द्वारा उल्लंघन करना पाया गया जो धारा 223 बीएनएस के तहत दण्डनीय पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया, आरोपी उपरोक्त लाज संचालक के खिलाफ अप.क्र. 326/25धारा 223 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है ,,,, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, उप निरीक्षक राघव बागरी ,स उ नि किरण मिश्रा, प्र.आर. विकास, आरक्षक विवेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# 'सेलिब्रेशन': डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे की लापरवाही ने उजाड़े घर!

## कार्यक्षेत्र से बाहर सरकारी बोलेरो में पिकनिक मनाना पड़ा भारी; दो की मौत, पांच जिंदगी और मौत के बीच

**समाज जागरण**

शहडोल/उमरियाः जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं और सरकारी संपदा को अपनी जागीर समझ लिया जाए, तो अंजाम मौत बनकर सामने आता है। शहडोल दक्षिण की डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं, और इस बार दाग किसी भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि मासूमों के खून का है।

**रसूख का नशा और सरकारी बोलेरो का 'निजी तमाशा'**

खबर शर्मनाक भी है और डरावनी भी। कल रात जब दुनिया सो रही थी, तब मैडम डीएफओ के "पारिवारिक सदस्य" सरकारी बोलेरो में सवार होकर बांधवगढ़ या जंगल की सैर का लुत्फ उठाने निकले थे। सवाल यह है कि जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाली गाड़ी क्या किसी अधिकारी की पारिवारिक पिकनिक के लिए है? हैरानी की बात तो यह है कि उस दिन क्रिसमस की छुट्टी थी और डीएफओ शहडोल दक्षिण का कार्यक्षेत्र कहीं से भी घुनघुटी या उमरिया जिले में नहीं आता। सवाल यह उठता है कि जब मैडम का क्षेत्र शहडोल दक्षिण है, तो उनकी सरकारी गाड़ी दूसरे जिले के जंगल में क्या कर रही थी? अगर कोई विभागीय काम भी था, तो वह अपने क्षेत्र में होना चाहिए था। सरकारी गाड़ी का इस तरह दूसरे क्षेत्र में पारिवारिक पिकनिक के तौर पर निजी उपयोग करना, रसूख के खुले दुरुपयोग का जीता-जागता प्रमाण है।

**मदारी ढाबा के पास बिछी लाशें, हमारी संवेदनाएं**

घुनघुटी के पास मदारी ढाबा के समीप खड़ी एक ट्रक में यह सरकारी बोलेरो इतनी तेजी से घुसी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए। मृतक चालक इजहार खान (32 वर्ष) और एक अन्य व्यक्ति की अकाल मृत्यु ने हमें झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना पर हम अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम वास्तविकता में इस अपूरणीय क्षति से दुखी हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतकों के परिवारों को यह असीम दुख सहने की शक्ति दे। साथ ही, हादसे में घायल बेटियों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

**सिस्टम की बेशर्मी पर कड़ा प्रहार**

अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति के लिए एफआईआर दर्ज करके फाइल को ठंडे बस्ते में डाल देगा? आखिर सरकारी संसाधनों को अपनी निजी जागीर समझने वाली डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे पर इस लापरवाही और नियमों की धज्जियां उड़ाने के लिए ठोस कार्रवाई कब होगी? जब रसूख के नशे में चूर अधिकारी सरकारी गाड़ियों को अपनी 'प्राइवेट पिकनिक टैक्सी' बनाएंगे, तो बेगुनाह लोगों का खून इसी तरह सड़कों पर बहता रहेगा। यह महज एक सड़क हादसा नहीं है, बल्कि उस सरकारी घमंड का नतीजा है जो कानून को अपनी जेब में रखकर चलता है।

**असली अपराधी कौन?**

सवाल यह उठता है कि अगर रात में शासकीय वाहन का इस्तेमाल सैर-सपाटे के लिए न होता, तो शायद बेगुनाहों की जानें बच जातीं। लेकिन जब कुर्सी की गर्मी सिर चढ़कर बोलती है, तो ऐसी ही घटनाएं कारित होती हैं। सत्ता के नशे में चूर होकर किए गए इस कृत्य को महज एक 'दुर्घटना' कहना मृतकों के साथ अन्याय होगा; इसे सीधे तौर पर 'हत्या' की श्रेणी में रखना चाहिए। पुलिस भले ही जांच का ढोंग करे, लेकिन असल गुनहगार वह रसूख है जिसने नियम-कायदों को आधी रात को बांधवगढ़ या उमरिया की सड़कों पर कुचल दिया।


# कार्यालय नगर परिशद् बरगंवा (अमलाई) जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

क्रमांक :- 1513/ई-टेण्डरिंग/2025-26 बरगंवा दिनांक 24/12/25

## आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की आनलाइन निविदा https://www.gem.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| Tender No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| GEM/2025/ B/7010289 | Lighting pole or post and hardware- Tubuler street light poles (V2)(Q3) | 1320914.00 | 15000.00 | | 1 माह |

1 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र कय करने की तिथि दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 22.01.2026 को सांय 21.30 बजे तक निर्धारित है।
2 ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 22.01.2026 को सांय 21.30 बजे तक निर्धारित है।
3 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट www.gem.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही।
4 अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगंवा (अमलाई)
जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

## पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां कस्बा के एनएच-2 में गुरूवार की शाम पिकअप की चपेट में आ जाने से 24 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा का पुत्र उमेश विश्वकर्मा गुरूवार की शाम कस्बा सामान लेने गया था। वापस लौटते समय जब वह ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में बड़े भाई गिरीश ने दी है।

## गांव के बाहर जंगल में मिला युवक का शव

### पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने गया था ससुराल, हत्या का आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर इटैली अपनी ससुराल गए 25 वर्षीय युवक का शव शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर रोड किनारे जंगल में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर लिया। मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी शत्रुघन का पुत्र दिनेश कुमार गुरूवार की शाम अपनी ससुराल जलालपुर इटैली गया था। आज सुबह लगभग नौ बजे गांव के बाहर रोड किनारे जंगल में उसका शव ग्रामीणों ने देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह कल अपनी पत्नी गुड़िया का अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए ससुराल गया था। उसके बाद कोई सूचना नहीं मिल रही थी। परिजनों ने बताया कि चार माह से पत्नी अपने मायके में रह रही थी। मृतक व ससुर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप लगाया कि दिनेश की ससुरालीजनों ने हत्या करके शव को फेंका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

## संदिग्ध हालत में युवती ने फांसी लगा दी जान

### पड़ोसी पर हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अमौरा में गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने पड़ोसी पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अमौरा गांव निवासी रमेश कुमार की पुत्री शालू देवी ने गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रमेश कुमार ने पड़ोसी अजय ठाकुर पर आरोप लगाया कि वह बुधवार की रात घर में कूदकर आ गया था। आंख खुल जाने पर जब उसे पकड़ा गया तो मौका पाकर भाग निकला और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। पिता ने बताया कि गुरूवार की सुबह वह शहर आ गया था। जबकि मां लक्ष्मी घर पर थी। इसी बीच पड़ोसी अजय ठाकुर आया और उसकी पुत्री की हत्या करने के बाद साड़ी से शव को खूंटी पर टांग दिया। पुलिस ने अजय ठाकुर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपनी तहकीकात शुरू कर दी है।

## सगे भाईयों पर चाकुओं से हमला, भर्ती

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे प्रांसी हास्पिटल के समीप गुरूवार की रात आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सगे भाईयों ने ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर लहुलूहान कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के पिता ने कोतवाली में आधा दर्जन नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार आबू नगर मुहल्ला निवासी रफीक का पुत्र मोहम्मद आमिर 36 वर्ष व छोटा भाई मो0 आदिल 27 वर्ष को गुरूवार की रात लगभग ग्यारह बजे आधा दर्जन लोगों ने चाकुओं से वार कर लहुलूहान कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मो0 आमिर ने बताया कि रात उसका चचेरा भाई नदीम दूध लेने जा रहा था। तभी अमजद ने उसे रोक कर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अमजद ने उसे बेल्ट से बुरी तरह पीट दिया। इसकी जानकारी जब उसे व उसके भाई को हुई तो वह उलाहना लेकर पहुंचे।

तभी षड़यंत्र के तहत अमजद समेत अर्शू, फैजान, आदम व बिक्कन सहित दर्जनों लोगों ने दोनों भाईयों पर चाकुओं से हमला कर दिया। उधर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# संचलन मार्ग में सजाई गई आकर्षक रंगोलियां

### वीर बालकों के बलिदान का बताया गया महत्व

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल कार्य विभाग द्वारा वीर बाल दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को नगर में एक भव्य और दिव्य बाल संचलन निकाला गया। संचलन का प्रारंभ ब्रज प्रांत के प्रांत बौद्धिक प्रमुख ने जी आर प्लाजा से किया। संचलन का मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।
जैसा कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार वीर बाल दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बाल कार्य विभाग द्वारा नगर संचलन निकलने की योजना थी, इसी के अनुरूप दोपहर 2 बजे से ही गणवेश में सुसज्जित नन्हें मुन्हें और बाल स्वयंसेवक अपने परिजनों के साथ स्टेशन रोड स्थित जी आर प्लाजा पहुंच गए। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र ने वीर बालकों के आदमी साहस का परिचय दिया। साथ ही धर्म के प्रति ऐसी निष्ठा जो हम सभी के लिए प्रेरणादाई है, निश्चित ही हमें गौरवान्वित करती है। उन्होंने वीर बालकों के बलिदान दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि हरवंश सिंह मल्होत्रा ने सभी



स्वयंसेवकों को सफल संचलन का आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात बाल संचलन का प्रारंभ मुख्य अतिथि हरवंश सिंह मल्होत्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज कुमार, प्रांत बौद्धिक प्रमुख एवं महानगर संघचालक प्रदीप द्वारा किया गया। बाल संचलन स्वामी विवेकानंद चौराहा, सेंट्रल चौराहा, जलेसर रोड, वर्फखाना चौराहा, गांधीनगर चौराहा, सदर विधायक के आवास होते हुए, एस.पी. सिटी ऑफिस के सामने सर्विस रोड, सुभाष तिराहा, बस स्टैंड, नगर निगम, स्वामी विवेकानंद चौराहा होते हुए जी. आर. प्लाजा पर समाप्त हुआ। संचलन में 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बाल स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में ससज्जित अनु शासित तरीके से अपना संचलन निकल रहे थे। मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा की गई। चौराहों पर आकर्षक रंगोलियां संचलन का स्वागत कर रही थी। संचलन का यह अदभुद दृश्य समाज के अंदर वीर बाल दिवस के महत्व की और अधिक विस्तारिक कर रहा था।

## फतेहपुर में बांग्लादेश हिंदू अत्याचार के खिलाफ महिला परिषद का प्रदर्शन

**समाज जागरण**



यूपी के फतेहपुर जिले में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अनुसांगिक संगठन राष्ट्रीय महिला परिषद ने चित्रकूट विभाग की अध्यक्ष गुड़िया सिंह चौहान के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया।महिला कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन के दौरान संगठन की महिलाओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, उनके धार्मिक स्थलों, घरों और महिलाओं पर हमले हो रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं उठाया जा रहा है।राष्ट्रीय महिला परिषद की पदाधिकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने भारत सरकार और अंतर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से मांग की कि बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर हिंदू और अन्य अल्प संख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोका जाए।महिला परिषद ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो देशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।फिलहाल ज्ञापन सौंपकर संगठन ने प्रशासन से इस मुद्दे को केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की मांग की है। इस मौके पर विजय लक्ष्मी, मनोज कुमार, प्रीती, रागनी, कीर्ति दीक्षित, शांति विमलेश, रामा मीना समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रही ।

## महिला आयोग की अध्यक्षा ने रोटी बैंक के कार्य को सराहा

### सर्द मौसम में कंबल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




शिकोहाबाद। सामाजिक संस्था रोटी बैंक द्वारा शुक्रवार को ग्रीन पार्क में एक समारोह के दौरान कंबल वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में साधू, महात्मा, गरीब, असहाय और जरूरतमंद कंबल लेने पहुंचे। कड़ाके की ठंड में कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और महिला आयोग की अध्यक्षा ने कहा कि सभ्रांत लोग गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर सिंह, एमएलसी रजनी कांत, पूर्व विधायक हरिओम यादव, राजीव अग्रवाल पूजा ग्रुप, राजकुमार अग्रवाल, चेयरमैन रानी गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रघुवर दयाल गुप्ता, रोटी बैंक के अध्यक्ष वरुण सिंघल, ठाकुर अश्वनी सिंह और विवेक अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन और माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि और अतिथियों ने पार्क में बैठे साधू, संतों और महिलाओं को कंबल वितरण किये। इसके बाद रोटी बैंक के ट्रस्टियों ने सभी साधु संगत एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। दोपहर 12 बजे से कंबल वितरण प्रारंभ किया, जो देर शाम तक चलता रहा। लगभग 5100 कंबलों का वितरण किया गया। सर्द मौसम में कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि रोटी बैंक प्रतिदिन जरूरतमंदों को खाना खिला रही है। इसके साथ ही हर साल सर्द मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर महान सेवा का कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि जो लोग सभ्रांत हैं, वह गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आएं तो उन्हें मदद मिल सकती है। कार्यक्रम में संजीव शाह, संजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, अमृत गर्ग,नवीन अग्रवाल, अंबुज सिंघल, अतुल गुप्ता, संजीव गुप्ता, कौशलेन्द्र गुप्ता और नगर पालिका के सभासद, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## साहबजादौ ने देश के लिए आत्मसमर्पण के बजाए शहादत को ही चुना ऐसे साहब जादौ को शत-शत नमन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस का कार्यक्रम जिला कार्यालय पर संगोष्ठी के साथ बनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री बीजेपी राज्यसभा सांसद अरुण सिंह रहे प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं साहबजादौ के शहीदी दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं यह वह दिन है जो हमारे शहीदों की निडर आत्मा की हर दिल में जगा देता है। हमारी राष्ट्रीय आत्मा के सच्चे रखवाले दिखाई देते हैं। उनका साहस हमे पता है दिसंबर 1705 में, घेराबंदी के बीच, बाबा अजीत सिंह जी ने "सवा लाख से एक लड़ाऊँ" की भावना के साथ एक जत्थे का नेतृत्व करते हुए रणभूमि में प्रवेश किया और शहादत प्राप्त की, उनके बाद बाबा जुझार सिंह ने भी पीछे हटने के बजाय मृत्यू को चुना। गुरुद्वारा से आए हुए ज्ञानी करनैल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि छोटे साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह हमारे हृदय को एक विशेष तरीके से स्पर्श करते हैं। मात्र नौ और छह वर्ष की आयु में, वे चमकौर साहिब के युद्धक्षेत्र में उपस्थित नहीं थे, लेकिन सिरहिंद के ठड़ा बुर्ज में उन्होंने कहीं अधिक कठोर परीक्षा का सामना किया, जहाँ उन्होंने ऐसी आध्यात्मिक दृढ़ता दिखाई जिसे दिखाने में दिग्गज लोग भी संघर्ष करें। वजीर खान द्वारा सिखी त्यागकर इस्लाम स्वीकार करने के लिए दी गई यातनाओं, बार-बार के दबाव, प्रलोभनों और धमकियों के बावजूद, उन्होंने अपने धर्म से समझौता करने से इंकार कर दिया। वीर बाल दिवस, सबसे बढ़कर, उन्हीं का दिन है जब पूरा राष्ट्र अपने सबसे छोटे पुत्रों के साहस और बलिदान के आगे नतमस्तक होता है। महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर ने संगोष्ठी के समापन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण जब छोटे साहिबजादों को दीवार में जिंदा चिनवाया गया, हमारे इतिहास के सबसे पीड़ादायक और पवित्र क्षणों में से एक है। उस दिन माता गुजरी ने उन्हें नीला बाना पहनाया, असहाय पीड़ितों की तरह नहीं, बल्कि बलिदान के लिए तैयार योंद्धाओं की तरह दीवार उठती गई, फिर भी उन्होंने समझौते की पुकार नहीं की उन्होंने जीवन के बदले अपना धर्म नहीं बेचा। जब हम वीर बाल दिवस मनाते है, तो हम साहिबजादों द्वारा आत्मसमर्पण के बजाय शहादत चुनने के उस सर्वोच्च निर्णय का सम्मान करते हैं आज गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब इन बाल वीरों के साहस की जीवंत साक्षी के रूप में खड़ा है, यह याद दिलाते हुए कि आध्यात्मिक स्वतंत्रता की रक्षा केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक पवित्र कर्तव्य है। वहाँ शीश नवाते समय हमे यह कभी नहीं भूलना चाहिए के यह राष्ट्र उन नन्हे कंधों द्वारा हमारी सामूहिक अंतरात्मा की स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई कीमत का फल है। संगोष्ठी व प्रदर्शनी के संयोजक महानगर मंत्री कैलाश ओझा रहे वह संगोष्ठी का संचालन महानगर महामंत्री केशव फौजी द्वारा किया गया संगोष्ठी में मुख्य रूप से महापौर कामिनी राठौर,सुनील टंडन, अरविंद पचौरी, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण यादव, राकेश शखवार, सुनील शर्मा, कन्हैयालाल गुप्ता, और विधायक ओमप्रकाश वर्मा, राधेश्याम यादव, आनंद अग्रवाल अवधेश पाठक ,दीपक गुप्ता कालू, शैलेंद्र गुप्ता शालू, आकाश गुप्ता,डॉ मधुरिमा गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, रामनरेश कटारा के के गांधी राम लड़ेंती लकी अनुपम शर्मा, दुर्गेश यादव,राखी गुप्ता, मालती धनगर, पूनम शर्मा, विवेक अग्रवाल, नरेश शर्मा, नीटू,आशीष दिवाकर,मुन्नी देवी सतवीर गुर्जर, प्राचीर सेठ लायक सिंह संखवार, देश दीपक राजा ,गौतम कुशवाहा भारत सिंह वर्मा,अनार सिंह कुशवाहा, सत्य प्रकाश यादव, हार्दिक, शिवम दिक्षित, विष्णु सक्सेना, योगेंद्र बाबा, आशीष यादव, मनीष राठौर,अमन मिश्रा,निकुंज शुक्ल आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे!

## संयुक्त परिवार द्वारा संगोष्ठी के दौरान मनाया गया अटल जी का जन्मोत्सव एवं किया गया तुलसी पूजन,

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। आदर्श विकास संस्थान द्वारा स्थापित संयुक्त परिवार सुखी परिवार के तत्वाधान में तुलसी पूजन एवं हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमान अटल बिहारी बाजपेई जी का जन्मदिन बहुत ही पारम्परिक तरीके से संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, रेहना रोड, फिरोजाबाद पर मनाया गया। इसी अवसर पर संयुक्त परिवार के कुलगुरु देवब्रत पांडेय, विनोद पचौरी तुलसी पूजन व अटल बिहारी जी के तेलचित्र पर फूलमाला अर्पित कर मनाया गया ' मंचाशीन अतिथितियों के स्वागत के उपरांत वक्ताओं में कुलगुरु पचौरी जी ने तुलसी पूजन का महत्व समझाया,, साथ ही वाजपेयी जी की जीवनी और उनके योगदान के विषय पर विस्तृत चर्चा की,,, अन्य वक्ताओं में पन्नालाल शर्मा, श्रीगोपाल शर्मा, राजेश कुमार आगरा, उमेश शर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा, रवि शर्मा, कौशल किशोर उपाध्याय, के डी जाटव, शशांक दुबे,सतेंद्र जैन शोली हरिशंकर तिवारी, विनोद दीक्षित, पी के पाराशर, नरेश दुबे, विजय दुबे,ने भी संयुक्त परिवार की पहल और राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, दिवस, त्यौहार, परंपराओं, एवं समाज को जोड़े रखने (परिवार जोड़ो अभियान)का अद्भुत कार्य किया जारहा हैं, ये सराहनीय हैं। साथ ही परिवार वाद, समाजवाद को बढ़ावा दिया जारहा हैं, जातिवाद को नकारकर आपसी शामन्जस्य को बढ़ावा दिया जारहा हैं,,इन त्यौहार एवं विशेष दिवस को मनाकर भारतीय संस्कृति और संस्कारों को पोषित किया जारहा हैं। इस अवसर पर संयुक्त परिवार के उपेंद्र बाजपेयी, तरुण उपाध्याय, सौरभ लहरी, संकल्प शर्मा, भानु उपाध्याय, मनीष शर्मा, ऋषभ शर्मा, राजेश दुबे, आदर्श, कुलदीप शुक्ला, दिलीप प्रजापति,मातृशक्ति में अर्चना दुबे, निम्मी श्रीवास्तव, अंजना सिंह, अंशु सिंह ने अपने से बड़ों का स्वागत सम्मान, और उनके विचारों का समर्थन किया। इसी के साथ साथ परिवार के छोटे भाई शशांक दुबे के जन्मोत्सव को भी अपने आशीर्वाद व शुभकामनाएँ देकर सफल बनाया! कार्यक्रम का सफल संचालन परिवार के संचालक भगवान दास शंखवार ने बड़े ही सुन्दर तरीके से कर के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया!

## वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्कृट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। वीर बाल दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) श्री वागीश कुमार शुक्ला, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती इन्द्रावती यादव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं जो आर्चरी, संगीत, एथलेटिक्स, योगा, भाषण,आदि क्षेत्र में स्टेट/राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृट प्रदर्शन किये हैं, को सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के सम्बोधन का लाईव प्रसारण को सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को दिखाया गया, जिसमें साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए नमन किया गया और बच्चों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे



बढ़ते रहने की सलाह दी गई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन व अच्छे परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को बैग व मेमोन्टो देकर पढ़ने के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वीर बालकों के अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी, द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टाप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाइन,हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन,शिक्षक, विद्यार्थीगण एवं अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन जेंडर एक्सपर्ट सुश्री साधना मिश्रा द्वारा किया गया।

## फर्जी ड्रग लाइसेंस व कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी का बड़ा खुलासाः

### अभियुक्त भोला प्रसाद द्वारा कोडिन युक्त कफ सिरप के तस्करी से अर्जित की गई लगभग 30 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्की किये जाने हेतु मा0 न्यायालय से नोटिस जारी

**समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1191/25, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61 (2)(क) BNS तथा 27A/29 NDPS Act के अंतर्गत अभियुक्त भोला प्रसाद पुत्र स्व0 रामदयाल, निवासी अ9/24 ख, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, थाना आदमपुर, कमिश्नरेट वाराणसी के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग की विवेचना के दौरान एक संगठित नशीले पदार्थों के तस्करी रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है।

विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त भोला प्रसाद द्वारा शैली ट्रेडर्स, तुपुदाना, हटिया, रांची (झारखण्ड) के नाम से संचालित




गोदाम एवं ड्रग लाइसेंस प्राप्त करने के समस्त दस्तावेज फर्जी पाए गए। अभियुक्त द्वारा लाइसेंसिंग अथॉरिटी, रांची (झारखण्ड) को गुमराह कर फर्जी तरीके से ड्रग लाइसेंस प्राप्त किया गया। अभियुक्त द्वारा उक्त फर्जी लाइसेंस के आधार पर झारखण्ड राज्य के जनपद रांची, पलामू, बोकारो सहित उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मीरजापुर एवं बलिया आदि जनपदों में कई फर्जी फर्में स्थापित कर दस्तावेजों में कोडीनयुक्त कफ सिरप की वैध सप्लाई दर्शाई गई। वास्तविकता में अभियुक्त द्वारा नशीले रैकेट से जुड़े तस्करों के साथ सांठगांठ कर कोडीनयुक्त कफ सिरप की शीशियों की अवैध तस्करी अन्य स्थानों पर की गई। इस संगठित आपराधिक कृत्य से अभियुक्त द्वारा भारी मात्रा में अवैध धनराशि अर्जित की गई, जिससे उसने महंगे आवास, महंगे वाहन, फिक्स्ड डिपॉजिट तथा विभिन्न बैंकों में बड़ी धनराशि जमा की। अब तक की विवेचना में अभियुक्त द्वारा कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति की अनुमानित कुल कीमत लगभग ₹30 करोड़ पाई गई है। उक्त के दृष्टिगत नए कानून के अंतर्गत धारा 107 BNSS के प्रावधानों के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क कराए जाने हेतु SIT टीम, सोनभद्र द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रेषित कर नोटिस जारी कराया गया, जिसे अभियुक्त को तामील करा दिया गया है।
वर्तमान में अभियुक्त की चिन्हित संपत्तियों को कुर्क किए जाने की विधिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त द्वारा इस आपराधिक कृत्य से अर्जित की गई अन्य संपत्तियों की जानकारी प्रकाश में आने पर भी नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

## अपराध पर करारा प्रहार : पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त थाना ओबरा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।
प्रभारी निरीक्षक ओबरा विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-293/2025, धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 3/4(2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त हिफाजत हुसैन पुत्र कदीर मोहम्मद, निवासी कनहरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र को दिनांक 26.12.2025 को समय लगभग 06:30 बजे डिग्री कालेज चौराहा ओबरा से गिरफ्तार किया गया।
प्रकरण का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 24.12.2025 को थाना ओबरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कनहरा निवासी हजूर अली पुत्र सायदा हुसैन द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी गई, जिसमें उल्लेख किया गया कि उनकी पुत्री (उम्र लगभग 16 वर्ष) को ग्राम के ही निवासी हिफाजत हुसैन उर्फ बाबा पुत्र कदीर मुहम्मद द्वारा दिनांक 19.12.2025 को रात्रि लगभग 22:00 से 23:00 बजे के मध्य जबरन एक बद-मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। घटना के दौरान शोर-गुल होने पर ग्राम की एक निवासी लड़की द्वारा वादी के घर आकर घटना की जानकारी दी गई। पीड़िता द्वारा यह भी बताया गया कि अभियुक्त ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-293/ 2025 धारा 65(1), 351(3) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। आज दिनांक 26.12.2025 को अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## एनआईएफटीईएम-के ने पीएम विकास योजना को लागू करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान( एनआईएफटीईएम), कुंडली का "पीएम विकास" योजना के कार्यान्वयन हेतु परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के रूप में चयन किया है। इस संबंध में संस्थान ने 22 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं की क्षमता का विकास करना है। इसके अंतर्गत उन्हें आवश्यकता-आधारित पाठ् यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण सहायता प्रदान की जाएगी और उनके लिए रोजगार/आजीविका के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। एन आई एफटीईएम कुंडली राष्ट्रीय महत्व के उन चुनिंदा संस्थानों में से एक है जिसका इस योजना के लिए पीआईए के रूप में चयन किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत, निफ्टेम-के चार राज्यों झारखंड, बिहार, पंजाब और हरियाणा में सात स्थलों पर तीन श्रेणियों-बहु कौशल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण), श्रीअन्न उत्पाद प्रसंस्करण और सहायक बेकिंग तकनीशियन के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के कुल 2110 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने किया प्रतिभा, कौशल, वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। एस0आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल में आज शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

इस विज्ञान प्रदर्शनी का विषय प्रौद्योगिकी में नवाचार था, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा सोलर सिस्टम मॉडल, ज्वालामुखी विस्फोट, ब्रह्मोस मिसाइल तथा रोबोटिक्स पर आधारित विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किए गए।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0शाश्वत कौशिक (एनालॉग इंजीनियर, बेंगलुरु) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विज्ञान केवल तथ्यों का संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि यह एक सोच और दृष्टिकोण है, जो विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, खोज करने और नए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता एवं वैज्ञानिक ज्ञान के अद्भुत संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

प्रदर्शनी में संस्कृत एवं रामचरितमानस पर आधारित परियोजनाएँ भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन परियोजनाओं में सूर्यांश जायसवाल, प्रियंका पटेल, हेमंत जायसवाल, कार्तिक महेंद्र सहित अनेक विद्यार्थियों के कार्य अत्यंत सराहनीय रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर कौशलेंद्र नारायण सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0कुमुद सिंह सहित जागृति सिंह, प्रीति सिंह, मधु, नेहा, भाविका, आकांक्षा, अखिलेश सिंह, आर.पी. सिंह एवं अन्य सम्मानित शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# काशी में शिवमहोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




वाराणसी। शिव की नगरी काशी में शिवभक्ति की अनूठी मिसाल देखने को मिली। लक्र टएफ्छ टअठ टएअठर ऋछवठऊअळक्ढठ की ओर से ब्रहर्षि देवरहा बाबा के आशीर्वाद से विगत चार वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी शिवमहोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सिगराझ महमूरगंज स्थित निराला नगर कॉलोनी के एक निजी लॉन में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह दयाल उपस्थित रहे। शिवमहोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन के साथ शिवझपार्वती एवं राधाझ कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तिमय वातावरण में उपस्थित लोगों ने भजनों का आनंद लिया और अंत में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एनजीओ के सभी सदस्यों अनुराग पाण्डेय, अवनीश पांडे, राकेश चौबे, आलोक सिंह, सब्बू पाठक, सुमित सिंह, सुनील सिंह, अभिषेक शुक्ला, शिवम सिंह, सूरज गुप्ता, सुष्मिता सिंह, अंजली मौर्य एवं राधिका वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिवमहोत्सव को लेकर क्षेत्र में दिनभर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# विकास भवन, बहराइच में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**




जनपद विकास भवन, में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने बच्चों के साहस, शौर्य और प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर उत्साह और गर्व देखने को मिला। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

यह कार्यक्रम बच्चों में साहस, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

# सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का शुभारंभ

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद श्रावस्ती उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के सहयोग से पारस इंडिया संस्था, नई दिल्ली द्वारा 26 दिसम्बर 2025 को सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का शुभारंभ कटरा जिला श्रावस्ती उतर प्रदेश में किया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई का हुनर सिखाकर उन्हें सशक्त बनाना और उनके लिए अवसरों के नए द्वार खोलने में मदद करना है। केंद्र का शुभारंभ श्रावस्ती जिले के इकौना ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी श्री उमेश कुमार द्वारा किया गया, इस अवसर पारस इंडिया संस्था के समन्वयक श्री मनीष कुमार, श्री अजय पाल, केंद्र संचालिका मंजू जी और बड़ी संख्या में गाँव की महिला उपस्थित रही

संस्था द्वारा इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई, कड़ाई और बुनाई का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका के साथ जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, केंद्र में बच्चों, महिलाओं से संबधित अलग - अलग पोशाक तैयार कर उन्हें बाजार में बिक्री भी किया जाएगा । कार्यक्रम में मौजूद ज्योती, सुनीता, गुड़ियां, निशा, खुशी और मनीषा ने इस केद्र को खुलने पर खुशी जाहिर की और बताई कि अब हम सभी ग्रामीण महिला इस केंद्र में सिलाई का हुनर सीख कर दुसरे महिला को भी सिलाई सिखायेंगे और अपना खुद का रोजगार शुरू करेंगे पारस इंडिया संस्था देश के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता, शिक्षा, कौशल विकास, आजीविका, स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक मुद्दों पर काम करते हुए जरूरतमंद समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र की यह पहल महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की संस्था की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# लखनऊ में किशोरियों को मिले संवैधानिक मूल्य एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रशिक्षण

## सशक्त लोकतंत्र की दिशा में पहल: किशोरियों हेतु संवैधानिक प्रशिक्षण का समापन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**



लखनऊ। इनिशिएटिव फाउंडेशन, इंडिया द्वारा किशोरियों हेतु संवैधानिक मूल्य एवं लोकतांत्रिक अधिकार विषय पर आयोजित एक दिवसीय (दो बैच) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह कार्यक्रम 25 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक इनिशिएटिव फाउंडेशन सेंटर, बुद्धेश्वर, लखनऊ में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम दो बैचों में संपन्न हुआ, जिसमें लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 77 किशोरियों (प्रत्येक बैच में 40-37) ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में संविधान की समझ, अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी, समानता, गरिमा और लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त करना रहा।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक प्रवेश वर्मा ने कहा जब किशोरियाँ अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों को समझती हैं, तब वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज और लोकतंत्र के लिए भी जिम्मेदार नागरिक बनती हैं।

इनिशिएटिव फाउंडेशन की बोर्ड सदस्य शालिनी शुक्ला ने कहा की किशोरावस्था में संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करना भविष्य के सशक्त और जागरूक समाज की नींव रखता है। इस दिशा में यह प्रशिक्षण एक सार्थक प्रयास है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक अमित मिश्रा ने कहा इनिशिएटिव फाउंडेशन का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि किशोरियों को आत्मविश्वासी, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। यह प्रशिक्षण उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।समापन सत्र में प्रतिभागी किशोरियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

प्रतिभागी शुभी (16 वर्ष) ने कहा इस प्रशिक्षण से हमें अपने संवैधानिक अधिकारों की स्पष्ट जानकारी मिली और आत्मविश्वास बढ़ा है।

वहीं प्रतिभागी दिव्यांशी (18 वर्ष) ने कहा अब हमें समझ आया कि लोकतंत्र में हमारी भी भूमिका है और हमें जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।

कार्यक्रम में इनिशिएटिव फाउंडेशन की टीम हेमा यादव, वैभवी शर्मा, संध्या मिश्रा, सुरेश भारती, राजेश सिंह, श्याम, शशि गौतम सहित टीम लीडर, सदस्य एवं स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनिशिएटिव फाउंडेशन आगे भी किशोरियों एवं युवाओं के सशक्तिकरण हेतु ऐसे जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा

# स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा गायब, केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र से कक्षा 10वीं एक छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है । छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। उसके चाचा ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ जंसा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।प्रार्थी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 16 वर्षीय भतीजी सरौनी स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। वह सुबह करीब 9 बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान परिजनों को पता चला कि आशीष यादव पुत्र नथूनी यादव, निवासी ग्राम कमार्जीतपुर, थाना लंका, वाराणसी जो वर्तमान में मुंगवारे, थाना राजातालाब में अस्थायी रूप से रह रहा है उसे विद्यालय से बहला-फुसलाकर स्कूटी पर बैठाकर भगा ले गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन पूरी रात किशोरी की तलाश में जुटे रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद अगले दिन परिजनों ने जंसा थाने पहुंचकर आरोपी आशीष यादव के खिलाफ नामजद तहरीर दी। वही इस मामले में थाना प्रभारी जंसा अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हरहुआ चौराहे पर शव को लेकर चक्का जाम, किशोर की मौत से आक्रोश

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के दयालपुर (रसूलपुर) गांव में गुरुवार को हुए बाइक सवार बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में किशोर समीर सिंह 14 वर्ष की मौत हो गई थी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ था।

शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव एंबुलेंस से परिजन लेकर अपने गांव रसुलपुर जा रहे थे, तभी हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत हरहुआ चौराहे पर स्थिति अचानक बिगड़ गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही एंबुलेंस हरहुआ चौराहे पर पहुंची, पहले से मौजूद कुछ लोगों ने एंबुलेंस को रोक लिया। देखते ही देखते आक्रोशित लोगों ने चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक हरहुआ चौराहे से होकर गुजरने वाले सभी मार्गों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गई। वाराणसीझ बाबतपुर मार्ग सहित आसपास के रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एंबुलेंस चालक के मुताबिक, जब वह शव लेकर चौराहे से निकलने का प्रयास कर रहा था, तभी कुछ लोगों ने जबरन एंबुलेंस रोकने की कोशिश की। एंबुलेंस न रुकने पर उग्र भीड़ ने एंबुलेंस का शीशा तोड़ दिया और चाबी निकाल ली। इसके बाद एंबुलेंस में रखे शव को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। मृतक के पिता व घरवाले लगातार लोगों से शव न निकालने की अपील करते रहे, लेकिन आक्रोशित भीड़ किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। शव को चौराहे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया जिससे जाम लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल गोमती जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी पिंडरा, एसीपी राजातालाब, थाना अध्यक्ष बड़ागांव चौकी प्रभारी हरहुआ सहित अन्य थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद परिजनों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। शव को पुनः एंबुलेंस में रखवाकर चक्का जाम समाप्त कराया गया। एंबुलेंस की चाबी नहीं मिलने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था कर शव को रसूलपुर भेजा गया। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारी मृतक के शव के साथ उसके घर तक गए, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# बाघपोखर मे किसान पाठशाला संपन्न, कृषि विभाग और इफको ने किसानों को किया जागरूक

**समाज जागरण**




वाराणसी। शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा विकासखंड करमा के बाघपोखर गांव में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जेडीओ अनिल कुमार यादव , कृषि उप निदेशक वीरेंद्र कुमार , ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह पटेल, तथा इफको से अवनीश कुमार पांडे मौजूद रहे.

कृषि विभाग से, कृषि सहायक कल्पनाथ, संजय रटर तथा सम्मानित किसान भाई भी उपस्थित रहे। कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारीसाझा किया गया इफको से अवनीश पांडे ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया प्लस में 20% नाइट्रोजन उपलब्ध है तथा गेहूं में पहली खुराक दानेदार यूरिया और दूसरी खुराक के रूप में नैनो यूरिया प्लस 5 मि.ली./लीटर पानी से 25-30 दिन के अंतराल पर दो छिड़काव करने चाहिए।

साथ ही गेहूं में नैनो डीएपी का प्रयोग 5 मि.ली./किग्रा बीज से बीज शोधन एवं 5 मि.ली./लीटर पानी से 1झ2 छिड़काव करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त जैव उर्वरक, सागरिका, नेचुरल पोटाश, जल-विलेय उर्वरक की जानकारी दी गई।

# बाल विवाह रोकथाम पर बच्चों व हितधारकों बड़ी भूमिका

## जनपद बहराइच सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**




देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान एसेक्स टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत श्री सूर्य लाल यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत बड़ागांव, ब्लॉक चितौरा, जनपद बहराइच में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता एवं अन्य अन्य मुद्दों की रोकथाम पर जोर देना। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों की पहचान कर समस्याओं के निदान हेतु निःशुल्क हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर शिकायत के माध्यम से निस्तारण कराना।

कार्यक्रम में देहात इंडिया से अमरेश कुमार ने बच्चों के अधिकारों ,उनकी सुरक्षा और बच्चों से संबंधित संचालित योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कुल 150 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर बाल विवाह रोकथाम पर शपथ ली।

यह कार्यक्रम बाल अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। जिसमें जागरूकता के माध्यम से बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण निर्मित हो पाना।

कार्यक्रम में महेश यादव( प्रधानाचार्य), घनश्याम,साहब दीन, अनिल कुमार सहित बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# खून का बदला खून व आग का बदला आग के संदेश के साथ डॉ मोहम्मद यूनुस का पुतला आग के हवाले किया: बी के शर्मा हनुमान

**- मोहम्मद युनूस के इशारे पर ही बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है।**

**- बांग्लादेश के खिलाफ भी ऑपरेशन सिंदूर जैसा अभियान चलाया जाए: वी के अग्रवाल**



**समाज जागरण**

गाजियाबादः विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा/परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को खून का बदला खून व आग का बदला आग के संदेश के साथ बांग्लादेश सरकार के प्रधान सलाहकार डॉ मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका गया। नवयुग मार्केट शहीद स्थल पर बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी में यूनुस का पुतला क्रेन से लटका कर आग के हवाले किया गया। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि बांग्लादेश सरकार के प्रधान सलाहकार डॉ मोहम्मद यूनुस द्वारा हिदुओं पर अत्याचार करने वाले आतंकवादियों को संरक्षण दिया जा रहा है। जिस बांग्लादेश को आजाद कराने में हिंदुओं की अहम भूमिका रही, उन हिंदुओं की आज सरेआम हत्या की जा रही है। उनके प्रतिष्ठानों व घरों को लूटा जा रहा है, उनमें आग लगाई जा रही है। हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है। हिंदू युवक दीपू चंद्र की पीट पीटकर हत्या कर दी गई और उसे आग के हवाले कर दिया गया। इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी मोहम्मद यूनुस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बांग्लादेश में आज हिंदुओं पर आज जो अत्याचार हो रहे हैं, वह सब मोहम्मद युनूस के इशारे पर ही हो रहा है। मोहम्मद युनूस पाकिस्तान का चमचा है और इसी कारण वह खुलेआम आतंकवादियों को सरक्षण देकर हिंदुओं की हत्या करवा रहा है और उनका खून बहा रहा है। खून का बदला खून होता है। मोहम्मद युनूस को इसकी भारी कीमत चुकानी पडेगी। आज उसका पुतला आग के हवाले किया गया है, कल उसे आग के हवाले किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी एवं परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के युवक को जिंदा जलाकर मार देने की नृशंस घटना ने न केवल रूह को कंपा दिया है, बल्कि पूरी दुनिया में मानवता को शर्मसार कर दिया है। एक निहत्थे व्यक्ति के साथ ऐसा अमानवीय कृत्य सहन नहीं किया जाएगा। अब वक्त आ गया है कि बांग्लादेश को ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाए और पाकिस्तान की तरह ही उसके खिलाफ भी ऑपरेशन सिंदूर जैसा अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर सुनील गुप्ता पूर्व पार्षद अशोक मित्तल राजेश सिंघल मनोज शर्मा मनोज शर्मा सुरेंद्र पाल त्यागी छोटेलाल कनौजिया देवेंद्र हितकारी मिलन मंडल मनोज शर्मा मोहित गुप्ता अरविंद गुप्ता अरुण कुमार भूलन सुबोध शर्मा अनुराग गर्ग राजीव शर्मा हेमंत कंसल राजकुमार गर्ग प्रदीप गुप्ता लोकेश सिंगल आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना सेवापुरी स्टेशन से पहले गजेपुर गांव के सामने हुई।मृतक की पहचान तखु की बावली निवासी 60 वर्षीय इंद्रदेव वर्मा के रूप में हुई है। हादसा देर शाम लगभग 8 बजे हुआ।इंद्रदेव वर्मा वाराणसी से भदोही की ओर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों के अनुसार, इंद्रदेव वर्मा तक्खू की बावली बाजार में अंडे की दुकान चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी रमपती देवी और पांच बच्चे हैं।सूचना मिलने पर कपसेठी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आयर बाजार में भारत रत्न अटल की 101वी जयंती मनेगी आज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मण्डल में निवास करने वाले भारतीय जनता पार्टी के सभी सम्मानित वर्तमान एवं पूर्व(क्षेत्रीय पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी,मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ,प्रकल्प के पदाधिकारी,शक्ति केंद्र संयोजक , शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष)एवं कार्यकर्ता बंधुओं तथा जनप्रतिनिधि गण शामिल होंगे। स्थान गौरी शंकर लान अहिरौली ,आयर बाजार में समय एक बजे नियत है। देश के एकीकरण एवं भाजपा के महत्वपूर्ण योगदान कर मजबूत लोकतंत्र की नींव रखने वाले भारत रत्नझश्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर अजगरा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

हरहुआ मण्डल भाजपा आसुतोष मिश्रा 'अजय' मण्डल महामंत्री अनिल कुमार पांडेय व मनोज पटेल ने सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधुओं से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में ससमय सहभागी बनकर अपने महापुरुष के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# अब एडीओ आईएसबी होंगे सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विशेष सचिव उत्तर प्रदेश ,लखनऊ जयनाथ यादव द्वारा आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश,लखनऊ को सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय)के पद नाम को परिवर्तित कर सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) किये जाने का आदेश निर्गत किया है। अब सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) के नाम से जाने जाएंगे।



ग्राम विकास अधिकारी संघ वाराणसी के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने अवगत कराया कि शासन के पत्र स0 जी ओ-326/ सथा0-2/ 2024-25 दिनांक 19 जून 2024 में पदनाम परिवर्तित को लेकर अनुरोध किया था। जिसको संज्ञान में लेकर यह निर्णय लिया गया। इस निर्णय से ग्राम विकास अधिकारी संघ वाराणसी समेत प्रदेश के कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है।

# समन्वय बैठक के दौरान स्र्एट आधारित पुस्तिका का विमोचन हुआ

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद सिद्धार्थ नगर बेसिक शिक्षा विभाग, सिद्धार्थनगर के सभागार में स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में स्माइल फाउंडेशन के प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार द्वारा संचालित शैक्षिक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।



कार्यक्रम के दौरान STEM गतिविधियों पर आधारित गणित एवं विज्ञान की पुस्तक का विमोचन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री शैलेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह सामग्री विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं तार्किक क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर समस्त जिला समन्वयक (समग्र शिक्षा), स्टेट रिसोर्स पर्सन तथा स्माइल फाउंडेशन, सिद्धार्थनगर की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे उप मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

पार्टी कार्यालय पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम वीर बाल दिवस में किया प्रतिभाग वीर बाल दिवस बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को है समर्पित-उप मुख्यमंत्री जनपद श्रावस्ती प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी एवं उनके साथ माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नितिन अग्रवाल जी एक दिवसीय भ्रमण हेतु श्रावस्ती पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित




हेलीपैड पर पहुंचने पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने अगुवानी कर स्वागत किया। इस दौरान मा0 उप मुख्यमंत्री जी को गार्ड की सलामी दी गई।

इसके उपरान्त मा0 उप मुख्यमंत्री जी भिनगा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर बाबा जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी के बलिदान को याद करते हुए आयोजित कार्यक्रम वीर बाल दिवस में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मा0 प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत, मा0 विधायक श्रावस्ती, मा0 जिलाध्यक्ष एवं अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। आज का दिन भारत के इतिहास में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि अदम्य साहस, अटूट विश्वास और सर्वोच्च बलिदान की जीवंत गाथा है। आज हम सब यहाँ वीर बाल दिवस के अवसर पर दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की पावन स्मृति को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

तत्पश्चात मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कोर कमेटी/पार्टी पदाधिकारियों एवं मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, संजय कैराती, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अमर शहीद सरदार उधम सिंह के जन्मदिवस पर रक्तदान से दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

सीआईएसएफ कमांडेंट सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में ओबरा में हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र/ओबरा। कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने स्वयं रक्तदान कर दिया सेवा और राष्ट्रभक्ति का संदेश

आजादी के दीवाने अमर शहीद सरदार उधम सिंह जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर उत्सव ट्रस्ट द्वारा पटेल स्मृति केंद्र, ओबरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रभक्ति, सेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश कुमार सिंह, कमांडेंट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई ओटीएचपीपी ओबरा द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। रक्तदान के प्रति जनमानस को प्रेरित करने के उद्देश्य से कमांडेंट श्री सिंह ने स्वयं रक्तदान कर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके साथ सीआईएसएफ इकाई के अधिकारियों एवं बल सदस्यों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन रक्षण में योगदान दिया। इस अवसर पर कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने अमर शहीद सरदार उधम सिंह जी के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन जैसे वीर सपूतों के त्याग और संघर्ष के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को विश्व पटल पर सशक्त एवं सम्मानित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। यही वीर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट आनंद कुमार नारा, डॉ. अजय कुमार शर्मा (निदेशक, उत्सव ट्रस्ट), नगर के अनेक गणमान्य नागरिक तथा सीआईएसएफ इकाई ओटीएचपीपी ओबरा के बल सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने स्वैच्छिक रक्तदान कर नगरवासियों से इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। यह रक्तदान शिविर न केवल शहीद सरदार उधम सिंह को श्रद्धांजलि था, बल्कि मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा।

# शीतलहर, घना कोहरा व कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु जनपद में कंबल वितरण अभियान जारी

सुशासन दिवस पर जरूरतमंदों, गरीबों, वंचितों एवं असहाय नागरिकों को वितरित किया कंबल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के निर्देशन में शीतलहर, घना कोहरा एवं कड़ाके की ठंड से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा निरंतर कंबल वितरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीबों, वंचितों एवं बेसहारा व्यक्तियों को ठंड से राहत प्रदान करना है। इसी क्रम में सुशासन दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार के देख-रेख में जरूरतमंदों,



गरीबों, वंचितों एवं असहाय नागरिकों को कंबल वितरित किया जा रहा है। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत व संतोष का भाव देखने को मिला। प्रशासन द्वारा जनपद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखते हुए रैन बसेरों की व्यवस्था, अलाव जलाने तथा कंबल वितरण का कार्य भी प्राथमिकता पर किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए तथा ठंड से बचाव की सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों। जनपद प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति ठंड से पीड़ित अथवा सहायता से वंचित दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जा सके।

# विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ, मंत्री संजीव सिंह गोंड ने दिखाई हरी झंडी

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधानसभा ओबरा के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड चोपन में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोहन सिंह कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष भगवान दास केशरी, उमेश सिंह पटेल एवं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री संजीव सिंह गोंड का अतिथ्य स्वागत जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर वर्ग की बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ को मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनन्या, द्वितीय स्थान पर कुंजल तथा तृतीय स्थान पर निशांत रहे। वहीं 100 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग) में सुमित, पवन एवं विशेष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सुमन, रागिनी एवं आरती ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग की बालिका अदिति ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी विकास दूबे एवं धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभय त्रिपाठी, निरंजन, संजय सिंह, हर्षित सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, तीन युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर रेफर

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में एक भयावह सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। यह घटना रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकरी पुलिया के पास घटित हुई। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 6 बजे UP63BK0561 नंबर की पल्सर बाइक पर सवार चार युवक नई बाजार से रॉबर्ट्सगंज की ओर जा रहे थे। अक्षओर पेट्रोल पंप के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। हादसे के बाद मचे कोहराम के बीच स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने संघन जांच के बाद तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मिजार्पुर जिले के राजगढ़ निवासी 20 वर्षीय मनीष शर्मा, 20 वर्षीय रवि शर्मा और 21 वर्षीय शुभम शर्मा के रूप में हुई है। ये सभी आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं। 19 वर्षीय घायल युवक अविनाश शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने घटना की बाबत बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एकल विद्यालय अभियान के तहत वीर बाल दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन मंडल के मारकुंडी क्षेत्र में एकल विद्यालय अभियान सत्र 2025-26 के अंतर्गत आज वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर चोपन मंडल में संजय केसरी के अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र, धर्म और मानवता की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों के अतुलनीय शौर्य, त्याग और अदम्य साहस को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एकल विद्यालय के आचार्य-दीदी/भैया एवं बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति और वीरता से ओत-प्रोत नारों एवं संदेशों के माध्यम से गुरु साहिबजादों के बलिदान को जन-जन तक पहुँचाया गया। बच्चों को वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने




एक स्वर में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस आयोजन से क्षेत्र में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण देखने को मिला।

# गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन में तृतीय वीर बाल दिवस का समारोह पूर्वक किया गया आयोजन

धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के सुपुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी की स्मृति में आयोजित वीर बाल दिवस (साहिबजादे शहादत दिवस) में मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन का दिखाया गया सजीव प्रसारण

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के मार्गनिर्देशन में गुरूद्वारा इण्टर कॉलेज चोपन सोनभद्र में तृतीय वीर बाल दिवस आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह व अन्य अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वीर बाल दिवस समारोह का राष्ट्रीय चौनलों पर लाईव प्रसारण को सभी उपस्थित बच्चों को दिखाया गया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी द्वारा वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए नमन किया गया और देश के बच्चों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबन्धक सरदार सतनाम सिंह, सहायक जितेंद्र सिंह और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि जयराम सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी छात्र छात्राओं को मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत रहने और शिक्षण के साथ ही उनके चतुर्दिक विकास की सलाह दी गई। धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के सुपुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी की स्मृति में आयोजित वीर बाल दिवस (साहिबजादे शहादत दिवस) में मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

# 37 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब और एक ट्रक जब्त, पंजाब से झारखंड के रास्ते बिहार जा रही थी अवैध शराब की खेप

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 37 लाख रुपये से अधिक की अवैध अंग्रेजी शराब और एक ट्रक जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में पिपरी पुलिस और एसओजी टीम ने की। इस दौरान एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। यह सफलता 25 दिसंबर, 2025 को दोपहर 3:10 बजे मिली, जब मुखबिर की सूचना पर खाड़पाधर-हाथीनाला जंगल मुख्य मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी। पुलिस ने एक ट्रक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें आलू के बोरों के बीच छिपाकर रखी गई 260 पेटियों में कुल 7440 बोतलें (2296.80 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह शराब झारखंड के रास्ते बिहार ले जाई जा रही थी। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 17 लाख रुपये है, जबकि जब्त किए गए ट्रक की कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। मौके से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 250 रुपये नकद भी बरामद हुए। पुलिस ने नवजोत सिंह (35 वर्ष), निवासी बटाला, गुरदासपुर (पंजाब) को गिरफ्तार किया।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त नवजोत सिंह ने बताया कि यह अवैध अंग्रेजी शराब धीरज सिंह की है। वह इसे आलू के बोरों के बीच छिपाकर ले जा रहा था ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। धीरज सिंह ही उसे मोबाइल फोन के जरिए रास्ते के निर्देश देता था। नवजोत ने यह भी खुलासा किया कि वह पहले भी कई बार इसी तरह झारखंड के रास्ते बिहार में शराब की खेप पहुंचा चुका है और प्रत्येक सफल डिलीवरी के लिए उसे 30,000 रुपये मिलते थे। टोल प्लाजा पर नकद भुगतान किया जाता था क्योंकि गाड़ी में फास्टैग नहीं लगा था। इस संबंध में पिपरी थाने में मु.अ.सं.-254/2025 , धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) BNS और 60/63/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस मामले में वाहन मालिक पवन कुमार (निवासी कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश) और धीरज सिंह (नाम-पता अज्ञात) की तलाश कर रही है। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खाड़पाधर-हाथीनाला जंगल मुख्य मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका गया था। जांच करने पर पाया गया कि आलू के बोरों के बीच में शराब की खेप को छुपाया गया था और जिसे झारखंड के रास्ते बिहार ले जाए जा रहा था। चेकिंग की गई तो 260 पेटी में कुल 7440 बोतलें (2296.80 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 17 लाख रुपये है, जबकि जब्त किए गए ट्रक की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। मौके से अंतर्राजिय तस्कर नवजोत सिंह को गिरफ्तार किया गया है और इस संबंध में थाना पिपरी पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। नवजोत सिंह ने पूछताछ में बताया कि ट्रक में जो अवैध शराब लदी हुई है वह धीरज सिंह की है जिसे वो आलू के बोरे के बीच में छुपा कर अवैध शराब को झारखंड के रास्ते बिहार ले जा रहे थे। धीरज सिंह फोन के माध्यम से चालक को गाइड कर रहा था कि कहा जाना है, क्या करना है और कैसे जाना है। पुलिस ने वाहन मालिक पवन कुमार निवासी कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश को वांछित किया है इसके अलावा धीरज सिंह पता अज्ञात को भी वांछित घोषित किया है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले टीम को एसपी सोनभद्र की तरफ से 10 हजार का इनाम दिया गया है।

# भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिन्दूः- नीरज

जिले भर में जगह-जगह हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। हिन्दू सम्मेलन जनपद के कई स्थानों पर हुये सकल हिंदू समाज के आयोजकत्व में सम्पन्न। विकासखंड करमा में मधुपुर न्याय पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन मधुपुर के प्रांगण में धनंजय शुक्ला, विकासखंड छप्पका के बढौली न्याय पंचायत के अंतर्गत आर्यन एकेडमी गोडीहा में नीरज सिंह,विकासखंड चतरा के शिवपुर न्याय पंचायत अंतर्गत संकठा प्रसाद इंटर कॉलेज सिकरिया के प्रांगण में नंदलाल शुक्ला, विकासखंड नगवा के वैनी न्याय पंचायत अंतर्गत नगांव में संतोष चौबे के मुख्य आतिथ्य में सम्मेलन का हुआ आयोजन। सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्रमशः वक्तागण ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी हिंदुओं का एकीकरण है। हिंदुओं को संगठित करना समय की मांग है। हिंदू सम्मेलन सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे सामने चार लक्ष्य हैं, अर्थात हिंदू धर्म, हिंदी धर्म, संस्कृति धर्म और राष्ट्र धर्म की रक्षा। ये हमारे चार मूल स्तंभ हैं। यदि हम हिंदू गौरव के इन चार स्तंभों की रक्षा के लिए संगठित हो जाते हैं, तो यह कहना निश्चिंत होगा कि हिंदुओं का हिंदुत्व सदा के लिए अप्रभावित रहेगा। हिंदू धर्म की वे प्रथाएं और परंपराएं जो समानता और न्याय के विरुद्ध हैं, उन्हें यथाशीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए; ताकि समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारा स्थापित हो सके। आइए हम पूरी मानवता को एक परिवार मानें और एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदार बनें। भारत से बाहर रहने वाला हिंदू समाज अपनी सामाजिक पहचान, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक प्रतिबद्धताओं के लिए हमेशा भारत से ही गतिशील मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता है इस नाते भी भारत में हिंदू सम्मेलन आयोजित होना एक महत्वपूर्ण कड़ी है। एक के बाद एक वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और गौरव पर भावों से ओतप्रोत विशाल सम्मेलन के समक्ष अपने प्रेरणादायक और प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रमशः संतोष कुमार, देवेंद्र साहनी तथा संचालन क्रमशः सत्येंद्र पाठक, नंदलाल विश्वकर्मा,नवनीत, अनिल सिंह ने किया। कार्यक्रमों में जिला संयोजक आलोक कुमार चतुवेर्दी, जिला सहसंयोजक राजीव मिश्रा, कामेश सिंह, सत्येंद्र पाठक, नारसिंह पटेल, नीरज जैन, पंकज कुमार, संकल्प कुमार, शेखर कुमार, सुषमा पांडे, पूनम देवी, संतोष, अशोक, लालू यादव, रवि कुमार, अनिल सिंह, सक्षम, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार, सरस्वती देवी, मातृ शक्ति मार्कणिका कोल, संत समाज संपूर्णा नन्द, वंचित समाज, हरी सेवा, कामेश, जीतेन्द्र, राम नारायण, विजय चौहान, गंगेश्वर चौहान, शिवम् , विकास विश्वकर्मा, जय किसशुन प्रजापति, संतोष आत्मा, आसुतोष, जीतेन्द्र मौर्या, डॉ रविंद्र, डॉ जिलाजीत, प्रधान प्रतिनिधि मधुपुर प्रवीण, प्रशांत, रंजीत, महेश्वर त्रिपाठी मण्डल उपाध्यक्ष, शिवपुजान तिवारी, उपेंद्र नाथ उपाध्याय, श्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# श्री राम सीता का हुआ विवाह, श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

- आचार्य सूर्य लाल मिश्र,भूदेव सहित स्त्रियों ने गाये बधाई एवं विवाह गीत
- विवाह अवसर पर प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया श्रृंगार सामग्री
- श्रीराम विवाह की दिखाई गई आकर्षक झांकी



**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र।जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के स्थानीय आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे रामचरितमानस नवाह पाठ के तृतीय दिवस के अवसर पर मानस पांडाल में श्री राम जानकी का विवाह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

लेत चढ़ावत खैचत गाढै। काहू न लखा देख सब ठाढे।। तेहि छन राम मध्य धनु तोरा। भरे भुवन धुनि घोर कठोरा।। इसी दोहे के साथ शिव का धनुष भंग हुआ और लोगों में उत्सव मनाया जाने लगा देवी- देवता दर्शन के लिए आने लगे और माता जानकी- भगवान श्रीराम ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाला, विवाह संस्कार पूर्ण हुआ हुआ। झांझ, मृदंग शंख शहनाई। मेरी री ढोल दूदूभी सुहाई।। बाजहि बहू बाजने सुहाये। जह तह जुबतिनह मंगल गाये।। आचार्य सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद उद्धत गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस के बालकांड की चौपाई के साथ मानस पांडाल में भक्तजनों में हर्ष का माहोल छा गया और उपस्थित भक्तजन बधाई एवं विवाह गीत गाने लगे। श्री राम के विवाह उत्सव के खुशी में प्रसाद स्वरूप स्त्रियों में श्रृंगार की वस्तुएं वितरित की गई और राम विवाह की झांकी बड़े सुरुचि पूर्ण ढंग से सजाई गई। राम- लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राजा दशरथ के पास जनकजी का दूत भेजना, अयोध्या से बारात का प्रस्थान, बारात का जनकपुर में आना और स्वागत आदि, सीता राम विवाह, अयोध्या लौटना और अयोध्या में आनंद आदि प्रसंगो का संगीतमय गायन मुख्य व्यास एवं भूदेवो ने किया। राजा जनक के रूप मे सत्यपाल जैन और उनकी धर्मपत्नी रजनी जैन सुनैना के रूप में श्रीराम की कृपा विधि के उपरांत पाव पखारकर कन्यादान करने के रस्म को निभाया। राजा दशरथ के रूप में रवि जालान और उनकी पत्नि मीरा जालान बारातियों के साथ मंडप की शोभा बढ़ा रहे थे। इसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय एवं प्रकाश चंद्र विद्यार्थी द्वारा राम जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि नारद मुनि ने भगवान को श्राप दिया था उसी श्राप के कारण भगवान का अवतार रावण के वध के लिए हुआ साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार के सोहर और भजनों को गाया जिससे महा उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि राम जी के जन्म का कारण मनु और शतरूपा की तपस्या थी। इस अवसर पर समिति के सांसद छोटेलाल खरवार, सदर विधायक भूपेश चौबे, अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, डॉ. कुसुमाकर श्रीवास्तव, शिशु त्रिपाठी, रवि जालान, इंद्रदेव सिंह, मिठाई लाल सोनी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, मृत्युंजय तिवारी, किशोर केडिया, पप्पू शुक्ला, रविंद्र पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाकपा की शताब्दी वर्ष समारोह पर कार्यकताओं ने विशाल जूलूस निकालकर किया जनसभा

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**




सोनभद्र। शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का 100वाँ स्थापना दिवस सोनभद्र जनपद के नगवा विकास खंड में जोरदार तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर वैनी दूबेपुर मोड़ से पार्टी कार्यकताओं, आदिवासी, किसानों और मजदूरों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए करीब 3 किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला, जो नगवा विकास खंड कार्यालय परिसर के समक्ष पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम के दौरान नगवा बाँध से विस्थापित किसान एवं आदिवासी परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही विकसित भारत विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी किए जाने का भाकपा नेताओं और कार्यकताओं ने कड़ा विरोध किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कामरेड फूलचंद यादव (महासचिव उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन) ने कहा कि मनरेगा गरीबों और मजदूरों की जीवनरेखा है और इसके स्वरूप से छेड़छाड़ गरीब विरोधी कदम है। उन्होंने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और रोजगार की गारंटी की मांग की। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक एवं किसान सभा के महासचिव कामरेड राजेंद्र यादव ने भी वक्तव्य में कहा कि किसान, मजदूर और आदिवासी वर्ग को संगठित होकर अपने हक और अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करना होगा। विशिष्ठ अतिथि महिला फेडरेशन की नेत्री कामरेड रमा उदल ने महिलाओं से जुड़े सवालों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में भाकपा उत्तर प्रदेश राज्य काउंसिल सदस्य कामरेड शशिकांत कुशवाहा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला सचिव कामरेड आर.के. शर्मा ने भी सभा को सम्बोधित किया, किसान सभा और एटक से जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, जिला सह-सचिव बसावन गुप्ता, बलबीर सिंह, अमरनाथ, गुलाब, निडर, रामजनम कुशवाहा, प्रेम चंद गुप्ता, हृदय नारायण, वीरेंद्र कुमार, नागेन्द्र कुमार, लोक नाथ, राम दुलारे, अमर नाथ (बीडीसी ) नंदूयादव, धन्नुराम, अनिल कुमार, संगीता देवी, सुमन देवी, सरस्वती, राधिका आदि व भाकपा पदाधिकारियों सहित सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला मंत्री कामरेड रामरक्षा ने और संचालन पूर्व प्रधान चंदन प्रसाद व देव कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आदिवासी, किसान और मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर नगवां बीडीओ को पत्रक भी दिया गया।

# सांसद एवं विधायक ने रमजान नदी में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज के सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद और विधायक कमरुल हूदा ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रमजान नदी में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सहायक अभियंताओं ने सौंदर्यीकरण कार्य से संबंधित जानकारी दी।इस दौरान सांसद ने कार्यपालक अभियंता को बताया कि यह उनका महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें कोई अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा इस योजना को लाने में काफी मेहनत लगी और 16 साल का नतीजा है। रमजान नदी का 9 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण होना है। नागरिकों की सुविधा के लिए नगर परिषद क्षेत्र के ढेकसरा पुल से मझिया पुल तक नदी के एक किनारे 9.5 किलोमीटर सर्विस सड़क, फेबर ब्लॉक से निर्माण होगा, जो शहर के मुख्य सड़क तक पीसीसी ढलाई से कनैक्टिविटी होगा।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल, सांसद के निजी सहायक एहसान हसन, कांग्रेस नेता इदु हुसैन, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष वसीम अख्तर आदि मौजूद थे।

# पशु बांझपन निवारण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, 227 पशुओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-02 योजना के तहत बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम बक्सा में पशु बांझपन निवारण शिविर एवं पशु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन, विभाग बिहार सरकार के निदेश पर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, आजादनगर के द्वारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन आलम आरा सदस्य पंचायत समिति सारोगोड़ा एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर डा. संजय कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, आजादनगर एवं डा. शशि कान्त सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, पोठिया के द्वारा बताया गया कि पशुओं में बढ़ते बांझपन रोग में कारण पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, इसके बचाव के लिए पशुपालकों को जागरूक होना अत्यन्त आवश्यक है। डा. संजय कुमार एवं डा. शशि कान्त सिंह ने पशुपालकों को पशु बांझपन निवारण से संबंधित चिकित्सीय सलाह एवं जरूरी सुझाव दिये। शिविर में 227 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस कार्य के सफल संचालन में मो. साबीर आलम, शफी अहमद, मुजतर नासरी एवं सुमित कुमार ने सहयोग किया।

# मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट औरंगाबाद में कक्षा 8 तक स्कूलों को किया गया बंद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद सहित पूरे बिहार में कड़कड़ाती ठंड ,घना कोहरा और शीत लहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने भी अगले 24 घंटे के लिए औरंगाबाद सहित बिहार के 26 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया







है।वहीं औरंगाबाद के नबीनगर में शुक्रवार सुबह का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया ।वहीं औरंगाबाद जिले में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने एक बार फिर बड़ा फैसला लेते हुए जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों, प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में आठवीं तक की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां 26 दिसंबर से 27 दिसंबर तक पूरी तरह से स्थगित रखने का सख्त आदेश दिया है। वहीं नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 11:00 बजे से पूर्व और अपराह्न 03:30 बजे के बाद पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगी। परीक्षा हेतु संचालित विशेष कक्षाओं का संचालन इस आदेश से मुक्त रखा गया है ।जिला प्रशासन ठंड और मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर रहा है और परिस्थिति के अनुसार आवश्यक अग्रेतर निर्णय लिया जाएगा।जिला दंडाधिकारी की आदेश की प्रतिलिपि आवश्यक करवाई एवं अनुपालन के लिए शिक्षा विभाग सहित जिले के सभी वरीय अधिकारियों को भी दी गई है।

# पटना पश्चिमी सीटी एसपी ने किया फुलवारीशरीफ थाना का निरीक्षण, जनता दरबार लगा सुनी शिकायतें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिलों में थाना स्तर पर सप्ताह में दो दिन जनता दरबार आयोजित किए जाने के क्रम में शुक्रवार को सीटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह फुलवारीशरीफ थाना पहुंचे। जहां उन्होंने थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याएं सीधे तौर पर सुनी। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी। सीटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने एक-एक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित अनुसंधान कताओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि लंबित मामलों में शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। सीटी एसपी ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का थाना स्तर पर ही त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों में किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीटी एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और लंबित कांडों की समीक्षा भी की। उन्होंने अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर रखने, पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार करने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। जनता दरबार और निरीक्षण के दौरान डीएसपी सुशील कुमार और फुलवारीशरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम भी मौजूद रहे।

# पटना के पालीगंज में अलाव के नाम पर खानापूर्ति

## कईं महत्वपूर्ण जगहों पर नही जलाई जा रही आग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज नगर पंचायत में अलाव जलाने के नाम पर खानापूर्ती देखने को मिल रही है। जबकि कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव जलाई तक नही जा रही है।

जानकारी के अनुसार इलाके में पड़ रही कड़ाके की ठंढ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मूड में है। लोगो को ठंढ से बचने के लिए निर्देश जारी कर रही है। जिसके अनुसार स्थानों को चिन्हित कर अलाव जलाने की निर्देश भी जारी की गई है। जबकि पटना जिले के पालीगंज नगर पंचायत में बढ़ती ठंढ को देखते हुए प्रशासन ने जगहों को चिन्हित कर अलाव जलवाने की जिम्मेदारी नगर पंचायत को दी है। लेकिन अलाव जलाने के नाम पर पलीगंज नगर पंचायत केवल खानापूर्ति करते दिख रही है। कुछ ही चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। वहां भी पर्याप्त मात्रा में जलावन की व्यवस्था नही देखने को मिल रही है। कुछ लकड़ियां दिखाई भी दिया तो वह सुखी नही थी। जब निरीक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थान अनुमंडल अस्पताल परिसर पहुंचने पर पता चला कि यहां किसी भी प्रकार की जलावन या अलाव की व्यवस्था नही की गई है। वहां मरीजों के साथ पहुंचे परिजनों ने बताया कि हम सभी मरीजों के साथ आनन फानन में अस्पताल तो पहुंच गए लेकिन अलाव की व्यवस्था नही रहने से कड़ाके की ठंढ की सामना करने को विवश हूँ।

इस सम्बंध में बात करने पर पालीगंज नगर पंचायत के ईओ भावना सिन्हा ने बताई की इस महत्वपूर्ण स्थान की ओर किसी ने ध्यान आकृष्ट नही करवाया था। जानकारी के अभाव में इस महत्वपूर्ण जगह पर अलाव की व्यवस्था नही हो पाई थी। अभी शीघ्र ही वहां अलाव व जलावन की व्यवस्था करवा दी जाएगी।

# पटना में फंदे से लटकती मिली नवविवाहिता की शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नदी थाना क्षेत्र स्थित मोजीपुर गांव में गुरुवार की देर रात एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। 19 वर्षीय पूजा कुमारी का शव घर के भीतर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शुरूआत में पुलिस को यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हुआ, लेकिन मृतका के मायके पक्ष के पहुंचते ही प्रकरण ने गंभीर मोड़ ले लिया और दहेज प्रताड़ना का आरोप सामने आ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नदी थाना पुलिस के साथ फतुहा वन डीएसपी अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे। घर के भीतर कमरे की स्थिति, शव की अवस्था और आसपास के हालात का



निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक तौर पर कोई स्पष्ट संघर्ष के निशान सामने नहीं आए, लेकिन परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच को व्यापक रखने का फैसला किया। डीएसपी ने कमरे के भीतर की तकनीकी जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाने के निर्देश दिए, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर स्थिति का आकलन किया जा सके। मृतका की पहचान पूजा कुमारी के रूप में हुई है। जिसकी शादी इसी वर्ष जुलाई महीने में मोजीपुर गांव निवासी आकाश कुमार से हुई थी। शादी को अभी कुछ ही महीने बीते थे। परिजनों के अनुसार, पूजा का वैवाहिक जीवन शुरू से ही तनावपूर्ण रहा। मायके पक्ष का कहना है कि शादी के बाद से ही ससुराल में उससे अतिरिक्त पैसों की मांग की जाने लगी थी, जिससे वह मानसिक दबाव में रहने लगी थी।पूजा के भाई टुनटुन कुमार ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि आकाश कुमार बेरोजगार था और उसने पूजा पर मायके से 5 लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया था। उनका कहना है कि यह राशि वह अपने व्यापार या निजी शौक पूरे करने के लिए चाहता था। इस मांग को लेकर पूजा को बार-बार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता था। परिवार का दावा है कि उन्होंने कई बार ससुराल जाकर बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। मायके वालों के अनुसार, पूजा कई बार अपने हालात को लेकर दुखी दिखाई देती थी। वह परिवार को अपनी परेशानी बताती थी, लेकिन सामाजिक दबाव और विवाह टूटने के डर से हर बार समझौते की राह चुनी जाती रही। परिजनों का आरोप है कि लगातार दहेज की मांग और प्रताड़ना ने पूजा को मानसिक रूप से तोड़ दिया, जिसका परिणाम उसकी मौत के रूप में सामने आया। हालांकि पुलिस इस बिंदु पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी साक्ष्यों का इंतजार कर रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्र करने का निर्णय लिया। एफएसएल टीम कमरे के भीतर की स्थिति, फंदे, छत या सहारे की ऊंचाई, वस्तुओं की स्थिति और अन्य तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण करेगी। इन साक्ष्यों से यह स्पष्ट करने में मदद मिलेगी कि यह मामला आत्महत्या का है या इसमें किसी प्रकार की जबरदस्ती या साजिश शामिल है। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सटीक कारण, समय और संभावित चोटों की जानकारी सामने आएगी। फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल की फाइंडिंग्स के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी। नदी थाना में दर्ज लिखित शिकायत के आधार पर पति आकाश कुमार और उसके परिजनों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# पटना पुलिस ने किया कुख्यात डकैत छोटू नट को साला संग गिरफ्तार, हथियार व ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के परसा बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर कुख्यात डकैत छोटू नट को उसके साला के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें कई डकैती के संगीन कांड शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

गिरफ्तार कुख्यात डकैत की पहचान छोटू नट उम्र करीब 40 वर्ष, पिता वीरन नट, निवासी ग्राम हसनपुरा, थाना बेऊर, जिला पटना के रूप में हुई है। वहीं उसके साथ गिरफ्तार साले की पहचान गोबिंद कुमार उम्र करीब 30 वर्ष, पिता साजन प्रसाद, निवासी ग्राम दीघा पोलसन, थाना दीघा, जिला पटना के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार छोटू नट लंबे समय से पुलिस की नजर से बचकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। उसकी पत्नी दुर्गा देवी, पिता और भाई पहले ही डकैती के मामलों में जेल जा चुके हैं। परिवार के अन्य सदस्यों के जेल जाने के बाद छोटू नट भूमिगत हो गया था और पुलिस से बचते हुए ड्रग्स के अवैध कारोबार में सक्रिय हो गया था।

इस संबंध में सिटी एसपी पूर्वी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात डकैत छोटू नट अपने साला के साथ हवाई अड्डा थाना क्षेत्र में हथियार लेकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि छोटू नट पर परसा बाजार थाना में ही आधा दर्जन से अधिक डकैती के मामले दर्ज हैं। बाईपास, गोपालपुर, अगमकुंआ और जानीपुर थाना क्षेत्रों में भी इसके खिलाफ कई आपराधिक कांड दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए यह पुनपुन से लेकर खगौल बाईपास तक ड्रग्स का धंधा चला रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि परसा बाजार थाना क्षेत्र में हुई डकैती के मामलों में छोटू नट नामजद अभियुक्त है। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि उनके गिरोह, ड्रग्स नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों का खुलासा किया जा सके।

# पटना में दुकान की शटर काटकर सवा लाख की चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अनीसाबाद मे देर रात एक मेडिकल दुकान की शटर काटकर चोरों ने दुकान में प्रवेश किया और करीब एक लाख पच्चीस हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को जांच में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। चोरी की यह घटना अनीसाबाद इलाके में स्थित ड्रग स्टेट नामक मेडिकल दुकान में हुई। जानकारी के अनुसार, यह दुकान इलाके में काफी समय से संचालित हो रही है और यहां दिनभर ग्राहकों की आवाजाही रहती है। रात के समय जब दुकान बंद थी, उसी दौरान चोरों के एक संगठित गिरोह ने इसे अपना निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज से सामने आया है कि देर रात लगभग छह चोर दुकान के बाहर पहुंचे थे। सभी ने अपने चेहरे नकाब से ढके हुए थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके। सबसे पहले गिरोह के तीन सदस्यों ने दुकान के शटर को चारों ओर से कंबल से ढक दिया। कंबल से शटर ढकने के बाद चार चोरों ने मिलकर दुकान के शटर और ताले को तोड़ना शुरू किया। कुछ ही देर में उन्होंने शटर को काटकर अंदर घुसने का रास्ता बना लिया। इस दौरान गिरोह के कुछ सदस्य बाहर खड़े होकर नजर बनाए हुए थे। दुकान के भीतर घुसते ही चोर सीधे काउंटर की ओर बढ़े। उन्हें इस बात की पूरी जानकारी थी कि नकदी कहां रखी जाती है। चोरों ने काउंटर में रखे कैश बॉक्स को खंगाला और उसमें रखी लगभग एक लाख पच्चीस हजार रुपये की नकदी समेट ली। मेडिकल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। सभी चोर आपस में इशारों के जरिए संवाद कर रहे थे और बार-बार बाहर की स्थिति पर नजर डाल रहे थे। उनके हाव-भाव और तरीके से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कोई नया गिरोह नहीं, बल्कि पेशेवर चोरों का समूह हो सकता है, जिसने पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया हो। सुबह जब दुकान खुलने का समय हुआ और कर्मचारियों ने टूटा हुआ शटर देखा, तब चोरी की जानकारी सामने आई। इसके बाद स्टोर मैनेजर कमलेश कुमार ने तुरंत गर्दनीबाग थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुकान का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल से कई अहम जानकारियां जुटाईं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस गिरोह का संबंध इलाके में पहले हुई चोरी की घटनाओं से है। पुलिस को आशंका है कि चोरों ने पहले से दुकान और आसपास के इलाके की रेकी की थी।

# पटना के पालीगंज नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक

## नगर क्षेत्र के विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास बनी मुख्य मुद्दा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**





पटना/ जिले के पालीगंज नगर पंचायत परिसर में आयोजित सामान्य बोर्ड की बैठक में नगर क्षेत्र के समग्र विकास, राजस्व बढ़ोतरी और ठंड से बचाव को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा के द्वारा की गई। जबकि कार्यपालक पदाधिकारी भावना सहित सभी वार्ड पार्षद, अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में सबसे मुख्य मुद्दा नगर क्षेत्र के विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास का रहा। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद जिन छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी प्रभावित हुई है, उन्हें नगर क्षेत्र में ही उपयुक्त स्थान खोजकर बसाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि वर्षों से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाना उचित नहीं है। इसलिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा जल्द ही स्थान चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित तरीके से बसाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ताकि उनकी आजीविका प्रभावित न हो और नगर की व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। बैठक में नगर पंचायत के राजस्व संग्रहण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यपालक पदाधिकारी भावना ने संबंधित वार्डों में कर एवं शुल्क संग्रहण करने वाले कर्मियों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्ड पार्षदों के सहयोग से राजस्व संग्रहण कार्य को गति दें। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए राजस्व की भूमिका अहम है। इसलिए लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की अपील की गई। बोर्ड बैठक में निर्देश दिया गया कि गरीब, असहाय, वृद्ध और राहगीरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए अलाव की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक के अंत में नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने नगर हित में लिए गए प्रस्तावों को शीघ्र लागू करने का भरोसा दिलाया। इससे नगर क्षेत्र में व्यवस्था सुधारने के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत मिलने की उम्मीद जताई। बैठक में उपाध्यक्ष रजनी कुमारी, पार्षद संजय सिंह, दीपक प्रसाद, परवेज आलम, राज किशोर कुमार, संतोष प्रसाद, प्रियंका कुमारी यादव, अमृता वर्मा, रंजना देवी सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

# बिजनौर सीएचसी स्योहारा के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्रों पर 30 टीकाकरण सत्रों पर टीका उत्सव का किया गया आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर डॉ0 स्नेही। जिला अधिकारी बिजनौर की बैठक में दिए गए आदेशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र स्योहारा ओर स्योहारा, मिल्क बेनीराम , गेंदजुड और अन्य जगह मे शुक्रवार को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के टीका उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय टीकाकरण सत्र का महत्वपूर्ण निरीक्षण अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही की ओर से उनकी टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण में कुपोषित बच्चों एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी पर बल दिया गया ।डॉक्टर स्नेही ने बताया कि अब पंचायती राज विभाग द्वारा भी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम ओर घर घर भ्रमण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जा रहा है ।इस दौरान उन्होंने टीकाकरण डाटा की समय बद्ध और सटीक फीडिंग का निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों को दिया ,साथ ही समय पर पोर्टल पर डाटा अपलोड में सावधानी बरतने को कहा। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर स्नेही ने टीबी रोगियों की पहचान और नोटिफिकेशन पर विशेष जोर दिया। कोई भी टीबी मरीज इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए । प्राइवेट चिकित्सकों को भी यह नोटिफिकेशन करना अनिवार्य है और टीबी रोगियों को खोजना है। इस दौरान उन्होंने समस्त टीकाकरण सत्रों पर चल रही टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं स्टाफ की उपस्थिति ,वैक्सीन प्रबंधन एवं लाभार्थियों की सूची के सत्यापन को सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर ,ड्यू लिस्ट एवं टीकाकृत बच्चों की सूची का अवलोकन भी किया ।साथ ही सभी क्षेत्र में सभी सत्र का नियमित निरीक्षण करने के आदेश समस्त हेल्थ सुपरवाइजर , एमपीडब्ल्यू और एल एच बी को दिए ।उन्होंने समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को रिपोर्ट समय पर जमा करने को भी आदेशित किया ।इसके साथ ही उन्होंने सभी एएनएम आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीकाकरण की ड्यू लिस्ट को पालन करने को कहा ।साथ ही बुधवार और शनिवार को अवकाश न लेने के लिए भी आदेशित किया गया।इस दौरान ब्लॉक में 30 टीकाकरण सत्रों का आयोजन आज किया गया। सभी के साथ साथ सत्रों का सुपरविजन हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, फार्मासिस्ट दीपक कुमार , ए आर ओ आलोक कुमार, एल एच वी, और समस्त कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर द्वारा किया गया।

# दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

केंद्रीय मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी अन्नपूर्णा देवी, सावित्री ठाकुर, रवनीत सिंह, हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार से आए हुए मंत्री महोदय, अन्य महानुभाव, देश के कोने-कोने से यहां उपस्थित सभी अतिथि और प्यारे बच्चों !

आज देश ह्यवीर बाल दिवसह्न मना रहा है। अभी वंदे मातरम की इतनी सुंदर प्रस्तुति हुई है, आपकी मेहनत नजर आ रही है। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो हमारे भारत का गौरव है। जो भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा है। वो वीर साहिबजादे, जिन्होंने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया, जो क्रूर मुगल सल्तनत के सामने ऐसे चट्टान की तरह खड़े हुए कि मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता।

जब भी 26 दिसंबर का ये दिन आता है, तो मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी सरकार ने साहिबजादों की वीरता से प्रेरित वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया।

# लगातार पड़ रही ठंड से सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा

## बढ़ते सड़क दुर्घटना को लेकर थाना प्रभारी चिंतित,लोगों से सावधानी बरतने की अपील

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता**
**विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड में लगातार पड़ रही ठंड के कारण सड़क दुर्घनाओं में इजाफा हो रहा है ।बताते है एक हफ्ते के भीतर कई सड़क दुर्घटना हुए ।बीते दिन प्रखंड के तीन जगहों में सड़क दुर्घटना तो शुक्रवार को भी दो बाइक आपस में भिड़े ।थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने लोगों से अपील की है कि रात और सुबह के ठंड में कुहासा और धुंध के कारण सड़क की विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है,इस अवस्था में सावधानी पुर्वक वाहन चलायें,हमेशा अपनी दिशा और रोड के बायी ओर का ध्यान रखें, किसी भी हाल में ओवरटेक ना करें,,धुंध के अलावा नशा भी एक प्रमुख कारण है इसे ऐभायड करें,

# बांग्लादेश सरकार के खिलाफ बजरंग दल का आक्रोश प्रदर्शन, पुतला दहन

**पंकज कुमार पाठक,**
**दैनिक समाज जागरण**



पदमा -विश्व हिंदू परिषदझबजरंग दल की पदमा प्रखंड समिति ने हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में शुक्रवार को आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने भारत सरकार से पड़ोसी देशों में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल हजारीबाग विभाग के मिलन प्रमुख प्रशांत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अस्वीकार्य हैं और सरकारों को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं विश्व हिंदू परिषद के हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील की और केंद्र सरकार से कूटनीतिक स्तर पर ठोस पहल करने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने की। व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रखंड सह मंत्री रंजीत मेहता ने संभाली।

प्रदर्शन में विभाग मिलन प्रमुख प्रशांत सिंह, जिला मंत्री अरविंद मेहता, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, बजरंग दल प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, सहसंयोजक सुभाष मेहता, पदमा पंचायत मुखिया अनिल मेहता, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी व मंजू देवी, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निशांत सिंह सहित कई सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी की बैठक संपन्न, चांडिल डैम विस्थापितों के मुद्दे पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन

**संवादाता परमबीर पात्रों**
**दैनिक समाज जागरण**



सरायकेला भीम आर्मी के कॉर्डिनेटर सह फाउंडर सुरेश राम की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में चांडिल डैम क्षेत्र के 184 मौजा गांवों के उन लोगों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई, जिन्हें अब तक विकास पुस्तिका नहीं मिल पाई है। बैठक में सुरेश राम ने आश्वासन दिया कि इस गंभीर विषय को लेकर डैम ऑफिस में बहुत जल्द बातचीत की जाएगी और जिन लोगों का काम लंबित है, उसे पूरा कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी समाज के हित में लगातार संघर्ष करती रहेगी और वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।
इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इचागढ़ पूरे विधानसभा क्षेत्र में रोड, नाला, सड़क, स्कूल, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में संगठन सक्रिय भूमिका निभाएगा। जन प्रति निधि की तरह कार्य करते हुए सभी को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# भुइयांडीह में क्रिसमस पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव जारी, विधायक सविता महतो ने झूमर नृत्य का किया फीता काट कर उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के भुइयांडीह ग्राम में क्रिसमस पर्व के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव पूरे उत्साह और उल्लास के साथ जारी है। महोत्सव के दूसरे दिन पारंपरिक झूमर नृत्य का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। झूमर नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की लोकसंस्कृति हमारी पहचान है और ऐसे आयोजनों से पारंपरिक कला को नई पहचान मिलती है। झूमर नृत्य की प्रस्तुति झूमर टीम सुलोचना (दीपक महतो) द्वारा दी गई, जो बारीपदा उड़ीसा की टीम ने संगीत से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।
महोत्सव के दौरान मेला, खान-पान और मनोरंजन की भी समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजकों के अनुसार तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के अंतिम दिन कल पारंपरिक छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्र में खास उत्साह है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर चांडिल प्रखंड की जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य ओम प्रकाश लायक, केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो नेता दिलीप महतो, लक्खी चरण महतो, बादल महतो, आसनबनी उपमुखिया प्रदीप महतो, सहरबेड़ा ग्राम प्रधान रवींद्रनाथ तंतुबाई, विष्णुपद गोप एवं शंकर लायक , प्रकाश प्रमाणिक आदि उपस्थित रहे।

# संथाली भाषा और ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति करेंगी शिरकत, विधायक संजीव सरदार ने आयोजन कमिटी संग की चर्चा

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



29 नवंबर को दिशोम जाहेर, करनडीह, जमशेदपुर में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन प्रस्तावित है। राष्ट्रपति यहां आयोजित 22वें संथाली पारसी महा एवं ओलचिकी लिपि के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष पूर्ण होने) के भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। यह आयोजन संथाली भाषा के प्रचार-प्रसार और ओल चिकी लिपि के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार कार्यक्रम स्थल दिशोम जाहेर पहुंचे और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की. उन्होंने कमिटी के साथ कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी ली और आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल संथाली समाज बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रपति का इस ऐतिहासिक आयो जन में शामिल होना संथाली भाषा, संस्कृति और ओलचिकी लिपि को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से रविंद्रनाथ मुर्मू, वीर प्रताप मुर्मू, गणेश टुडू, शंकर हेंब्रम, कुशल हांसदा, बाबूलाल, जोबा मुर्मू और मानसिंह मांझी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# छतरडीह में स्व. भगीरथ महतो की स्मृति में खेल व संस्कृति का संगम, उत्तम स्पोर्टिंग बना चैंपियन

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ (सरायकेला-खरसावां ):कुकड़ू प्रखंड के छतरडीह गांव में शुक्रवार को स्वर्गीय भगीरथ महतो की स्मृति में एकदिवसीय फुटबॉल टूनामेंट सह झूमर संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन युवा स्टार कमिटी छतरडीह के तत्वावधान में हुआ, जिसमें क्षेत्रीय खेल प्रेमियों और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव तथा जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो की धर्मपत्नी भानुमती महतो ने संयुक्त रूप से किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में उत्तम स्पोर्टिंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ₹50,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उपविजेता शिवा स्पोर्टिंग को ₹40,000, सिद्धू-कानू क्लब कुकडू को ₹20,000 (तृतीय) तथा किस्कू ब्रदर्स गम्हारिया को ₹20,000 (चतुर्थ) पुरस्कार स्वरूप दिए गए। समारोह को संबोधित करते हुए अशोक साव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं को अनुशासन और टीम भावना भी सिखाता है। वहीं झूमर संगीत हमारी लोक-संस्कृति की पहचान है, जिसे संजोना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों को युवाओं के लिए सकारात्मक मंच बताया। भानुमती महतो ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और सामाजिक सौहार्द मजबूत होता है। कार्यक्रम में झामुमो कुकडू प्रखंड अध्यक्ष कृत्तिवास महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो, बैरासी सिरुम ग्राम प्रधान सुषेण कुमार महतो, पूर्ण सिंह, डॉ. विभीषण महतो, मेघनाथ महतो, बबलु प्रमाणिक, मोहन सिंह, समाजसेवी कमलेश महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# एक्सएलआरआइ के स्किल डेवलपमेंट सेंटर से 57 कामगारों ने ली ट्रेनिंग, स्वरोजगार से जुड़ेंगे

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के फादर मैकग्राथ स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एफएम-एसडीसी) ने अपनी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के पांचवें बैच का सर्टिफिकेशन समारोह कैंपस में आयोजित किया. इस बैच के 57 छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए. इसमें दो राज्यों के ग्रामीण और वंचित समुदायों के युवा हैं. इस बैच में कंप्यूटर स्किल्स एवं डाटा एंट्री कोर्स के 43, गारमेंट एवं फैशन डिजाइनिंग के 6 और प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रिकल वायरिंग इंटर्नशिप के 8 छात्र शामिल थे. उन सभी छात्रों को गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने में महारथ हासिल करने के बाद सभी को सर्टिफिकेट दिया गया. इससे पहले भी इस प्रोग्राम से ट्रेनिंग लेकर कई छात्र स्कूलों, निजी कंपनियों, सरकारी कार्यालयों में नौकरी कर रहे हैं, जबकि कुछ ने उद्यमिता का रास्ता अपनाया है. सर्टिफिकेट वितरण समारोह में सेंटर के कन्वीनर फादर डोनाल्ड डिसिल्वा एसजे ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि जेवियर कम्युनिटी कॉलेज (एक्ससीसी) ने अब तक 198 छात्रों को प्रशिक्षित किया है. यह पहल एक्सएलआरआइ की समाज से जुड़ाव की मिशन को प्रतिबिंबित करती है, साथ ही उन्हें मिलने वाले प्रमाणपत्र से वे आगे पूरी गरिमा और आत्मविश्वास के साथ ना सिर्फ नौकरी बल्कि स्वरोजगार कर सकेंगे. एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर सेबेस्टियन जॉर्ज एसजे ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आज रोजगार योग्यता डिग्री से ज्यादा स्किल्स पर निर्भर है. छात्रों को निरंतर अपस्किलिंग और उत्कृष्टता की सलाह दी. जेसुइट प्रोविंशियल फादर जेरी कुटिना एसजे ने ईमानदारी पर बल देते हुए छात्रों से समाज के लिए जिम्मेदार योगदान की अपील की. प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर फादर प्रवीण जोस एसजे ने बताया कि एक्सएलआरआइ ने विद्यार्थियों के पूरे प्रशिक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत निःशुल्क कराया. जिसमें उन्हें कम्युनिकेशन स्किल्स और वर्कप्लेस रेडीनेस से जुड़ी जानकारी दी गयी. इससे छात्रों को सरकारी सेवा, शिक्षा, उद्यमिता और कंस्ट्रक्शन सेक्टर में अवसर मिले।

# असम सरकार के "युवा लेखक सम्मान" से शिक्षक कवि सुमन रंजन सेन को सम्मानित किया गया।

## इस खबर के मिलते ही इलाके में खुशी की लहर फैल गई।



**समाज जागरण**

श्रीभूमि संवाददाता दैनिक समाज जागरणः असम सरकार के "युवा लेखक सम्मान 2025" में श्रीभूमि जिले के बदरपुर शिक्षा खंड के 853 नंबर नएग्राम एल पी स्कूल के शिक्षक सुमन रंजन सेन का चयन किया गया। पुस्तक वर्ष 2025 के रूप में 'असम पुस्तक मेला' के उद्घाटन समारोह में 818 लेखक-लेखिकाओं को 'युवा लेखक सम्मान' के तहत 25,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रदान किए गए। कवि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, शिक्षामंत्री रणोज पेगू महोदय, असम प्रकाशन परिषद और आयोजित कार्यक्रम की संचालन समिति को इस सम्मान प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। यह खबर फैलते ही विभिन्न क्षेत्रों से प्रशंसा की झड़ी लग गई है।

# श्रीभूमि जिले के बिरजापूर मॉडल आंगनवाड़ी की इमारत सरकार के गाइडलाइन का पालन किए बिना निर्माण कार्य! भ्रष्टाचार का आरोप।

## निर्माण में बेहद घटिया पत्थर इस्तेमाल करने से इलाके के लोग नाराज हैं। भ्रष्टाचार के मामले पर कार्रवाई के लिए लोकप्रिय मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से हस्तक्षेप की मांग की।

**दैनिक समाज जागरण**



: श्रीभूमि संवाददाता दैनिक समाज जागरण : वर्तमान सरकार शिक्षा के विकास के विस्तार के लिए मध्याह्न भोजन से लेकर निचली प्रारंभिक और उच्च शिक्षा के संस्थानों तक, शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए खर्च कर स्कूल भवन और मॉडल आंगनवाड़ी की इमारत बनाने का काम कर रही है, ताकि छात्रों को स्कूल के दौरान किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उसी तरह बिरजापुर मॉडल आंगनवाड़ी की इमारत बनाने के लिए सरकारी रूप से २५ लाख रुपए का आवंटन किया गया। लेकिन इंजी नियर ने गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए फाउंडेशन समेत अन्य कार्यों में ब्रोकन चिप्स की बजाएं रेत और मिट्टी वाले निम्न गुणवत्ता वाले पत्थर का इस्तेमाल करके भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ब्रोकन चिप्स की बजाएं रेत और मिट्टी वाले निम्न गुणवत्ता वाले पत्थर का इस्तेमाल करके भ्रष्टाचार कर रहे हैं। सार्वजनिक धन के निर्माण कार्य के नाम पर हड़प हो रही है। आरोपों में बताया गया है कि निर्माण कार्य में नदी की मिट्टी और रेत मिलाए गए निम्न गुणवत्ता वाले पत्थरों से जिले के रामकृष्णनगर विधान सभा के बिरजापुर मॉडल आंगनवाड़ी की इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इस बीच जानकारी मिली है कि काम में लगे मिस्त्री ने पानी की सही व्यवस्था नहीं की और बिना धोए काम असंगठित तरीके से चल रहा है। इसके अलावा यह भी पता चला है कि निर्माण कार्य मुख्य रूप से इंजीनियर बाणीब्रत चक्रवर्ती द्वारा किया जा रहा है। कुछ दिन पहले किशोरीपुर गांव में एक कम्यूनिटी हॉल के निर्माण कार्य के दौरान जब यह असंगति देखी गई, तो अधिकारी बाणीब्रत चक्रवर्ती ने ही कहा था कि स्थानीय निर्माण समिति उनके सुझावों की अवहेलना करते हुए काम कर रही है और उन्होंने इस मामले की जांच का आश्वासन दिया।अब विरजापुर मॉडल आंगनवाड़ी के काम में वह सीधे शामिल हैं, लेकीन फिर भी उन्होंने सब कुछ जानकर सरकार के दिशा-निदेर्शों और उत्तम मानक का सही तरीके से मूल्यांकन किए बिना काम किया, तो यह सवाल जनता के मन में उठता है कि यह निर्माण भ्रष्टाचार के माध्यम से कैसे चल सकता है। दूसरी ओर शिलान्यास के समय परियोजना स्थल पर जो अस्थायी सूचना पट्ट लगाए गए थे, वे अब गायब हैं और तो और मूल अनुमान प्राप्त करना तो बहुत दूर की बात है। यदि विभागीय अधिकारी समय और परिस्थितियों के अनुसार अपनी स्थिति बदलते रहते हैं, तो सरकारी आवंटन के सही इस्तेमाल पर जागरूक लोगों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है।
इस विषय में जागरूक नागरिकों ने जांच के क्रम में विधिक कार्रवाई करने के साथ-साथ सरकारी आवंटन या भ्रष्टाचार में विफल रहने वाले निर्माण कार्य के जिम्मेदार अधि कारियों की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए विधिक कार्रवाई के लिए असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा शर्मा और शिक्षा मंत्री रनोज पेगुर का ध्यान आकर्षित किया। ताकि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार न हो और सरकारी पैसे की बबार्दी न हो सके।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह जी, माता गुजरी और वीर साहिबजादों की शहादत का स्मरण कर उन्हें नमन किया

गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में ही धर्म व देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए, वैसा उदाहरण इतिहास में विरल है माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह जी के संस्कारों ने साहिबजादों में मानवता की रक्षा के जो बीज बोए, उसे क्रूर आततायियों की अमानवीय यातनाएँ भी डिगा न सकीं चारों साहिबजादों की बलिदानगाथा हर पीढ़ी तक पहुँचे, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह जी, माता गुजरी और वीर साहिबजादों की शहादत का स्मरण कर उन्हें नमन किया। प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में ही धर्म व देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए, वैसा उदाहरण इतिहास में विरल है।
माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह जी के संस्कारों ने साहिबजादों में मानवता की रक्षा के जो बीज बोए, उसे क्रूर आततायियों की अमानवीय यातनाएँ भी डिगा न सकीं। चारों साहिबजादों की बलिदानगाथा हर पीढ़ी तक पहुँचे, इसलिए मोदी जी ने वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट को संबोधित किया

महान वक्ता, संवेदनशील कवि, लोककल्याण को समर्पित नेता और आधुनिक भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की नींव रखने वाले श्रद्धेय अटल जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूँ राज्य के विकास के लिए मोदी जी द्वारा स्ट्रक्चरल इंडस्ट्रियल समिट की शुरूआत की गई, उसी दिशा में राज्य के समविकास के लिए मोहन यादव जी ने क्षेत्रीय इनवेस्टमेंट समिट की परंपरा शुरू की आने वाले समय में ऐसे क्षेत्रीय इनवेस्टमेंट समिट राज्यों के संतुलित विकास के लिए महत्त्वपूर्ण सिद्ध होंगे पीएम मित्र पार्क के माध्यम से मध्य प्रदेश के किसानों के लिए कपास एक बार फिर लाभकारी फसल बनी है मध्य प्रदेश को विकास के पथ पर सही मायनों में आगे बढ़ाने का कार्य हमारी पार्टी ने किया विपक्षी पार्टी के नेताओं ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया, शिवराज सिंह जी ने वह तमगा हटाया, अब मोहन यादव जी प्रदेश को नई ऊर्जा से आगे बढ़ा रहे हैं पीएम मित्र पार्क के 5F विजन फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन पर आधारित है, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल रहा है आज मध्य प्रदेश में लगभग 50% स्टार्टअप महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे हैं, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है केवल एक वर्ष में 4 लाख 57 हजार नई MSME इकाइयों की स्थापना के साथ मध्य प्रदेश MSME का नया हब बन रहा है भारत ने सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भी धमाकेदार एंट्री की है, इस क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर भी बनेगा और इसका निर्यात भी करेगा

मोबाइल, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में मोदी जी ने भारत को विश्व की अग्रणी पंक्ति में खड़ा किया अटल जी ने न केवल देश की सांस्कृतिक विरासत बचाई, बल्कि उन्होंने अपना पूरा जीवन इस देश के स्व को जगाने और स्वराज से सुशासन तक की यात्रा को आगे ले जाने का काम किया कारगिल युद्ध में एक-एक घुसपैठिए को खदेड़कर विजय प्राप्त करना, अटल जी के दृढ़ निश्चयी नेतृत्व का परिचायक है केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि देश में स्ट्रक्चर्ड इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव्स की शुरूआत गुजरात से हुई, जब श्री नरेन्द्र मोदी जी राज्य के मुख्यमंत्री थे। Vibrant Gujarat के नाम से इंडस्ट्रियल समिट को आयोजित करने की वैज्ञानिक शुरूआत मोदी जी ने की, जो काफी सफल हुआ और उससे गुजरात में निवेश भी आया। लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के संतुलित विकास के लिए क्षेत्रीय निवेश कॉनक्लेव की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी क्षेत्रों में निवेश संबंधी कार्यों की शुरूआत हुई है, जो अन्य राज्यों के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा। श्री शाह ने कहा कि आज जो 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, वह देखने में भले ही छोटा लगे, लेकिन किसी एक क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। किसी क्षेत्र की जनता के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि राज्य का संतुलित विकास नहीं होता, तो राज्य आगे नहीं बढ़ सकता, क्योंकि हर क्षेत्र में अपार संभावनाएँ छिपी होती हैं। उन्होंने कहा कि मालवा और चम्बल क्षेत्रों मेंकपास किसानों का बहुत पुराना उत्पाद रहा है, लेकिन उचित दाम नहीं मिलने के कारण कपास की खेती बहुत कम हो गई। अब पीएम मित्र पार्क के माध्यम से फिर से कपास मुनाफे की फसल बन गई है। श्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी विशेषता उसकी भौगोलिक स्थिति है। आधे भारत को यहाँ से बहुत कम परिवहन लागत से सप्लाई किया जा सकता है, लेकिन उसका शत-प्रतिशत दोहन तभी हो सकता है जब मध्य प्रदेश में उद्योग २८ीं३१ू''८ लगें। दक्षिणी राज्यों से सटे जिलों में, दिल्ली से सटे क्षेत्रों, जैसे ग्वालियर, में उद्योग लगे, पश्चिम से सटे क्षेत्रों, जैसे धार और झाबुआ में भी उद्योग लगे, तभी भौगोलिक स्थिति का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की क्षेत्रीय निवेश समिट ने राज्य के चहुँमुखी विकास की नींव डालने का काम किया है।
केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि यहाँ ग्वालियर से जुड़े 14 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन हुआ। विपक्षी पार्टी के नेताओं ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया, शिवराज सिंह जी ने वह तमगा हटाया, अब मोहन यादव जी प्रदेश को नई ऊर्जा से आगे बढ़ा रहे हैं। इससे मध्य प्रदेश निश्चित तौर पर विकसित राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में शानदार राजमार्ग बन चुके हैं, माँ नर्मदा का पानी अधिक से अधिक क्षेत्र में पहुंचाने का काम किया गया है, सिंचाई के रकबे में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है, और पंजाब एवं हरियाणा को पीछे छोड़ कर मध्य प्रदेश ने लगातार सात बार कृषि कर्मण अवार्ड जीतने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को विकास के पथ पर सही मायनों में आगे बढ़ाने का कार्य हमारी पार्टी ने किया है।
श्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति का शत-प्रतिशत दोहन करने के लिए इंदौर में एक मल्टी मॉडेल लॉजिस्टिक पार्क बनाया जा रहा है, जो उत्पादन में लगी देश भर की कंपनियों को अपना गोदाम या हब बनाने के लिए आकर्षित कर रहा है।

# डकैती की घटना करने वाले पारधी गिरोह को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## सस्ते सोने का लालच देकर ग्राहकों को बुलाया और चाकू की नोक पर साढ़े 8 लाख रु की डकैती को दिया अंजाम

**समाज जागरण कटनी**

फरियादिया बबीता डेहरिया पति नारायण डेहरिया उम्र 37 वर्ष नि. हडई थाना हर्रई जिला छिंदवाड़ा के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि इस साल रक्षाबंधन के समय कटनी में एक पारधी महिला रेल्वे स्टेशन के पास मिली थी जिससे सस्ते दाम में सोना देने की बात हुई थी। उस महिला से फोन पर लगातार बात होने लगी। फिर आज से करीब 20 दिन पहले मैं अपने भाई विशन लाल उईके के साथ मुड़वारा स्टेशन के पास उस महिला से मिली। पारधी महिला के साथ दो आदमी भी थे, जिन्होनें अपने पास से एक सोने की गिन्नी दिखाई जो हम लोग हाथ में लेकर देखे तो एकदम सोने जैसी लग रही थी। महिला बोली हमारे पास 07-08 किलो सोना है लेना है तो जल्दी पैसों की व्यवस्था कर लो नही तो किसी और को बेच देंगे। फिर हम लोग वापस अपने घर चले गए। सस्ता सोना खरीदने की बात अपने परिचितों से की तो सभी सोना खरीदने को राजी हो गए। फिर दिनांक 24.12.2025 को पारधी महिला का फोन आने पर मैं, विशन लाल उईके, विकास बंजारा, अनिल नायक व मुकेश सोनी नगद 08 लाख रुपए लेकर कार से कटनी आए। महिला ने हमें खरखरी स्कूल के पास का लोकेशन भेजा जो हम सभी कार से वहां पहुंचे। वहां पर 01 महिला और 03 पुरूष पहले से खड़े थे। उन्होनें बोला कि पहले पैसा दिखाओ तब सोना देगें। तब हमने भूरे रंग के बैग में रखे हुए 08 लाख रुपए उनको दिखाए, तभी वहां पर 01 पुरूष और 01 महिला और आ गए। उन सभी ने हमें घेर लिया और चाकू निकालकर गालियां देना शुरू कर दिए। उनमें से एक पारधी ने विकास बंजारा के गले में चाकू अड़ाकर रूपयों से भरा बैग छीन लिया और मुकेश व विकास का फोन छीनकर दो मोटर सायकल में चिल्लाते हुए यह कहकर भाग गए कि यहां दुबारा दिखे तो जान से खत्म कर देगें। हम सभी लोग बहुत ज्यादा डर गए। जिन्होनें हमारे साथ घटना घटित की है उन्हें देखकर पहचान लेगें। फरियादिया की रिपोर्ट पर अप. क्र. 1060/25 धारा 296 (ए), 318 (4), 311, 351 (3) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देने हेतु टीम बनाकर थाना प्रभारी कोतवाली, माधवनगर, रंगनाथनगर, रीठी एवं चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड को निर्देशित किया गया। टीमों के द्वारा तकनीकी मदद एवं पीड़ितों के बताए हुलिए अनुसार पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुए सरगर्मी से पता तलाश की गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बताए हुलिए के पारधी कैलवारा बायपास के पास दो मोटर सायकल से देखे गए है जिनके साथ दो महिलाएं भी है। सूचना पर तत्काल सभी टीमों ने घेराबंदी करते हुए 04 पुरूष व 02 महिलाओं को मोटर सायकल समेत पकड़ा गया। जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर खरखरी के पास चाकू की नोक पर 08 लाख रुपए की डकैती करने की घटना को स्वीकार किया गया। सभी आरोपियों के कब्जे में अलग-अलग डकैती की पूरी रकम 08 लाख रुपए मय बैग के जप्त की गई है।

**पकड़े गए आरोपियों के नाम व पता व उनसे बरामद राशि -**

बुश लाल पारधी पिता हर प्रसाद पारधी उम्र 32 वर्ष नि. बिरूहली थाना रीठी जिला कटनी बरामदगी 1.50 लाख रू नगद व 01 चाकू, 01 मोबाईल फोन,बाबू सिंह पिता लक्ष्मण सिंह पारधी उम्र 23 वर्ष नि. बिरूहली थाना रीठी जिला कटनी- बरामदगी 1.50 लाख रू नगद, 01 चाकू व घटना में प्रयुक्त मो.सा. होण्डा हारनेट क्र. एम.पी 21 जेडएच 9426 की. 1.20 लाख, 01 मोबाईल फोन,ग्यारह बाबू पारधी पिता लक्ष्मण सिंह पारधी उम्र 23 वर्ष नि. बिरूहली थाना रीठी जिला कटनी बरामदगी 1.50 लाख रू. 01 चाकू व घटना में प्रयुक्त मो.सा. होण्डा लीवो क्र. एम.पी 21 एमए 9785 की. 01 लाख रू नगद, 01 मोबाईल फोन,सरीना उर्फ सहरीना पति बुश लाल पारधी उम्र 25 वर्ष नि. बिरूहली थाना रीठी जिला कटनी बरामदगी 01 लाख रुपए नगद, 01 पोटली में सोने जैसी धातु की गिन्नीयां वजनी करीब 250 ग्राम, 01 मोबाईल फोन, बली उर्फ बल्ली पिता बदरू वारण्ट पारधी उम्र 37 वर्ष नि. ग्राम देवरी थाना बीजाडांडी जिला मण्डला- बरामदगी 1.50 लाख रू नगद व 01 चाकू, 01 मोबाईल फोन, लोंगचाई उर्फ लोंगा बाई पति बली उर्फ बल्ली उम्र 32 वर्ष नि. बिरूहली थाना रीठी जिला कटनी- बरामदगी 01 लाख रू नगद, 01 मोबाईल फोन

**कुल बरामदगी-**

डकैती की गई कुल रकम नगद 08 लाख रुपए घटना में प्रयुक्त 04 चाकू,घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल 02 कीमती 02 लाख 20 हजार रू मोबाईल फोन 06 कीमती 125000 रू बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका - पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्व कर्मा ( भा.पु.से.) के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक श्री डा. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय व उनकी टीम (सउनि. विजय गिरी, प्र.आर. वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र तिवारी, आर. अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, मंसूर हुसैन, दिनेश चंद सेन, अजीत सिंह), थाना प्रभारी माधवनगर निरीक्षक संजय दुबे व उनकी टीम (उनि. नवीन नामदेव, प्र.आर. मणि बागरी,) थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उनि. अरूणपाल सिंह व उनकी टीम (प्र.आर. अर्जुन तिवारी आर. वीरेन्द्र दहायत, रोहित झारिया), चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उनि. सिद्धार्थ राय व उनकी टीम (सउनि. दीपेन्द्र शर्मा, सुशील पाण्डेय, मनोज पटेल, अनमोल सिंह, सतेन्द्र पटेल, मनु त्रिपाठी) एवं थाना रीठी से प्र.आर. अजय मेहरा एवं आर. नीतेश दुबे की अहम भूमिका रही

# वीर बाल दिवस धर्म, साहस और न्याय की रक्षा का प्रतीक

### विद्यालयों में मनाया गया वीर बाल दिवस, आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**समाज जागरण**




शहडोल :- संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल के निदेर्शानुसार महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर शहडोल जिले के विद्यालयों एवं ऑगनवाड़ी केंद्रो में वीर बल दिवस मनाया गया एवं वीर बाल दिवस के इतिहास पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वीर बाल दिसव के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल भर्री, माध्यमिक शाला बरहाई,नंदना एवं श्यामडीह खुर्द में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्री राकेश खरे वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वीर बाल दिवस श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्भुत साहस, त्याग और बलिदान को याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने साल 2022 में ये घोषणा की थी कि हर साल 26 दिसंबर को इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा ताकि राष्ट्रीय युवा पीढ़ी साहिबजादों की वीर गाथा से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस धर्म, साहस और न्याय की रक्षा का प्रतीक है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा ने बताया कि वीर बाल दिवस की जड़ें सिख इतिहास के 17वीं सदी में हैं जब गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों पुत्रों साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह मुगल शासन के अत्याचार के खिलाफ दृढ़ता से डटे रहे। इस दिन विशेष रूप से छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और बाबा फतेह सिंह (7 वर्ष) की शहादत को याद किया जाता है। मुगल शासक औरंगजेब के समय गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों और पहाड़ी राजाओं के साथ संघर्ष कर रहे थे। आनंदपुर साहिब की घेराबंदी के बाद उनका परिवार अलग हो गया। तब बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह (18 वर्ष) और बाबा जुझार सिंह (14 वर्ष) चमकौर की लड़ाई में शहीद हुए। वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने चारों साहिबजादों के साहस, त्याग और धर्मनिष्ठा के आदर्शों का स्मरण भी किया। वीर बाल दिवस पर आधारित विद्यार्थियो के मध्य रंगोली प्रति योगिता,चित्रकला-विवाद प्रतियोगिता, कुर्सी दौड का आयोजन कर विजेताओ को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लाईव प्रसारण दिखाया गया ।

इसी प्रकार शासकीय विशिष्ट बालक क्रीडा परिसर विचारपुर में गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूतों जोरावार सिंह,फतेह सिंह,जुझार सिंह एवं अजीत सिंह के नाम पर टीम गठित कर बालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं शासकीय बालिका सम्प्रेक्षण गृह एवं शिवालय शिशुगृह में भी वीर बाल दिवस मनाते हुये गतिविधिया आयोजित की गई।

कार्यक्रम में सहायक संचालक श्री जयन्त प्रताप सिंह,स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# प्रणाम, परिक्रमा और फिर चोरी: भक्त बनकर आया बदमाश, भगवान के मुकुट ले उड़ा

**समाज जागरण शहडोल।**

संभागीय मुख्यालय शहडोल में आस्था को झकझोर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी स्थित भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर से अज्ञात बदमाश ने भगवान के तीन छोटे और तीन बड़े चांदी के मुकुट चोरी कर लिए। यह घटना संध्या आरती के कुछ ही देर बाद की बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें बदमाश का तरीका लोगों को स्तब्ध कर रहा है। जूते उतारे, प्रणाम किया, परिक्रमा की... फिर आस्था पर वार सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आता है कि बदमाश मंदिर परिसर में प्रवेश करता है, जूते-चप्पल बाहर उतारता है, भगवान को प्रणाम करता है, प्रतिमा की परिक्रमा करता है और इसके बाद बड़ी सहजता से भगवान के चांदी के मुकुट उतारकर फरार हो जाता है। यह दृश्य न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी दिखाता है कि चोर ने भक्त का भेष धरकर आस्था का फायदा उठाया। तीन लाख की चोरी, मंदिर समिति स्तब्ध मंदिर से चोरी किए गए मुकुटों की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये आंकी गई है। मंदिर समिति और श्रद्धालु इस घटना से आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि जिस स्थान को आस्था और विश्वास का केंद्र माना जाता है, वहीं इस तरह की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीसीटीवी में कैद अनूठी




वारदात, शहर में चर्चा यह चोरी अपने आप में इसलिए भी अनूठी है क्योंकि बदमाश ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही किसी तरह की तोड़फोड़ की। पूरा घटनाक्रम शांत और योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। इसी कारण यह वीडियो सोशल चर्चा का विषय बन गया है– लोग पूछ रहे हैं कि क्या अब भगवान भी सुरक्षित नहीं? संभागीय मुख्यालय में भी नहीं बचे देवालय घटना ने यह चिंता और गहरी कर दी है कि संभागीय मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण शहर में भी मंदिरों की सुरक्षा कितनी कमजोर है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि भगवान के मंदिर में भी बदमाश बेखौफ होकर वारदात कर सकते हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या भरोसा? पुलिस मौके पर, जल्द गिरफ्तारी का दावा घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि बदमाश की आवाजाही का पूरा ट्रेल मिल सके। आस्था पर चोट या व्यवस्था की चूक? प्रणाम और परिक्रमा के बाद चोरी की यह वारदात केवल एक अपराध नहीं, बल्कि आस्था पर सीधा आघात है। अब सवाल यह है कि क्या भक्त के वेश में आने वाले बदमाशों से देवालयों को बचाने के लिए सुरक्षा के नए मानक तय होंगे, या फिर ऐसी घटनाएं यूं ही लोगों की आस्था को छलती रहेंगी।

# ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने कराया जर्जर खड़ंजा मार्ग दुरुस्त, लोगों को मिली बड़ी राहत

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ मोहन लालगंज विकासखंड क्षेत्र में चौमुखी विकास को लेकर पहचान बना चुके ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने एक बार फिर जनहित में सराहनीय कार्य कर क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया है। कई वर्षों से मदनखेड़ा से सुखना खेड़ा तक नहर की पटरी पर स्थित लगभग नौ सौ मीटर लंबा खड़ंजा मार्ग जर्जर हालत में पड़ा हुआ था, जिससे राहगीरों, व्यापारियों और ग्रामीणों को आवा



गमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने मार्ग की मरम्मत कराई। सड़क दुरुस्त होने के बाद जहां एक ओर दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों व्यापारियों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। मार्ग की मरम्मत होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने कहा कि जनता के हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वे हमेशा से जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास तथा जनता की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। वहीं पंचायत सदस्य मनोज कुमार कश्यप ने ब्लॉक प्रमुख के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मदनखेड़ा से सुखना खेड़ा तक जर्जर पड़े खड़ंजा मार्ग की मरम्मत कराकर ब्लॉक प्रमुख ने सराहनीय पहल की है। इस कार्य से न केवल स्थानीय व्यापारियों को लाभ मिला है, बल्कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिली है।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस तरह के जनहितकारी कार्यों से ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला आम जनता के सच्चे हमदर्द के रूप में उभरकर सामने आए

# मोहनलालगंज में विशेष ग्राम सभाओं के जरिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार योजना की जानकारी

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के निर्देश पर विशेष ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं मनरेगा श्रमिकों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी के बारे में जागरूक करना रहा।विशेष ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिकों, महिला समूहों और ग्रामीणों ने सहभागिता की। बैठकों के दौरान योजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली,





रोजगार के नए अवसरों, ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में इसके महत्व तथा मनरेगा के स्थान पर लागू किए जा रहे नए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।अधिकारियों ने सरल और सहज भाषा में ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया, जिससे ग्रामीण योजना कोभली-भांति समझ सकें। ग्राम सभाओं में संबंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवक सक्रिय रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि वीबी जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ आजीविका के स्थायी साधन विकसित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी उदय राज शर्मा ने बताया कि विकासखंड मोहनलालगंज के सभी गांवों में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक ग्रामीण और श्रमिक को योजना की संपूर्ण जानकारी मिले और वे भविष्य में इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं से जुड़ी जानकारी समय-समय पर पंचायत स्तर से प्राप्त करते रहें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। ग्राम सभा बैठकों में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और रोजगार व आजीविका से जुड़े सवाल रखे, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।

# जिला जीपीएम में 14 नव पदस्थ आरक्षकों को कराया गया ज्वाइनिंग

**समाज जागरण**

गौरेला। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्री एस आर भगत के द्वारा नव पदस्थ 14 आरक्षकों को विधिवत ज्वाइनिंग कराई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल एव कार्यालयीन स्टाफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ज्वाइनिंग के दौरान अधिकारियों द्वारा सभी आर क्षकों को पुलिस सेवा के दायित्वों, आचरण संहिता तथा जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अनुशासन, समयपालन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। अधि कारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त आरक्षक कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं आम जनता की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

ज्वाइनिंग के बाद सभी आरक्षकों को उनके कार्य के संबंध में अवगत कराया गया।

# शहडोल की बेटी दीशी त्रिपाठी का 19 वर्ष बालिका बास्केटबॉल की मध्यप्रदेश टीम में चयन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले की बेटी दीशी त्रिपाठी का मध्यप्रदेश की 19 वर्ष बास्केटबाल टीम में चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंदसौर जिले के सीता मऊ में नम्बर माह में आयोजित की गई थी। जिसमें शहडोल संभाग की टीम क्वाटर फाइनल में पहुंची थी। प्रतियोगिता में इनके अच्छे खेल प्रदर्शन को देखते हुए इनका चयन प्रदेश की 19 वर्ष तक की बास्केटबाल टीम में किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश की टीम का प्री नेशनल कोचिंग कैम्प 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक मंदसौर जिले के सीता मऊ में आयोजित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात दीशी त्रिपाठी 02 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक बाड़मेर



राजस्थान में आयोजित 19 वर्ष बालिका राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। बास्केटबाल के राष्ट्रीय कोच केके श्रीवास्तव ने बताया कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बास्केटबाल खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें लगातार सफलता भी मिल रही है। 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक आयोजित 14 वर्ष बालिका राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता जो संभागीय मुख्यालय शहडोल में आयोजित की गई थी। जिसमें शहडोल जिला मुख्यालय के 4 खिलाड़ियों क्रमशः अनुष्का कारंगले, कुमारी आराध्या द्विवेदी, कुमारी कृपा गुप्ता, तथा पावनी तिवारी, ने मध्यप्रदेश की टीम में अपना स्थान बनाया था। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ था। जिला बास्केटबाल संघ द्वारा विगत 32 वर्षों से गांधी स्टेडियम शहडोल में राष्ट्रीय कोच केके श्रीवास्तव द्वारा जिले के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# डेड रेंट जमा नहीं कराने पर चार मार्बल खदानों के निरस्तगी प्रस्ताव प्रेषित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी ।जिले में संचालित मार्बल खदानों में पिछले वर्षो से मृतकर (डेड रेंट) समय-सीमा में भुगतान नहीं करने पर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा कड़ी कार्यवाही कर चार खदानों को निरस्त करने का प्रस्ताव संचालक खनिज प्रशासन भोपाल को भेजा गया है। इसके साथ ही वर्तमान में डेड रेंट नहीं जमा कराने वाले सभी खदान धारको को भी नोटिस जारी किया गया है ।यदि आगामी समय-सीमा में अनिवार्य किराया जमा नहीं किया जाता तो इन पर भी कठोर कार्यवाही की जाएगी ।खनिज अमले को अन्य देय कर जमा नहीं कराने वालों की सूची तैयार कर प्रदर्शित करने संबंधी निर्देश भी कलेक्टर ने दिए है । रेत खदानों में पहुँच मार्ग को किया नष्ट खनिज और राजस्व विभाग द्वारा रेत खदानों की जांच की गई। जिसमे बरही तहसील अंतर्गत रेत खदानों में चिन्हित किए गए अस्थाई रैम्प और मार्गो के विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई । जिसमे पिपरिया कला, खिरहनी और बहिरघटा ग्रामों में खदान जाने वाले कच्चे अस्थाई रास्तों को जेसीबी मशीनो से ट्रेंच कराकर अवरुद्ध किया गया। साथ ही घाट के ऊपर संग्रहित रेत को भी जब्त किया गया।इसके अलावा संयुक्त दल द्वारा रेत के पूर्व में स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति का भी मुआयना किया गया ।आगामी समय में जिले की अन्य तहसीलों में स्वीकृत रही खदानों में भी निरंतर कार्यवाही की जाएगी ।

# अज्ञात कारणों से युवती ने फांसी लगाकर दी जान,जांच में जुटी पुलिस......

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम कुबहरा में गुरुवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जहां वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुबहरा निवासी अंजू पुत्री रामचरण घर पर ही रहती थी। गुरुवार को उसके पिता रामचरण व माता खेत पर काम करने गए हुए थे। दोपहर करीब तीन बजे अंजू का भाई आशीष जब घर लौटा तो उसने अपनी बहन को कमरे के बाहर गैलरी में फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखते ही उसके होश उड़ गए। आशीष ने तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही 112 डायल के माध्यम से नगराम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार ग्राम कुबहरा थाना नगराम जनपद लखनऊ में अंजू पुत्री रामचरण द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर उपनिरीक्षक रजनीश कुमार हमराही कांस्टेबल संजय कुमार एवं महिला कांस्टेबल अवनीशा यादव के साथ आवश्यक अभिलेख व शव किट लेकर मौके पर पहुंचे।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि एक बंद कमरे में युवती का शव छत में बने जाल में बंधी रस्सी के सहारे लटका हुआ था। शव को परिजनों एवं महिला कांस्टेबल की सहायता से नीचे उतारकर विधिवत वीडियो ग्राफी व फोटोग्राफी कराई गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों में से पंच नियुक्त कर।पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के उपरांत शव को शव किट में रखवाकर कांस्टेबल संजय कुमार व महिला कांस्टेबल अवनीशा यादव की सुपुर्दगी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजनों की ओर से किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है।नगराम पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# मोबिल ऑयल ने कानपुर में एक दर्जन राहगीरों को पहुंचाया अस्पताल : तीन गम्भीर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज यहां शुक्रवार की सुबह किसी अज्ञात वाहन से नेशनल हाईवे पर फैलाए गये मोबिल ऑयल ने एक दर्जन को अस्पताल पहुंचा दिया। आज सुबह यह घटना सचेंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौती नेशनल हाईवे पर हुई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। फिर भी रफ्तार में सड़क पर फैले हुए मोबाइल मिल की वजह सेलगभग एक दर्जन राज वीरों को अस्पताल पहुंचा दिया जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के मुताबिक किया घटना अज्ञात वाहन से बीच हाईवे पर मोबिल ऑयल गिर जाने के कारण हुई जिसके फल स्वरुप देखते ही देखते बाइक सवारों



के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की कई बार सूचना दी गई, लेकिन शुरूआती समय में पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे घायलों की संख्या बढ़ती गई। एक किमी तक फैला तेल, लगा भीषण जाम अज्ञात वाहन से गिरा तेल लगभग एक किलोमीटर के दायरे में फैल गया, जिसके बाद हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। बाद मे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए फिसलन कम करने के लिए सड़क पर भूसी और मिट्टी डलवाई है। साथ ही सड़क पर फैलाने वाले वाहन की भी तलाश में जुटी हुई है।

# निगोहां के कुशमौरा गांव में जर्जर खंडजे मार्ग को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, निगोहा विकास खण्ड मोहनलालगंज के निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव से लगभग आठ सौ मीटर लंबे खंडजे मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों व स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पिछले करीब 25 वर्षों से पूरी तरह जर्जर हालत में है, जबकि इसी रास्ते से गांव के लोगों और व्यापारियों का चौबीस घंटे दैनिक आवागमन बना रहता है।ग्रामीणों ने एकजुट होकर बताया कि मार्ग में जगह-जगह गड्ढे, उखड़े पत्थर और कीचड़ जमा रहने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। हर दूसरे दिन कोई न कोई बाइक सवार या साइकिल सवार फिसलकर गिर जाता है, जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। इसके बावजूद अब तक इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है और न ही ग्राम प्रधान की ओर से सड़क निर्माण की कोई ठोस पहल की गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही जर्जर रास्ते का निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले समय में सभी ग्रामीण मिलकर चुनाव में वोट बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान बीडीसी पंचायत सदस्य मनोज कुमार कश्यप सहित अरविंद शर्मा, प्रवेश कुमार शर्मा, धीरेंद्र अवस्थी, अवधेश अवस्थी, चंद्र किशोर द्विवेदी, नन्हा पाल, मोनू प्रजापति, शिवम शर्मा, गंगा विशून शर्मा, सूर्य नारायण प्रजापति, माता प्रसाद साहू समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि जनहित को देखते हुए तत्काल इस मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाई जा सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।